

आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791



वर्ष : 3, अंक : 151 रांची, शुक्रवार, 15 मई, 2026 (ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष 14, संवत 2083) पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये, email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com


## संक्षिप्त

### देश के कई हिस्सों में तापमान 40 के पार, 16 राज्यों में हो सकती है बारिश

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में एक बार फिर गर्मी बढ़ गई है। देश की राजधानी दिल्ली से लेकर मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल तक तापमान 40 के पार पहुंच गया है। इस बीच मौसम विभाग ने 16 राज्यों के लिए राहत वाली खबर दी है। दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान जैसे राज्यों में तेज हवाओं, गरज-चमक और बारिश का दौर शुरू हो सकता है। कई इलाकों में 50 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने की संभावना है। इस बार मॉनसून से पहले ही प्री-मानसून गतिविधियां काफी मजबूत दिखाई दे रही हैं। दक्षिण बंगाल की खाड़ी और अंडमान निकोबार क्षेत्र में मॉनसून की शुरूआती हलचल ने दक्षिण भारत के मौसम को तेजी से बदला है। केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक के कई हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

### राहुल गांधी की आय से अधिक संपत्ति मामले में हाईकोर्ट सख्त सीबीआई-ईडी से मांगा जवाब

**लखनऊ।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर आय से अधिक संपत्ति मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सीबीआई, ईडी और एसएफआईओ सहित अन्य केंद्रीय एजेंसियों से जवाब तलब किया है। बीजेपी नेता एस विग्नेश शिशिर ने याचिका दाखिल कर निष्पक्ष जांच की मांग की है। अब इस मामले में अगली सुनवाई 20 जुलाई को होगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान सभी पक्षकारों को जवाब दाखिल करने के लिए आठ सप्ताह का समय दिया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई 20 जुलाई को तय की है। याचिकाकर्ता एस. विग्नेश शिशिर ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपनी ज्ञात आय के स्रोतों से अधिक संपत्ति जमा की है। उन्होंने कोर्ट से इन आरोपों की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है। इसके बाद हाईकोर्ट ने याचिका पर सुनवाई कर सीबीआई, ईडी और एसएफआईओ को नोटिस जारी कर मामले में अपनी स्थिति स्पष्ट करने को कह दिया है। इस मामले में केंद्र सरकार की भूमिका को भी इलाहाबाद हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण माना है।

### मणिपुर में पांच उग्रवादी गिरफ्तार, अवैध शराब जब्त

**इंफाल।** मणिपुर में उग्रवादियों और मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस एवं सुरक्षा बलों का अभियान लगातार जारी है। बीते 24 घंटों के दौरान राज्य के अलग-अलग हिस्सों में चलाए गए अभियानों में सुरक्षा बलों ने कई उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। मणिपुर पुलिस मुख्यालय द्वारा गुरुवार को जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, इंफाल पश्चिम जिले में केसीपी (पीडब्ल्यूजी) संगठन के संस्थापक समेत कुल पांच कैडरों को गिरफ्तार किया गया। वहीं, यूएनएलएफ (पी) के एक कैडर को भी हिरासत में लिया गया है। इसके अलावा 13 मई को इंफाल पश्चिम जिले के लामसांग थाना क्षेत्र अंतर्गत लामसांग बाजार से ट्रोंगलाओबी अवांग लीकाई निवासी मुतुम इनाओ सिंह (30) को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से 250 लीटर देसी शराब और एक ईको वैन (डब्ल्यूबी-22 यू-4023) जब्त की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## झारखंड में अनाधिकृत भवनों के नियमितीकरण का ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च

# जी प्लस टू और 300 वर्गफीट से कम में बने मकानों का होगा नियमितीकरण

प्रातः नागपुरी संवाददाता




**रांची।** नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन से झारखंड अनाधिकृत निर्मित भवन नियमितीकरण नियमावली,2026 के ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ किया । इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि यह योजना उन लोगों के लिए राहत है जिन्होंने बिना नक्शा पास कराए मकान बना लिए हैं। अब लोग पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर अपना मकान नियमित करा सकेंगे। सुदिव्य कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की प्रबल इच्छाशक्ति थी कि राज्य के लोगों को राहत देते हुए अनियमित मकानों को नियमितीकरण करने का एक मौका जरूर दिया जाना चाहिए। इसी के मद्देनजर नगर विकास विभाग ने बड़े कठिन और अथक प्रयासों के बाद यह योजना तैयार हुई है और अब ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ हो गया है। लोग अब पोर्टल के माध्यम से अपने मकानों के नियमितीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे और अपने मकानों को नियमित करा सकेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता का समर्थन और सहयोग जरूरी है ताकि इस योजना को सफल बनाया जा सके।

### सरकार की नीतियों का अनुपालन में जनता की भागीदारी महत्वपूर्ण : मंत्री

**मंत्री** ने कहा कि सरकार की नीतियों का अनुपालन में जनता की भागीदारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भवन नियमितीकरण का उद्देश्य अनियमितीकरण को बढ़ावा देना नहीं है बल्कि जो लोग बिना नक्शा और मास्टर प्लान के अपना मकान बना लिए है ये उन लोगों के लिए एक मौका है। सरकार ने नियमितीकरण नियमावली को बहुत ही सरल और लिबरल बनाया है और नियमित करने में लगने वाली राशि को भी तीन किस्तों में भुगतान का प्रावधान कर लोगों को राहत देने का काम किया है। इसके उद्देश्य को पूरा करना हम सब की जवाबदेही है। प्रधान सचिव सुनील कुमार ने कहा कि सरकार नगरीय क्षेत्रों के विकास को गंभीरता से ले रही है। शहर की सूरत बदल रही है। इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर दिया जा रहा है । रांची में 3 फ्लाइओवर बन कर तैयार हैं, सिरमटोली कनेक्टिंग फ्लाइओवर भी ऑनगोइंग है । अरगोड़ा , करमटोली और हरमू 3 नए फ्लाइओवर की स्वीकृति मिल चुकी है। जमशेदपुर और धनबाद में भी फ्लाईओवर बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का निदेश है कि शहरीकरण अव्यवस्थित ढंग से ना हो।

# झारखंड में 30 जून से शुरू होगा विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान

## 30 मई से 23 दिसंबर तक चलेगी पूरी प्रक्रिया, देशभर में 36.73 करोड़ मतदाताओं का होगा सत्यापन

**20 जून से 29 जून तक तैयारी, प्रशिक्षण और आवश्यक सामग्री की छपाई का किया जाएगा कार्य**


**30 जून से बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे शुरू**

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**नई दिल्ली/रांची।** चुनाव आयोग ने गुरुवार को झारखंड, हरियाणा, उत्तराखंड, दिल्ली समेत 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) अभियान चलाने की घोषणा की है। यह एसआइआर का तीसरा चरण होगा। पूरी प्रक्रिया 30 मई से 23 दिसंबर तक चलेगी, जिसके तहत देशभर में 36.73 करोड़ मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा।

चुनाव आयोग के अनुसार, झारखंड में एसआइआर की प्रक्रिया 20 जून से शुरू होगी। 20 जून से 29 जून तक तैयारी, प्रशिक्षण और आवश्यक सामग्री की छपाई का कार्य किया जाएगा। इसके बाद 30 जून से बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन शुरू करेंगे। यह कार्य 29 जुलाई तक पूरा किया जाएगा। आयोग ने बताया कि मतदान केंद्रों का आवंटन और निर्धारण भी 29 जुलाई तक कर लिया जाएगा। 5 अगस्त को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट प्रकाशित की जाएगी। इसके बाद 4 सितंबर तक दावे और आपत्तियां दर्ज कराई जा सकेंगी। दावे-आपत्तियों के निपटारे की प्रक्रिया 5 अगस्त से 3 अक्टूबर तक चलेगी। अंतिम मतदाता सूची 7 अक्टूबर को जारी की जाएगी।

### झारखंड में 29,571 बीएलओ और 21,644 बीएलए मतदाताओं का करेंगे सत्यापन



**चुनाव** आयोग के मुताबिक, झारखंड में कुल 29,571 बीएलओ और 21,644 बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) दो करोड़ 64 लाख 89 हजार 777 मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। आयोग ने बताया कि तीसरे चरण के एसआइआर अभियान के बाद हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को छोड़कर पूरे देश में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। इन तीन क्षेत्रों में खराब मौसम और जनगणना संबंधी कारणों से कार्यक्रम की घोषणा बाद में की जाएगी। गौरतलब है कि एसआइआर के पहले और दूसरे चरण में 10 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों को शामिल किया गया था।

### जिन लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हट गए, वे राशन और पेंशन के पात्र नहीं


**नई दिल्ली। चुनाव** आयोग की स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) पहल, जो मूल रूप से वोटर लिस्ट को शुद्ध करने के लिए शुरू की गई थी, अब पश्चिम बंगाल और बिहार में सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के लिए एक बड़े फिल्टर के रूप में उभर रही है। दोनों राज्यों की सरकारों ने साफ कर दिया है कि जिन लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए गए हैं, वे अब राशन और पेंशन जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के पात्र नहीं रहेंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पश्चिम बंगाल में सीएम सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व में बीजेपी की पहली सरकार बनने के कुछ ही दिनों बाद, प्रशासन ने संकेत दिया कि जिन लोगों के नाम एसआईआर प्रक्रिया के दौरान हटा दिए गए थे, वे कई सरकारी वेलफेयर स्कीम के लिए पात्र नहीं होंगे।

## केरल को मिला नया नेतृत्व, वीडी सतीशन होंगे राज्य के अगले मुख्यमंत्री

**कांग्रेस हाईकमान ने लंबे विचार-विमर्श के बाद लिया फैसला**

**यूडीएफ की जीत के प्रमुख रणनीतिकार रहे सतीशन**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केरल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस नीत यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) की शानदार जीत के बाद मुख्यमंत्री पद को लेकर चल रहा सस्पेंस आखिरकार खत्म हो गया। कांग्रेस ने गुरुवार को वरिष्ठ नेता वीडी सतीशन को केरल का नया मुख्यमंत्री घोषित कर दिया। दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं मुकुल वासनिक, दीपा दास मुंशी और अजय माकन ने इस फैसले की औपचारिक घोषणा की।

मुख्यमंत्री पद की दौड़ में वीडी सतीशन और कांग्रेस संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल के बीच कड़ा मुकाबला माना जा रहा था। करीब 10 दिनों तक चली चर्चा और सहयोगी दलों से विचार-विमर्श के बाद कांग्रेस नेतृत्व ने सतीशन के नाम पर मुहर लगाई। बताया जा रहा है कि इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) सहित यूडीएफ के कई सहयोगी दलों ने भी सतीशन के पक्ष में खुलकर समर्थन दिया। वीडी सतीशन को 2026 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की वापसी का मुख्य चेहरा माना जा रहा है।

उन्होंने चुनाव अभियान के दौरान वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और मुख्यमंत्री पिनारयी विजयन के खिलाफ आक्रामक रणनीति अपनाई। पिछले पांच वर्षों में विपक्ष के नेता के रूप में सतीशन ने विभिन्न जन मुद्दों को लेकर सड़क से लेकर विधानसभा तक सरकार को घेरने में अहम भूमिका निभाई। कोच्चि के पास एनार्कुलम जिले के नेट्टूर में 31 मई 1964 को जन्मे वीडी सतीशन का परिवार लंबे समय से कांग्रेस विचारधारा से जुड़ा रहा है।

## मंत्री ने ओलावृष्टि पर डीसी से तीन दिनों में मांगी रिपोर्ट

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड में हालिया बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान को लेकर आपदा प्रबंधन मंत्री इरफान अंसारी ने गुरूवार को सभी जिलों के उपायुक्तों से दिनों के भीतर स्थल निरीक्षण कर क्षति रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य के कई जिलों में आम, लीची, तरबूज, खरबूज, सब्जी, मक्का और दलहन की फसलें प्रभावित हुई हैं। खेतों में तैयार फसलों और फलदार पेड़ों को भी व्यापक नुकसान पहुंचा है। ऐसे में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर अविलंब राहत कार्य को तेज करें। मंत्री ने सभी उपायुक्तों को



संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने, राहत कार्यों की नियमित समीक्षा करने और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। विभागीय आंकडों के अनुसार सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए आपदा राहत मद में 100 करोड़ रुपये आवंटित करने का प्रस्ताव रखा है।

## जेल से बाहर आए पूर्व मंत्री आलमगीर आलम

**कांग्रेस नेताओं ने किया स्वागत**

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** टेंडर कमीशन घोटाला के आरोप में जेल में बंद पूर्व मंत्री आलमगीर आलम गुरुवार को जेल से बाहर आ गए। उच्चतम न्यायालय से उनकी जमानत याचिका मंजूर होने के बाद चौथे दिन पीएमएलए कोर्ट में न्यायिक प्रक्रिया पूरी होते ही वे जेल से बाहर निकले। रांची के बिरसा मुंडा कारा में बंद आलमगीर को लेने उनकी पत्नी सह विधायक निशात आलम और पोता पहुंचे थे। इससे पहले पीएमएलए की विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत में उनके अधिवक्ता ने बेल बॉन्ड की राशि एक-एक लाख के दो निजी मुचलके को भरा था। इसके बाद अदालत ने आलमगीर आलम को नियमित जमानत दी।

रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा से आलमगीर आलम के बाहर निकलने की खबर के बाद बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता जेल के बाहर जमा हो गए। यही स्थिति उनके एचईसी स्थित सरकारी आवास के पास भी दिखी। पाकुड़ की विधायक और आलमगीर आलम की पत्नी निशात आलम, अपने पुत्र और पोते के साथ जेल पहुंचीं। जमानत पर रिहाई की सारी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आलमगीर आलम ने सबसे पहले अपने पोते को दुलारा, इस बीच उनके समर्थक नारा लगाते नजर आए। विधायक पत्नी निशात आलम के सरकारी आवास पर आलमगीर आलम के पहुंचते ही उनके समर्थकों में उनकी एक झलक पाने के लिए बेताबी दिखी।

## होर्मुज संकट गहराया : गुजरात का एक और मालवाहक जहाज डूबा

**ड्रोन या मिसाइल हमले की आशंका, सभी 14 क्रू मेंबर सुरक्षित बचाए गए**

एजेंसी

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन।** ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के बीच होर्मुज स्ट्रेट में गुजरात का एक और मालवाहक जहाज हादसे का शिकार हो गया। ह्महाजी अलीह्ल नामक मालवाहक जहाज 13 मई की सुबह ओमान के समुद्री क्षेत्र से गुजर रहा था, तभी उससे किसी ड्रोन या मिसाइल जैसे हथियार के टकराने की आशंका जताई गई। टक्कर के बाद जहाज में भीषण आग लग गई और बाद में वह समुद्र में डूब गया। हालांकि, राहत की बात यह रही कि ओमान कोस्टगार्ड ने जहाज पर सवार सभी 14 क्रू मेंबर को सुरक्षित बचा लिया। घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता और बढ़ा दी गई है। गौरतलब है कि इससे पहले 7 मई को भी होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहा गुजरात के द्वारका का मालवाहक जहाज एसएसवी अल फैज नूरे सुलेमानी-1 अमेरिका और ईरान की नौसेनाओं के बीच हुई फायरिंग की चपेट में आ गया था। लगातार हो रही इन घटनाओं ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

## भविष्य की चुनौतियों को साधने की तैयारी, सेना-नौसेना के बीच अहम समझौता

### भारतीय सशस्त्र बलों में संयुक्तता, एकीकरण और बेहतर तालमेल स्थापित करने की दिशा में होगा मील का पत्थर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना और नौसेना ने देश की सुरक्षा को अभूतपूर्व मजबूती देने के लिए एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। गुरुवार को नई दिल्ली में हुए संबद्धता समझौता ज्ञापन (मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन ऑन अफिलिएशन) का उद्देश्य दोनों सेनाओं के बीच गहरे तालमेल, आपसी समझ और संयुक्त कार्यप्रणाली को बढ़ावा देना है, विशेषकर भविष्य के जटिल युद्ध स्वरूपों और सुरक्षा चुनौतियों के मद्देनजर। यह कदम भारतीय सशस्त्र बलों में संयुक्तता, एकीकरण और बेहतर तालमेल स्थापित करने की दिशा में एक मील का पत्थर माना जा रहा है।



समझौते के तहत, सेना और नौसेना की विभिन्न संरचनाओं, रेजीमेंटों, संस्थानों और युद्धपोतों के बीच संस्थागत सहयोग को औपचारिक रूप दिया जाएगा। इसके माध्यम से दोनों सेवाओं के अधिकारियों व जवानों को एक-दूसरे की कार्यप्रणाली, प्रशिक्षण व्यवस्था और जिम्मेदारियों को करीब से समझने का अवसर मिलेगा। संयुक्त गतिविधियों, पेशेवर आदान-प्रदान और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे परिचालन समन्वय और दीर्घकालिक पेशेवर संबंध मजबूत होगा। ऑपरेशन सिंदूर जैसी सफलताओं ने पहले ही यह साबित कर दिया है कि भविष्य के अभियानों में तीनों सेनाओं का समन्वित संचालन कितना महत्वपूर्ण है, और यह समझौता उसी दिशा में एक ठोस कदम है। इस अहम समझौता ज्ञापन पर भारतीय सेना की ओर से एडजुटेंट जनरल लेफ्टिनेंट जनरल वीपीएस कौशिक और भारतीय नौसेना की ओर से चीफ ऑफ पर्सोनल वाइस एडमिरल गुरचरण सिंह ने हस्ताक्षर किए। इस मौके पर सेना के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ और नौसेना के उप प्रमुख वाइस एडमिरल संजय वात्सायन भी उपस्थित थे।

## ऊर्जा आपूर्ति, खाद्य सुरक्षा और स्वास्थ्य सुरक्षा में महत्वपूर्ण मंच साबित हो सकता हैं ब्रिक्स

**विदेश मंत्री जयशंकर ने ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक को संबोधित किया**

एजेंसी



**नई दिल्ली। भारतीय** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक को संबोधित कर महत्वपूर्ण बयान दिया, जिसमें उन्होंने वैश्विक चुनौतियों के प्रति भारत का दृष्टिकोण को दुनिया के सामने साझा किया। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि मौजूदा अस्थिर वैश्विक परिस्थितियों में, जब अनेक देश ऊर्जा आपूर्ति, खाद्य सुरक्षा और स्वास्थ्य सुरक्षा जैसे गंभीर संकटों से जूझ रहे हैं, ब्रिक्स उन राष्ट्रों के लिए एक मजबूत संबल और मददगार मंच साबित हो सकता है। यह दशार्ता है कि भारत ब्रिक्स को केवल एक आर्थिक समूह नहीं, बल्कि एक समाधान-उन्मुख वैश्विक हितधारक के रूप में देखता है। अपने संबोधन में, जयशंकर ने ब्रिक्स के भीतर बढ़ते सहयोग की सराहना की। उन्होंने बताया कि सदस्यों की सक्रिय भागीदारी के साथ अभी तक 80 से अधिक ब्रिक्स बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं, जिन्होंने आपसी संबंधों को और गहरा किया है तथा विभिन्न क्षेत्रों में साझा प्रगति का मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होंने रेखांकित किया कि ब्रिक्स अध्यक्ष के रूप में भारत लगातार साझेदार देशों के साथ संवाद कर समावेशी और सहयोगी ढांचे को बढ़ावा दे रहा है। विदेश मंत्री जयशंकर ने स्पष्ट किया कि समूह की सुचारू और प्रभावी प्रगति के लिए आवश्यक है कि नए और भविष्य में शामिल होने वाले सदस्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर ब्रिक्स की स्थापित आम सहमति का समर्थन करें, ताकि एकजुटता बनी रहे।

# राशन का उठाव न करने वाले कार्डधारियों का रद्द हो कार्ड : डीसी

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** जिले में राशन उठाओ नहीं करने वाले कार्डधारियों का कार्ड रद्द होगा। यह निर्देश डीसी ऋतुराज ने गुरुवार को जारी किया है। उन्होंने आपूर्ति विभाग की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो ने डीसी को पिछले बैठक में दिए गए निदेर्शों पर की गई कार्रवाई और वर्तमान प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने जिले में खाद्यान्न वितरण, डीलरों की स्थिति और विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन का ब्यौरा प्रस्तुत किया। डीसी ने नियमित निरीक्षण और मॉनिटरिंग पर जोर देते हुए समीक्षा के क्रम में आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों (बीएसओ) को प्रतिमाह अनिवार्य रूप से अपने-अपने क्षेत्र की पीडीएस दुकानों का भौतिक निरीक्षण करने का निर्देश दिया। डीसी ने केवल दुकानों की ही नहीं, बल्कि गोदामों और पैक्स का भी नियमित निरीक्षण कर रिपोर्ट सौंपने को कहा। बैठक में डीलरों की संख्या और उनके आवंटन की समीक्षा की गई। डीसी ने खराब प्रदर्शन करने वाले और अनियमितता बरतने वाले पीडीएस संचालकों को चिन्हित कर उन पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही उनका लाइसेंस रद्द करने का निर्देश दिया। योग्य लाभुकों को लाभ पहुंचाने के लिए डीसी ने एनएफएसए और जेएसएफएसएस के तहत मिलने वाले लाभों की समीक्षा करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए बेहतर मॉनीटरिंग करने का निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि वैसे कार्डधारी जो लंबे समय से राशन का उठाव नहीं कर रहे हैं, उन्हें नोटिस जारी करें। साथ ही नोटिस के बाद भी सुधार न होने पर उनका कार्ड रद्द कर, प्रतीक्षा सूची में शामिल नए योग्य लाभुकों को योजना से जोड़ने का निर्देश दिया गया।

# स्मार्ट पंचायत गवर्नेंस सेंटर्स के रूप में विकसित हो रहे पंचायत भवन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** अब झारखंड के ग्राम पंचायत भवन स्मार्ट पंचायत गवर्नेंस सेंटर्स के रूप में विकसित हो रहे हैं। पंचायतों में पंचायत सचिव और मुखिया, सीएससी वीएलए ऑपरेटर के माध्यम से पंचायत गेटवे तकनीक का उपयोग कर गुड गवर्नेंस की नई मिसाल प्रस्तुत कर रहे हैं। तोरपा प्रखंड के तपकरा पंचायत भवन में पंचायत गेटवे के माध्यम से ई ग्राम स्वराज का पहला पंचायत स्तर का डिजिटल ट्रांजेक्शन गुरुवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह पहल ग्रामीण शासन व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर पंचायत सचिव महावीर राम, मुखिया रोशनी गुड़िया वीएलइ बसंत परवार की उपस्थिति में भुगतान की प्रक्रिया सम्पन्न हुई।

## संक्षिप्त

### संत माईकल +2 स्कूल का सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन

**सिल्ली।** संत माईकल +2 स्कूल मुरी की सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा?। छात्रा पूजा दत्ता ने 89.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनी। शुभम चौधरी 86.2 प्रतिशत ,आयुषी कुमारी 86 प्रतिशत, रितिका कुमारी ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। विद्यालय के निदेशक डॉ राकेश कुमार ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी शिक्षको एवं विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने ये भी कहा कि ये परिणाम विद्याथीयी की कड़ी मेहनत का ही फल है साथ ही उन्होने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के सभी शिक्षको को भी दिया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ रूपेश कुमार ने शिक्षको एवं विद्याथीयी की बधाई के साथ विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिए उन्होंने उन सभी अभिभावकगण को धन्यवाद दिए जिन्होंने विद्यालय के प्रति भरोसा जताया। विद्यालय के प्राचार्य श्री सिएल प्रजापति ने इतनी बड़ी सफलता के लिए सभी शिक्षको का आभार व्यक्त किए एवं सभी विद्यार्थियो को शुभकामनाए दिए। विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षकाएं ने अपनी खुशी व्यक्त की है।

### जंगली हाथियों की झुंड ने विद्यालय को पहुंचा नुकसान

**सिल्ली।** हाथियों का झुंड ने हलमाद के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय जालुमबेड़ा, किरकाटांड़ में बुधवार की रात लगभग 11 बजे जंगली हाथियों की झुंड ने विद्यालय परिसर में कक्षा दो की दरवाजा,कार्यालय की दरवाजा और खिड़की को तोड़ा जब कुछ नहीं मिला तब किचेन शेड की ओर पहुंच धावा बोल दरवाजा और खिड़की को तोड़कर एमडीएम सामग्री चावल व दाल खा गए और बच्चों के लिए बनाने वाली सारे सामान को बर्बाद कर दिया। जाते जाते हाथियों का झुंड ने विद्यालय का शौचालय का दीवार को भी गिराते गए। एसएमसी सदस्य एवं सचिव कुमारी रूपन भगत ने बनपाल को सूचित किया गया। सूचना मिलने पर बनपाल गौतम कुमार ने विद्यालय का निरीक्षण किया और आश्वासन दिया कि विभाग के अधिकारियों से जल्द से जल्द विद्यालय के दरवाजें व खिड़कियों को मरम्मत करने की मुआवजा राशि दिलाने का काम करूंगा। साथ ही विभाग से विद्यालय की चारदीवारी की मांग रखता हूं।

# अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ अभियान चलाएं अधिकारी : उपायुक्त

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में पिछले दिनों खनिज पदार्थों के अवैध खनन और अवैध परिवहन की रोकथाम को लेकर की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त की ओर से निर्देशित किया गया कि सभी अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण करें एवं अवैध खनन स्थलों को चिह्नित कर संयुक्त रूप से कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिला खनन टास्क फोर्स टीम आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अवैध खनन एवं परिवहन के मार्गों पर विशेष निगरानी रखें। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को अंचल अधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ समन्वय स्थापित कर नियमित छापामारी अभियान चलाने का निर्देश दिया। साथ ही अवैध खनन एवं अवैध परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिले में अवैध खनन पर पूर्णतया रोक लगाने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाए। उपायुक्त ने कहा कि आमजनों को बालू की उपलब्धता में किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि आम नागरिकों को आसानी से बालू उपलब्ध हो यह सुनिश्चित किया जाए और इस संबंध में उत्पन्न समस्याओं का समाधान ग्रामसभा के माध्यम से भी किया जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने सभी थाना प्रभारियों को क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए नियमित जांच अभियान चलाने, संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखने और अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिया।

# इटकी में बीडीओ ने प्रवेक्षक और प्रगनकों को बाटें जनगणना कीट



**इटकी।** प्रखण्ड में जनगणना के सफल क्रियान्वयन को लेकर प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारी की जा रही। गुरुवार को प्रखण्ड मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बीडीओ मो० अनीश ने प्रवेक्षक और प्रगनकों के बीच जनगणना कीट का वितरण किया। साथ ही प्रगनकों को 14 और 15 मई को दो दिन अपने अपने क्षेत्रों का भ्रमण कर नजरीन नक्सा तैयार कर प्रखण्ड मुख्यालय में समिट करने का दिशा निर्देश जारी किया है। क्षेत्र में प्रशासन 16 मई से 14 जून तक व्यापक रूप से आम लोगों की जनगणना अभियान चलायेगी। इसके लिए प्रखण्ड में 93 मकान सूचीकरण केन्द्र बनाया गया है। बीडीओ ने बताया प्रत्येक सूचीकरण केन्द्र में प्रवेक्षक और एक प्रगनक प्रतिनियुक्त किये गये है। प्रगनक घर घर पहुंच कर परिवार और मकानों का सूचीकरण के साथ जनगणना कार्य करेंगे। इधर प्रखण्ड में स्व जनगणना कार्यक्रम लगभग पूरा हो चुका है। बीडीओ ने प्रवुद्ध नागरिकों को जनगणना कार्य में सहयोग करने की अपील किया है।कार्यक्रम में सीओ सह बीडीओ मो ० अनीश, कृषि पदाधिकारी हेमन्त टोप्पो, प्रवेक्षक रुपा श्री, मदन कुमार साहू सहित दर्जणों प्रगणक सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

# हाईवा की चपेट में आने से दंपति घायल



**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के बोंगादार-दुलमी गांव के समीप गुरुवार सुबह 9 बजे के आसपास एक चिप्स लदा हाइवा **JH 09AA**-3476 ने बाइक से जा रहे दंपति को टक्कर मार दिया। टक्कर के बाद दंपती सड़क पर गिरे रहे।काफी देर तक कोई एंबुलेंस उपलब्ध नहीं होने पर ग्रामीणों ने एक बाराती गाड़ी को रोक कर घायल को सिंगपुर अस्पताल भेजा गया। इंसानियत का परिचय देते हुए बाराती गाड़ी सारे लोगों को उतार कर घायल को अस्पताल तक पहुंचाने का काम किया। अस्पताल में स्थिति बिगड़ते देख दोनों को रिम्स रेफर किया गया। घायल दंपति 55 वर्षीय ठाकुरदास ओर 45 वर्षीय बीना कोइरी बागमुंडी थाना क्षेत्र के लैंगडीह गांव के रहने वाले है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में सड़क निर्माण कर रही कंपनी जेके एंटरप्राइजेज हाइवा गाड़ियां ओवरलोड चिप्स लेकर लापरवाही के साथ तेज रफ्तार के साथ गांव में चलती है । कई बार हाइवा चालकों को मना किया गया है लेकिन की हाइवा चालक मनमानी करते है। इधर ग्रामीणों के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए सोनाहातू पुलिस ने हाइवा JH-09AA-3476 को जब्त कर लिया हैं। पुलिस आगे की करवाई कर रही है।

# पुल के नीचे गिरने से हिंडालको कर्मी की मौत

**सिल्ली।** मुरी ओपी अंतर्गत बिसीरिया गांव निवासी हिंडालको कर्मी बंशीधर महतो (45 )अपने गांव के समीप निमार्णाधीन पुल के नीचे गिरने से घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक बुधवार को रात लगभग 11 बजे हिंडालको मुरी कंपनी से अपने ड्यूटी समाप्त कर मोटरसाइकिल से घर वापस जा रहा था। इसी क्रम में गांव के समीप निमार्णाधीन पुल पर मोटरसाइकिल की संतुलन बिगड़ने से पुल से नीचे गिर पड़े। पुल के नीचे पत्थर से उसके सर पर चोट लगने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को जप्त कर गुरुवार को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

# सेक्स रैकेट के संदेह पर पुलिस ने की छापेमारी

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**रामगढ़।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के सिरका अरगड्डा बुध बाजार में सेक्स रैकेट चल रहा था। इस सूचना पर गुरुवार की रात रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे ने खुद छापेमारी की। इस छापेमारी के दौरान बुध बाजार से छह महिला और छह पुरुष को पकड़ा गया है। सभी को रामगढ़ थाने में लाया गया है। थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे ने बताया कि सेक्स रैकेट के संचालन की सूचना मिली थी। बुध बाजार में कई महिला, लड़की और दूसरे जिले के लड़के भी वहां आए हुए थे। छापेमारी के दौरान कुछ लोग भागने में सफल रहे और कुछ लोगों को पकड़ा गया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। कुछ लड़के रांची जिले के रहने वाले हैं और कुछ कलुआ पथरा गांव के हैं। सभी से पूछताछ की जा रही है।

# जन समस्या दूर करने के लिए प्रहरी के रुप में काम करेगी पुलिस : एसपी

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले की जन समस्या दूर करने के लिए पुलिस प्रहरी की तरह पैदल मार्च करेगी। यह बातें गुरुवार को एसपी मुकेश कुमार लुनायत ने पैदल मार्च के दौरान कही। उन्होंने कहा कि शिक्षन संस्थान, हॉस्पिटल और अन्य सार्वजनिक स्थानों के पास होने वाली समस्या को तत्काल दूर किया जाएगा। एसपी की इस पहल से रामगढ़ जिले की जनता में पुलिस को लेकर नया भरोसा कायम हुआ है। जिले में अपराध नियंत्रण एवं उद्भेदन, अड्डेबाजी, छेड़खानी, सड़क पर अवैध रूप से पार्किंग को रोकने, यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने, थाना क्षेत्र में भौतिक रूप से पुलिस पदाधिकारियों, कर्मियों की दृष्यता बढ़ाने के लिए प्रहरी की शुरूआत की गई है। प्रहरी की पहल के 03 भाग होंगे। पैदल गश्ती, अड्डेबाजी के विरूद्ध अभियान और एंटी क्राईम चेकिंग। जिलान्तर्गत आमजनों में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करने, पुलिस की दृश्यता को बढ़ाने, महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करने, रोकथाम, अड्डेबाजी, सड़क पर अवैध रूप से पार्किंग को रोकने तथा यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए उक्त बिन्दुओं पर संवेदशील मार्ग पर पैदल गश्ती की जाएगी।

# नारी अदालत योजना से महिलाओं को मिलेगा पंचायत स्तर पर न्याय : उपायुक्त

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में नारी अदालत योजना के क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना के उद्देश्य, कार्यान्वयन की रूपरेखा, लक्षित लाभार्थियों एवं अपेक्षित परिणामों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान बताया गया कि नारी अदालत योजना का उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर पर महिलाओं को सुलभ और वैकल्पिक शिकायत निवारण मंच उपलब्ध कराना है उपायुक्त ने बताया कि योजना के तहत खूंटी जिले के अड़की प्रखंड स्थित सिंदरी पंचायत का चयन किया गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पंचायत स्तर पर नारी अदालत का गठन जल्द सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य महिलाओं से जुड़े मामलों का त्वरित और प्रभावी समाधान उपलब्ध कराना है।उपायुक्त ने अधिकारियों को योजना की चयन प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संचालित करने का निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को न्याय तक पहुंच बनाने में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में नारी अदालत योजना महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।बैठक में ग्राम पंचायत स्तर पर 7 से 11 सदस्यीय महिला समूह के गठन, न्याय सखियों के चयन, मुख्य न्याय सखी की जिम्मेदारियों एवं कार्यकाल सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को योजना के प्रभावी संचालन के लिए सभी तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि नारी अदालत के माध्यम से महिलाओं में आत्मविश्वास एवं आत्मसम्मान की वृद्धि होगी। साथ ही महिला अधिकारों और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ेगी एवं घरेलू हिंसा तथा लैंगिक आधारित हिंसा से पीड़ित महिलाओं को स्थानीय स्तर पर सहायता उपलब्ध हो सकेगी।

# डीसी ने की राजस्व संबंधित समीक्षा बैठक, दिए कई निर्देश

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** रामगढ़ डीसी ऋतुराज की अध्यक्षता में गुरुवार को राजस्व संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिले में राजस्व संग्रहण, दाखिल-खारिज, नीलाम पत्र वाद, परिशोधन पोर्टल एवं अन्य राजस्व मामलों की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस क्रम में डीसी ने आंतरिक संसाधन, उत्पाद, खनन, परिवहन, विद्युत सहित अन्य संबंधित विभागों से प्राप्त राजस्व लक्ष्य एवं उसके विरुद्ध अब तक हुई उपलब्धियों की जानकारी ली। समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी विभागों को निर्धारित लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने हेतु अगले एक माह तक विशेष अभियान चलाकर कार्य करने का निर्देश दिया। डीसी ने अधिकारियों से समन्वय बनाकर नियमित निगरानी के साथ राजस्व वसूली कार्यों में तेजी लाने को कहा। नीलाम पत्र वादों की समीक्षा के दौरान डीसी ने संबंधित जिला एवं अनुमंडल स्तरीय अधिकारियों के साथ-साथ सभी अंचल अधिकारियों को बैंक प्रतिनिधियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली से जुड़े मामलों में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। बैठक के दौरान डीसी ने आपदा प्रबंधन संबंधित मामलों की भी समीक्षा की। इस क्रम में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को संभावित प्राकृतिक आपदाओं के मद्देनजर सतर्कता बरतने, राहत एवं बचाव कार्यों की पूर्व तैयारी सुनिश्चित करने तथा आपदा से संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने आमजनों को समय पर सहायता उपलब्ध कराने हेतु सभी संबंधित विभागों को समन्वय बनाकर कार्य करने को कहा। बैठक में मैनेजर आईटी वेदांत कुमार द्वारा अंचलवार विभिन्न राजस्व कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्रस्तुत की गई। दाखिल-खारिज मामलों की समीक्षा के दौरान डीसी ने सेवा का अधिकार अधिनियम का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए सभी लंबित मामलों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पादन करने का निर्देश दिया।

# पुलिस ने 10 लाख रुपये का अवैध अफीम किया बरामद

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** पुलिस ने अवैध अफीम तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 01 किलो 100 ग्राम अवैध अफीम बरामद की है। बरामद अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 10 लाख रुपये बताई जा रही है। मामले की जानकारी बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसपी ऋषभ गर्ग ने दी। एसपी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बंदगांव की ओर से एक व्यक्ति जावा बाइक पर अवैध अफीम लेकर खूंटी की ओर आने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस उपाधीक्षक राम प्रवेश कुमार के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। इसके बाद खूंटी-चाईबासा मुख्य मार्ग स्थित अनिगड़ा चौक के पास सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच के दौरान चाईबासा की ओर से आ रहे बाइक सवार को पुलिस ने रुकने का संकेत दिया, लेकिन आरोपित पुलिस को देखकर तेज गति से अनिगड़ा गांव की ओर भागने लगा। पुलिस बल ने उसका पीछा किया। कुछ दूरी पर आरोपित बाइक छोड़कर खेतों की ओर भाग निकला। पीछा करने के दौरान आरोपित अपने पास रखा काले रंग का बैग भी फेंककर फरार हो गया।

# सीएमपीडीआई और एमईसीएल के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर

**कोयला एवं खान राज्यमंत्री ने सीएमपीडीआई की समीक्षा की**

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** सीएमपीडीआई और एमईसीएल के बीच कोयला और अन्य खनिजों के संवर्धन के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। इससे दोनों प्रमुख गवेषण एजेंसियों के बीच सहभागिता आगे और बढ़ेगी। ऊर्जा एवं गैर-ऊर्जा संबंधी खनिजों की खोज में सुगमता आएगी। कोयला एवं खान राज्यमंत्री सतीश चन्द्र दुबे की उपस्थिति में एमओयू हुआ। समीक्षा बैठक के दौरान सीएमपीडीआई द्वारा वर्ष 2025-26 के दौरान गवेषण, रिपोर्ट की तैयारी,पूंजीगत व्यय, अनुसंधान एवं विकास परियोजनाएं, सीएसआर पहल और सौर परियोजनाएं जैसे विभिन्न परिचालन क्षेत्रों में किए गए कार्यों को चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लक्ष्यों के साथ प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मंत्री ने भारत में क्रिटिकल मिनरल्स की खोज के साथ, कोयले की गैसीकरण और कोयले की शुष्क धुलाई (ड्राई वाश) को तत्परता से लागू करने पर बल दिया।



खानों को बंद करने की गतिविधियों में मछली पालन और मखाना की खेती को बढ़ावा देने पर भी बल दिया, ताकि स्थानीय लोगों की आजीविका प्राप्त करने का अवसर मिल सके। इस मौके पर सीएमपीडीआई की ओर से सीएमडी चौधरी शिवराज सिंह, निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार, निदेशक (तकनीकी/ईएस) राजीव कुमार सिन्हा, निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) नृपेन्द्र नाथ, निदेशक (तकनीकी/आरडीएंडडी] बीडी) आनंद मोहन, सीसीएल के सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह, एमईसीएल के सीएमडी आईडी नारायण भी उपस्थित थे।

# झारखंड में 17-18 को बारिश और आकाशीय बिजली को लेकर ऑरेंज अलर्ट

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में 17 और 18 मई को बारिश होने और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। साथ ही इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा भी चल सकती है। मौसम विभाग ने इसे लेकर गुरुवार को ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग की ओर से 17 और 18 मई को राज्य के जिन जिलों में बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है उनमें उत्तर पूर्वी और इससे सटे मध्यवर्ती जिले शामिल हैं। इनमें धनबाद, हजारीबाग, कोडरमा, बोकारो, रांची और रामगढ़ शामिल है। उल्लेखनीय है की राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में पिछले 15 दिनों से बारिश हो रही है इससे गर्मी में कमी आई है। हालांकि बारिश के कारण सब्जियों के फसल को नुकसान हो रहा है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के कई जिलों में बारिश दर्ज की गई। सबसे अधिक बारिश पाकुड़ जिले के अमरपारा में 35 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। राज्य के जिन अन्य इलाकों में बारिश रिकार्ड की गई उनमें नाला में 27.6 मिलीमीटर, नारायणपुर में 26.6, मझगांव में 26 मिलीमीटर, हरिहरगंज में 25.4, बरही डीवीसी में 25.2, चक्रधरपुर में 25.2, जामताड़ा में 25, कमारटांड़ में 24.4, पथरगामा में 24.2, चाईबासा में 23.2, तांतगर नगर में 21.2 मिमी, सिमडेगा में 20.2, बुढ़मू में 18.2 और रांची में 14.4 मिलीमीटर शामिल है। वहीं इस दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 42 डिग्री और सबसे कम न्यूनतम तापमान लातेहार में 17.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। गुरुवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा और कड़ी धूप रही।



## संक्षिप्त

### मानव संसाधन पदों से तकनीकी अधिकारियों को हटाया जाए : अजय

**रांची।** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष के नाम ज्ञापन सौंपकर उप महाप्रबंधक जैसे महत्वपूर्ण पदों पर तकनीकी संवर्ग के पदाधिकारियों की पदस्थापना पर आपत्ति दर्ज कराई है। संघ के अध्यरक्ष अजय राय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) जैसे महत्वपूर्ण पदों पर तकनीकी संवर्ग के अधिकारियों की तैनाती निगम के स्थायी आदेश और सेवा नियमावली के विपरीत है। इसलिए मानव संसाधन पदों से तकनीकी अधिकारियों को हटाया जाए। ज्ञापन में उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान व्यवस्था के कारण प्रशासनिक निष्क्रियता, लालफीताशाही, पक्षपातपूर्ण निर्णय और कर्मचारियों के बीच भेदभाव की स्थिति उत्पन्न हुई है। संघ ने यह भी आरोप लगाया कि झारखंड राज्य बिजली बोर्ड के चार कंपनियों में विभाजन के बाद कर्मचारियों के अंतिम आवंटन और प्रोन्नति प्रक्रिया को विवादित बनाकर मनमाने तरीके से पदस्थापन किए गए।

### मरीजों की सेवा में नर्स बहनों की महत्वपूर्ण भूमिका : डॉ. निराला



**रांची।** अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर द्वारिका हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, द्वारिका नगर, टाटीसिल्वे महिलौंग, रांची में हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. एस.के. निराला के निर्देशन में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत 12 मई को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें उत्कृष्ट योगदान देने वाली नर्स बहनों को सम्मानित किया गया। वहीं 13 मई को अस्पताल परिसर में निःशुल्क मेडिकल कैंप लगाया गया, जिसमें 29 मरीजों की मुफ्त जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां एवं खान-पान और रहन-सहन से संबंधित आवश्यक जानकारियां दी गईं। इस अवसर पर डॉ. एस.के. निराला ने कहा कि मरीजों की संपूर्ण देखभाल और आपातकालीन सेवाओं में नर्स बहनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

# केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री ने सीसीएल की गतिविधियों की समीक्षा की

## नन्हे तैराक और जेएसएसपीएस के अंतरराष्ट्रीय पदक विजेताओं को किया सम्मानित

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने 14 मई को सीसीएल की जारंगडीह परियोजना एवं संशोधित माइन क्लोज़र प्लाकन की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान सीसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में पर्यावरण संरक्षण, सुरक्षित एवं वैज्ञानिक खनन, पुनर्वास, स्थानीय जनकल्याण और क्षेत्रीय विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की गई। मंत्री ने कथारा क्षेत्र स्थित सीसीएल के कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र का भ्रमण कर वहां संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे स्थानीय युवाओं से संवाद किया।




प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके युवाओं को सर्टिफिकेट भी दिया। मंत्री ने कहा कि सरकार कोयला क्षेत्र में आधुनिक, पारदर्शी एवं सतत विकास आधारित कार्यसंस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ स्थानीय लोगों के जीवन में भी सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सके। सीसीएल द्वारा सीएसआर के अंतर्गत संचालित यह केंद्र स्थानीय युवाओं, महिलाओं एवं जरूरतमंद वर्गों को रोजगारपरक प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का सराहनीय कार्य कर रहा है। सीसीएल मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक से पूर्व मंत्री ने रांची के तैराक 7 वर्षीय इशांक सिंह को सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त मंत्री ने सीसीएल एवं झारखंड सरकार की संयुक्त पहल से संचालित झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसायटी के तीन अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों विकास उरांव, कुमारी रिष्टी राज एवं चंदा कुमारी को भी सम्मानित किया। सीसीएल मुख्यालय में मंत्री के नेतृत्व में मंत्रालय के अधिकारी, सीसीएल सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह, निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक(तकनीकी/संचालन) चंद्र शेखर तिवारी, निदेशक (योजना एवं परियोजना) अनुप हंजुरा एवं सभी क्षेत्रीय महाप्रबंधकों और विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उत्पादन, परियोजनाओं की प्रगति, सुरक्षा, सीएसआर गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

## चेंबर भवन में अध्यक्ष और महासचिव के केबिन का अनावरण



**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कार्यालयीय भवन में नव सौन्दयीकृत अध्यक्ष और महासचिव केबिन का गुरुवार को अनावरण किया गया। अध्यक्ष के केबिन का उद्घाटन चेंबर के पूर्व अध्यक्ष आरके सरावगी ने किया। इस अवसर पर चेंबर के पूर्व अध्यक्ष पवन शर्मा, कुणाल अजमानी और किशोर मंत्री सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष के केबिन में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना भी हुई। उपस्थित सदस्यों ने नव सुसज्जित केबिन की सराहना करते हुए इसे चेंबर की गरिमा एवं कार्यसंस्कृति के अनुरूप बताया। इस अवसर पर चेंबर के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया, महासचिव रोहित अग्रवाल, सह सचिव नवजोत अलंग, रोहित पोद्दार, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष उदयशंकर दुबे, कार्यकारिणी सदस्य डॉ अभिषेक रामाधीन, मनीष सराफ, आस्था किरण, अमित शर्मा सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## भाजपा को बदनाम करने वालों पर हो कार्रवाई : जेपी

**रांची।** भाजपा किसान मोर्चा झारखंड प्रदेश के नेता जेपी पांडेय ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की छवि खराब करने वाले नेताओं पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। जेपी पांडेय ने गुरुवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में भाजपा की सकारात्मक छवि बनाए रखना सभी नेताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की स्वच्छ छवि और बेहतर कार्यशैली के कारण ही जनता ने केंद्र और कई राज्यों में पार्टी को सत्ता सौंपी है, इसलिए संगठन विरोधी गतिविधियों में शामिल नेताओं को बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। पांडेय ने कहा कि कुछ नेताओं की कथित गलत गतिविधियों और भ्रष्ट आचरण के कारण पार्टी की छवि प्रभावित हो रही है। उन्होंने भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व से ऐसे नेताओं को संगठन से बाहर करने की मांग की, ताकि भविष्य में कोई भी नेता पार्टी की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने का प्रयास न कर सके। उन्होंने नीट परीक्षा में कथित गड़बड़ियों और धांधली का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इससे लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं में बार-बार सामने आ रही अनियमितताओं से देश की स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी असर पड़ सकता है।

## जरूरतमंदों के बीच छाता एवं टोपी वितरित करेगा छात्र क्लब ग्रुप : शिव किशोर

**रांची।** छात्र क्लब ग्रुप की एक महत्वपूर्ण बैठक आज हेहल पहाड़ टोली स्थित छात्र क्लब पर्यावरण मंच के संरक्षक कुमारी नीलम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में छात्र बुद्धिजीवी मंच, मानव कल्याण मंच, प्रौद्योगिकी मंच एवं श्रमिक कल्याण मंच के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बदलते मौसम और बढ़ती गर्मी तथा बरसात को देखते हुए जरूरतमंद लोगों के बीच छाता एवं टोपी का वितरण किया जाएगा। यह अभियान छात्र क्लब ग्रुप के स्वयंसेवकों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में चलाया जाएगा। इस अवसर पर छात्र मानव कल्याण मंच के वरीय संरक्षक विजय पाठक ने इस सामाजिक पहल के लिए छाते एवं टोपी उपलब्ध कराने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि समाजसेवा एक पुनीत कार्य है और वर्तमान मौसम को देखते हुए अन्य सामाजिक संस्थाओं को भी जरूरतमंद लोगों के बीच आवश्यक सामग्री का वितरण करना चाहिए। बैठक के दौरान छात्र क्लब ग्रुप के नए संरक्षक बहुरन लोहरा का नागरिक अभिनंदन भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, संरक्षक विद्यानंद शर्मा, उपाध्यक्ष सुबोध कुमार शर्मा सहित क्लब के अनेक सदस्य उपस्थित थे। अंत में छात्र क्लब बुद्धिजीवी मंच की संयोजिका कुमारी अनिता ने धन्यवाद ज्ञापन किया।



# सीसीएल को मिला ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया प्लेटिनम अवार्ड



प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** सीसीएल को उत्कृष्ट कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के लिए प्रतिष्ठित ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया प्लेटिनम अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान सीसीएल के हजारीबाग कोयला खनन क्षेत्र में संचालित समग्र सामुदायिक विकास परियोजना के लिए प्रदान किया गया। परियोजना ने आसपास के 9 गांवों के लगभग 5000 परिवारों के जीवन में व्यापक सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया है। नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में यह पुरस्कार सीसीएल की ओर से महाप्रबंधक (सीएसआर) सिद्धार्थ शंकर लाल के नेतृत्व वाली टीम ने प्राप्त किया। यह सम्मान ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, आजीविका संवर्धन और सतत विकास के क्षेत्र में सीसीएल के उल्लेखनीय योगदान की राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृति है।

# अफीम खेती रोकने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि चलाएं अभियान : डीसी

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि अफीम की खेती की रोकथाम के लिए जिले के सभी पंचायतों के मुखिया, प्रधान और समाजसेवियों के साथ मिलकर व्यापक अभियान चलाएं, ताकि अवैध खेती करने वालों पर ठोस कार्रवाई की जा सके। मंजूनाथ भजन्त्री गुरुवार को समाहरणालय में आयोजित डिस्ट्रिक एनकोर्ड कमेटी की बैठक में बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने दो टूक कहा कि नशीले पदार्थों के खिलाफ समन्वित रणनीति तैयार करने और सख्ती से लागू करने पर चर्चा की गई। बैठक में जिले के ड्रग हॉटस्पॉटन की पहचान कर निगरानी बढ़ाने, एनडीपीएस एक्ट के लंबित मामलों में तेजी लाने और स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। युवाओं को नशे की लत से बचाने और उन्हें डी-एडिक्शन सेंटर से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। उपायुक्त ने जिले में गैर कानूनी रूप से संचालित नशा मुक्ति केंद्रों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही मेडिकल दुकानों और फार्मेसी में प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री रोकने के लिए सघन जांच अभियान चलाने को कहा गया। सीमावर्ती क्षेत्रों में चेक पोस्ट मजबूत करने और अंतरराज्यीय ड्रग तस्करी रोकने के लिए समन्वय बढ़ाने पर भी बल दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि रांची युवा बहुल जिला है और आने वाली पीढ़ी को नशे के खतरे से बचाना सभी की जिम्मेदारी है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि ड्रग्स, गांजा या अफीम से जुड़ी सूचना टोल फ्री नंबर 1933 पर दें।



# झारखंड में ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2026 लागू करें उपायुक्त : विकास आयुक्त

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड में ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2026 को प्रभावी ढंग से लागू करने की दिशा में सरकार ने तैयारी तेज कर दी है। विकास आयुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कोर कमेटी की बैठक गुरुवार को आयोजित हुई, जिसमें राज्यभर में ठोस कचरा प्रबंधन व्यवस्था को मजबूत बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान उन्होंने राज्य के सभी जिलों के उपायुक्त सहित अन्य अधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निर्देश दिया कि शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल-2026 के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। विकास आयुक्त ने पंचायत स्तर पर कचरा पृथक्करण के लिए स्थल चिन्हित कर वहां प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित करने की योजना तैयार करने को कहा।



प्रत्येक जिले में दो से तीन क्लस्टर विकसित कर वैज्ञानिक तरीके से कचरे की डंपिंग और प्रोसेसिंग करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के लिए थर्ड पार्टी एजेंसी को जोड़ने, पंचायतों की जवाबदेही तय करने और गांव स्तर पर ट्राई-साइकिल और विशेष डिजाइन वाले ई-रिक्शा के उपयोग पर बल दिया। बैठक में डंप साइट की सफाई, पौधरोपण और आबादी एवं जलस्त्रोतों से दूर प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, नगर विकास विभाग, पर्यावरण विभाग, झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा पंचायती राज विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# नीट पेपर लीक मामले में नहीं हुई कार्रवाई तो होगा उग्र आंदोलन : एनएसयूआई

**परीक्षा में हुई अनियमितताओं ने लाखों छात्रों और उनके परिवारों के भविष्य को संकट में डाल दिया**

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** देशभर में नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर बढ़ते विरोध के बीच राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने देश की शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किया है। गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में एनएसयूआई के नेताओं ने कहा कि परीक्षा में हुई अनियमितताओं ने लाखों छात्रों और उनके परिवारों के भविष्य को संकट में डाल दिया है।

मौके पर प्रदेश एनएसयूआई के अध्यक्ष विनय उरांव ने कहा कि नीट जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में गड़बड़ी होना बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि देशभर के 22 लाख से अधिक परीक्षार्थी और उनके परिवार मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं। उन्होंने कहा कि छात्र पढ़ाई करना चाहते हैं, लेकिन उन्हें अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। यह शिक्षा व्यवस्था की विफलता है।

एनएसयूआई के नेताओं ने आरोप लगाया कि लगातार हो रहे पेपर लीक और परीक्षा अनियमितताओं ने युवाओं का भरोसा शिक्षा प्रणाली से उठाना शुरू कर दिया है। संगठन ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की। एनएसयूआई ने मांग की कि पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और परीक्षा प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाया जाए। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो आने वाले दिनों में राज्यभर में उग्र आंदोलन किया जाएगा।




# मनरेगा मजदूरों का राष्ट्रव्यापी हड़ताल आज

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** वीबी-जी राम जी के लागू करने संबंधी केंद्र सरकार की अधिसूचना को झारखंड खेत और ग्रामीण मजदूर यूनियन ने आलोचना की है। वीबी-जी राम जी के विरोध मे यूनियन की ओर से 15 मई को मनरेगा मजदूर राष्ट्रव्यापी हडताल करेंगे। यह जानकारी गुरुवार को झारखंड खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन (जेकेजीएमयू) के नेता वीरेंद्र कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास मंत्रालय ने विकसित भारत झ्र गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीबी-जी राम जी को लागू करने की तिथि की अधिसूचना जारी की है। उन्होंने कहा कि यह अधिसूचना भी पूरे कानून की तरह झूठे वादों से भरी हुई है। यह मनरेगा मजदूरों और यूनियनों की ओर से उठाई गई चिंताओं को यह कहकर कूड़ेदान में फेंकने की कोशिश है कि सारी चिंताएं झूठी हैं और वीबी-जी राम जी मनरेगा से बेहतर है। इस कानून की आलोचना और इस अधिसूचना के माध्यम से फैलाया जा रहा प्रचार पहले से ही मजदूरों और कार्यकर्ताओं के सामने उजागर हो चुका है। उन्होंने कहा कि 125 दिनों के रोजगार का वादा वास्तव में निरर्थक है, क्योंकि भाजपा सरकार औसतन 55 दिनों का काम भी सुनिश्चित नहीं कर पा रही है। फेसियल रिकॉग्निशन और डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर जैसी तकनीकों के इस्तेमाल से भ्रष्टाचार खत्म होने के बजाय जॉब कार्डों और पात्र मजदूरों को बड़े पैमाने पर बाहर किया गया है। मजदूरी भुगतान का भारी बकाया पड़ा हुआ है, जो कई जगहों पर एक वर्ष से भी अधिक समय से लंबित है।



# पेट्रोल-डीजल की सप्लाई में नहीं है कोई कमी

**प्रशासन ने की अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**धनबाद।** उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में उप विकास आयुक्त सन्नी राज, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव और अनुमंडल दंडाधिकारी लोकेश बारंगे ने आज इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल), भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) एवं हिंदुस्तान पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के वरीय प्रबंधन के साथ बैठक की। पेट्रोल पंपों पर ईंधन सप्लाई की वास्तविक स्थिति पर विस्तृत चर्चा की। उपायुक्त इस बैठक में ऑनलाइन जुड़े थे। पेट्रोलियम कंपनियों से जब पूछा गया कि बुधवार को अचानक सभी पेट्रोल पंप पर वाहनों की अत्यधिक भीड़ होने का क्या कारण था, तब पेट्रोलियम कंपनियों ने बताया कि पेट्रोल डीजल की सप्लाई में कोई कमी नहीं है। आज सुबह से सभी पंप पर ईंधन की आपूर्ति जारी है। बताया कि बुधवार को अफवाहों के कारण पेट्रोल पंपों पर अचानक वाहनों की भीड़ उमड़ पड़ी। घबराहट में लोग अपने वाहनों में अतिरिक्त ईंधन भराने के लिए पहुंचने लगे। इसके कारण सामान्य व्यवस्था प्रभावित हुई। अफवाह के कारण कुछ पेट्रोल पंपों पर 4 दिन की बिक्री के बराबर ईंधन की बिक्री हुई। अमूमन वाहनों में कम ईंधन भराने वालों ने भी अधिक ईंधन भरा लिया, जबकि ईंधन की सप्लाई सुचारू रूप से बनी हुई है। प्रबंधन ने धनबाद को अतिरिक्त ईंधन सप्लाई किया है। पेट्रोलियम कंपनी हर रिटेलर के स्टॉक की जानकारी ऑनलाइन देख सकते हैं। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि जब तक स्थिति सामान्य नहीं हो जाती तब तक जिला प्रशासन एवं पेट्रोलियम कंपनियां रिटेल आउटलेट पर नजर बनाए रखेंगी। जिला पशासन ने सभी अंचल अधिकारियों एवं संबंधित थाना को अपने-अपने क्षेत्र के पेट्रोल पंप पर नजर बनाए रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने जिला प्रशासन को पेट्रोल पंप में स्टॉक की सूचना देने का भी निर्देश दिया।

# डीएमओ की कार्यशैली के खिलाफ एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**लोहरदगा।** लोहरदगा-गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन ने जिला खनन पदाधिकारी (डीएमओ) के खिलाफ मुख्योमंत्री को पत्र लिखा है। बॉक्साइट माइनिंग व ट्रांसपोर्टिंग शुरू कराने की मांग की है।

लोहरदगा के जिला खनन पदाधिकारी (डीएमओ) राजाराम प्रसाद 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो गए। इसके बाद रांची जिला खनन पदाधिकारी मोहम्मद अबू हुसैन को लोहरदगा डीएमओ का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। उन्होंने 8 मई, 2026 को प्रभार ग्रहण किया। आरोप है कि उनके द्वारा अब तक किसी प्रकार का प्रशासनिक निर्णय, आदेश या आवश्यक अनुमति जारी नहीं की जा रही है।

इसके कारण बॉक्साइट खनन कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गया है। साथ ही यहां से मालगाड़ियों के माध्यम से बॉक्साइट बाहर भेजने का काम भी बंद पड़ा है। हजारों ट्रकों के पहिए थम गए हैं। इसका सीधा असर ट्रक मालिकों, चालकों, सह-चालकों, लोडर-अनलोडर सहित प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े लगभग 40 से 50 हजार लोगों पर पड़ रहा है। लोहरदगा-गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह के अनुसार जब हिंडाल्को कंपनी से बात की गई, तब कंपनी की ओर से बताया गया कि संबंधित स्वीकृति मिलने के बाद ही कार्य प्रारंभ किया जा सकता है। यदि संबंधित पदाधिकारी की ओर से आवश्यक कार्रवाई नहीं की जा रही है, तो इससे क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं।

## संक्षिप्त

### मां काली की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा



**देवघर।** जिले के देवीपुर प्रखंड क्षेत्र की बाघमारी पंचायत अंतर्गत बंदरबासा गांव में मां काली की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। इसमें एक सौ एक महिला व कुंवारी कन्याएं शामिल हुई। शोभा यात्रा के दौरान सभी महिलाएं और कुंवारी कन्याएं काली मंदिर से कलश लेकर अजय नदी तक पहुंची। मंदिर पहुंचने के बाद कलश को मंदिर प्रांगण में रखा गया। धार्मिक अनुष्ठान को लेकर आसपास के गांवों में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। इस अवसर पर चौबीस घंटे का हरिनाम कीर्तन का भी आयोजन किया गया है। मौके पर समाजसेवी ओम प्रकाश यादव, पप्पू यादव, ब्रह्मदेव राणा, प्रकाश राणा, सुमन शर्मा, मुसो राणा आदि मौजूद थे।

### लंबित अवमानना वाद से संबंधित मामलों की समीक्षा

**देवघर।** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में उच्च न्यायालय में लंबित अवमानना वाद से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उपायुक्त ने विभिन्न विभागों के अंतर्गत लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा करते हुए न्यायिक आदेशों के अनुपालन की गति पर असंतोष व्यक्त किया। निर्देश दिया की प्रगति में तेजी लाएं। उपायुक्त ने स्पष्ट शब्दों में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी हाल में न्यायालय संबंधी कार्यों में कोताही न बरतें।

### विधायक ने डिमना क्षेत्र में पेयजल परियोजना को लेकर किया निरीक्षण

**पूर्वी सिंहभूम।** विधायक सरयू राय ने मानगो पेयजल परियोजना के तहत बालीगुमा पानी टंकी को जल्द चालू कराने की दिशा में सक्रिय पहल करते हुए डिमना चौक से डिमना नाला तक पूरे क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एनएचएआई और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग (पीएचईडी) के अभियंताओं के साथ विस्तार से बातचीत कर पाइपलाइन बिछाने के उपयुक्त मार्गों पर गंभीर मंथन किया।

# गढ़वा : विद्यालयों का औचक निरीक्षण में गायब मिले शिक्षक, बंद था स्कूल

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**गढ़वा।** उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देश के आलोक में बुधवार को जिले के विभिन्न मध्य, प्राथमिक एवं उच्च विद्यालयों में व्यापक औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस अभियान में जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा, जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज सहित जिले के सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी/प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी शामिल रहे।

जिले भर में 67 विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति, पठन-पाठन की गुणवत्ता, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, मध्याह्न भोजन एवं विद्यालय संचालन की स्थिति का विस्तृत जायजा लिया गया।

जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा ने राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय रंका, नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्कूल रंका एवं परियोजना बालिका उच्च विद्यालय रंका का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में कई शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थित शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। आवश्यक विभागीय कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। साथ ही विद्यालयों में नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य सुनिश्चित करने, पाठ योजना तैयार करने और विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज ने प्रखंड मेराल अंतर्गत मध्य विद्यालय पेशका, उत्क्रमित मध्य विद्यालय गिरवासोती, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय हरिजन टोला चामा एवं उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कोलोदोहर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कोलोदोहर बंद पाया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण की मांग की गई है।

इसके अतिरिक्त सभी वरीय पदाधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों ने जिले के सभी कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय एवं जेबीएवी का भी औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही शैक्षणिक एवं आवासीय सुविधाओं, भोजन व्यवस्था, सुरक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य सुविधाओं एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया गया।

संबंधित पदाधिकारियों द्वारा विद्यालय प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया गया।

निरीक्षण के दौरान कई विद्यालयों में पेयजल एवं शौचालय व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। कुछ विद्यालयों में साफ-सफाई एवं शैक्षणिक अनुश्रवण में सुधार की आवश्यकता महसूस की गई। सभी विद्यालय प्रधानों एवं शिक्षकों को विद्यालय संचालन में गुणवत्ता सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## आंधी-बारिश में तीन परिवारों का भंडार घर क्षतिग्रस्त



गढ़वा। जिले के बिशुनपुरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत संध्या गांव (पश्चिम टोला) में बुधवार की शाम आई तेज आंधी और बारिश ने भारी तबाही मचाई। तेज हवा के कारण तीन परिवारों के भंडार घर की पक्की दीवार एवं ऊपर लगा करकट पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर गिर पड़ा। जानकारी के अनुसार संध्या गांव निवासी सत्येंद्र यादव (पिता स्व. द्वारिका यादव), अजय यादव (पिता रामनाथ यादव) और बचनदेव यादव (पिता राजेंद्र यादव) के भंडार घर को भारी नुकसान पहुंचा है। पीड़ित परिवारों ने बताया कि प्रत्येक परिवार को लगभग 40 से 50 हजार रुपये तक की क्षति हुई है। घटना के दौरान भंडार घर में रखे सामान को भी नुकसान पहुंचा। हालांकि आसपास मौजूद कई मवेशी बाल-बाल बच गए। ग्रामीणों के अनुसार तीनों परिवार आर्थिक रूप से काफी कमजोर हैं। स्वयं अपने क्षतिग्रस्त भंडार घर का पुनर्निर्माण कराने में असमर्थ हैं। पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से क्षति का आकलन कर उचित मुआवजा एवं सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

## पेट्रोलियम पदार्थों की कालाबाजारी करने वालों पर होगा एफआईआर



**देवघर।** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय स्थित सभागार में बैठक हुई। इसमें इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम, रिलायंस, नायरा एनर्जी एवं जिले के सभी पेट्रोल पंप प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसका मुख्य उद्देश्य जिले में पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता, निर्बाध आपूर्ति और खपत की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करना था। समीक्षा के दौरान आईओसीएल के अधिकारियों ने उपायुक्त को आश्वस्त किया कि जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति निर्धारित समय पर की जा रही है। जिले में ईंधन की कोई कमी नहीं है। स्टॉक पूरी तरह पर्याप्त है। उपायुक्त ने सभी कंपनियों को निर्देश दिया कि आपूर्ति श्रृंखला में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिय। ईंधन की जमाखोरी और अवैध बिक्री को रोकने के लिए उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी देवघर और अनुमंडल पदाधिकारी मधुपुर को विशेष निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि दोनों अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में पेट्रोल पंपों की कड़ी निगरानी करें। पेट्रोलियम पदार्थों की कालाबाजारी या ऊंचे दामों पर बिक्री करने वाले तत्वों के खिलाफ जांच कर तत्काल प्राथमिकी दर्ज करें।

## डीएसओजी का स्वर्ण जयंती सम्मेलन 16 से, जुटेंगे देश भर के प्रख्यात के स्त्री रोग विशेषज्ञ

**धनबाद।** शहर में जल्द ही देशभर स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों का बड़ा जुटान होगा। धनबाद सोसायटी ऑफ ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी (डीएसओजी) इस वर्ष अपना स्वर्ण जयंती वर्ष मना रही है। इस खास मौके पर 16 और 17 मई को धनबाद के ग्रैंड मिराज रेडिएशन इंडिविजुअल्स में दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से वरिष्ठ डॉक्टर, विशेषज्ञ चिकित्सक और स्वास्थ्य पेशेवर भाग लेंगे। आयोजकों के अनुसार सम्मेलन में 25 से अधिक विशेषज्ञ डॉक्टरों के साथ करीब 300 चिकित्सकों की भागीदारी होगी। गुरुवार को आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ कोमल सिंह और सचिव डॉ रीना बरनवाल ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाना और क्लिनिकल प्रैक्टिस में आधुनिक तकनीकों और नई चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा देना है।इस वर्ष सम्मेलन की थीम स्वस्थ नारी, सशक्त समाज रखी गई है। कार्यक्रम के दौरान महिला स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञ व्याख्यान, इंटरैक्टिव सत्र और वैज्ञानिक चर्चाएं आयोजित की जाएंगी।

## स्वास्थ्य केंद्रों और सीएचसी में सीसीटीवी सक्रिय रखें : उपायुक्त

**जिला समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गुमला।** उपायुक्त गुमला दिलेश्वर महत्तो की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में गुरुवार को जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें सभी विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया गया। उपायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी विभाग अपने-अपने प्रतिवेदन में उन बिंदुओं को स्पष्ट रूप से उल्लेखित करें, जहां अन्य विभागों के साथ समन्वय की आवश्यकता है, ताकि योजनाओं का क्रियान्वयन तेज एवं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जा सके।

बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर गहन समीक्षा की गई। एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान के तहत स्कूल जाने वाले बच्चों को विद्यालय स्तर पर टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को बच्चों एवं अभिभावकों को प्रेरित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही टीकाकरण को लेकर फैलाई जा रही भ्रांतियों को दूर करने के लिए प्रभावी वीडियो एवं जागरूकता सामग्री तैयार कर प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए।

## खाद्य विभाग ने कई होटल और ढाबों से एक्सपायरी खाद्य सामग्री किया बरामद

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**देवघर।** खाद्य सुरक्षा विभाग की लगातार कार्रवाई से देवघर के होटल, रेस्टोरेंट और ढाबा संचालकों में हड़कंप मच गया है। विभाग की ओर से चलाए जा रहे विशेष जांच अभियान के दौरान कई प्रतिष्ठानों में खाद्य सुरक्षा मानकों की गंभीर अनदेखी सामने आई है। छापेमारी के दौरान कई प्रतिष्ठानों से दूषित आटा, जला हुआ तेल और एक्सपायरी खाद्य सामग्री बरामद की गई।

भुरभुरा मोड़ स्थित एक रेस्टोरेंट से 15 किलो मिलावटी पनीर जब्त कर मौके पर ही नष्ट कराया गया। वहीं ओला आइस क्रीम के एक प्रतिष्ठान से एक्सपायरी उत्पाद पाए गए। जांच के दौरान कई होटल और खाद्य प्रतिष्ठान बिना वैध भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) लाइसेंस के संचालित होते मिले। ऐसे प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नोटिस जारी करने, जुमार्ना लगाने और लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई की गई है। खाद्य सुरक्षा विभाग ने साफ-सफाई और खाद्य मानकों का पालन नहीं करने वाले संचालकों को सख्त चेतावनी दी है।

## चांडिल में पेट्रोल संकट पर प्रशासन सख्त, एसडीओ ने पंप संचालकों के साथ की बैठक

**एंबुलेंस-अग्निशमन को प्राथमिकता कालाबाजारी पर चेतावनी**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चांडिल।** पेट्रोल-डीजल की किल्लत और पंपों पर लंबी कतारों के बीच चांडिल अनुमंडल प्रशासन हरकत में आ गया है। सरायकेला खरसावां जिला के उपायुक्त नितिश कुमार सिंह के निर्देश पर एसडीओ विकास कुमार राय ने गुरुवार को क्षेत्र के सभी पेट्रोल पंप संचालकों के साथ बैठक की। बैठक में एसडीओ ने साफ निर्देश दिया कि आम उपभोक्ताओं को निर्धारित दर पर पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल-डीजल मिले। पंपों पर लग रही कतारों का सुनियोजित प्रबंधन किया जाए। साथ ही एंबुलेंस, अग्निशमन वाहन, खाद्य आपूर्ति वाहन और अन्य आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों को प्राथमिकता के आधार पर ईंधन देने को कहा गया। विकास कुमार राय ने चेताया कि किसी भी हाल में जमाखोरी, कालाबाजारी या अफवाह फैलाने जैसी गतिविधि बर्दाश्त नहीं होगी। सभी पंप संचालकों को पारदर्शिता और तय मानकों के तहत ईंधन वितरण करना होगा। प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और बेवजह पंपों पर भीड़ न लगाएं। क्षेत्र में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। लोग जरूरत के अनुसार ही ईंधन खरीदें और प्रशासन का सहयोग करें।

# आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास व स्क्रीनिंग समिति की हुई बैठक

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गढ़वा।** उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास व स्क्रीनिंग समिति की बैठक गुरुवार को हुई। उक्त बैठक में प्रभारी पदाधिकारी जिला सामान्य शाखा सुशील कुमार राय द्वारा आत्मसमर्पण व पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों को अनुमान्य लाभ प्रदान करने की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया। इसके बाद आत्मसमर्पित नक्सलियों को आत्म समर्पण के उपरांत पुनर्वास नीति के तहत प्रदान किए जाने वाले अनुमान्य लाभ में विभिन्न लंबित कार्यों को शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।

कुछ लंबित मामलों के निराकरण के लिए सत्यापन एवं आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों एवं उनके आश्रितों को पुनर्वास पैकेज के तहत प्रदत्त देय लाभ एवं सुविधाओं की विस्तृत जानकारी देने के लिए 29 मई को बैठक करने का भी निर्णय लिया गया। इसके लिए सभी संबंधित पदाधिकारियों को आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों एवं उनके आश्रितों को उक्त बैठक में भाग लेने के लिए ससमय सूचित करने का निर्देश दिया गया। उक्त बैठक में अभियान एसपी आर.डी. बड़ाईक, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, सिविल सर्जन डॉक्टर जेएफ कैनेडी, जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा, एलडीएम, डीपीएम जेएलपीएस आदि समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज में रिकॉर्ड प्लेसमेंट, नामांकन शुरू

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**गुमला।** गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज में वर्ष 2025-26 के उत्कृष्ट कैंपस प्लेसमेंट हुआ। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नामांकन शुरू हो गया है। यह जानकारी निदेशक अभिजीत कुमार और शासी निकाय की सदस्य रेणुका यशस्वी ने मीडिया को गुरुवार को दी। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. शिबा नारायण साहू, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अजीत कुमार शुक्ल, प्रशिक्षण एवं नियोजन अधिकारी अमित रंजन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

निदेशक अभिजीत कुमार ने बताया कि वर्ष 2025-26 में मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, सिविल, ऑटोमोबाइल और माइनिंग इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों का चयन देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में हुआ। सत्र 2026-27 में संस्थान में सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, माइनिंग इंजीनियरिंग, बीसीए (कंप्यूटर अनुप्रयोग स्नातक) कोर्स में नामांकन शुरू हो गया है। कार्यरत युवाओं के लिए डिप्लोमा फॉर वर्किंग प्रोफेशनल कार्यक्रम के अंतर्गत सिविल, इलेक्ट्रिकल और माइनिंग इंजीनियरिंग में 30-30 सीटों पर विशेष पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है। सत्र 2026-27 में नामांकन के इच्छुक छात्र कॉलेज कार्यालय से प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं।

## सदर अस्पताल में पसरी गंदगी से मरीज परेशान, कई दिनों से नहीं उठा कचरा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**देवघर।** देवघर में सदर अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को इन दिनों भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल परिसर में फैली गंदगी और कूड़े के अंबार से उठ रही दुर्गंध ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मरीजों का कहना है कि अस्पताल पहुंचते ही उन्हें गंदगी के बीच से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा भी बना हुआ है। अस्पताल परिसर के बाहर बने पार्किंग स्टैंड के पास देवघर नगर निगम के कुडे के डब्बों में और उसके आसपास पिछले कई दिनों से कूड़ा जमा है। समय पर कचरा उठाव नहीं होने के कारण वहां से तेज दुर्गंध फैल रही है। अस्पताल आने वाले लोगों का कहना है कि इस बदहाल व्यवस्था से स्वस्थ व्यक्ति भी बीमार पड़ सकता है। वहीं, मरीजों और उनके परिजनों ने जिला प्रशासन और नगर निगम पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि यदि नियमित रूप से कचरा उठाव होता तो ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होती। लोगों ने बताया कि अस्पताल के मुख्य गेट के पास फैली गंदगी से अस्पताल की छवि भी खराब हो रही है। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि अस्पताल के अंदर की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। खासकर मेटरनिटी वार्ड में पर्याप्त बेड की व्यवस्था नहीं है और आसपास साफ-सफाई की भी कमी है। वहीं, मामले को लेकर सदर अस्पताल की उपाधीक्षक डॉ सुषमा वर्मा ने माना कि गंदगी के कारण मरीजों और अस्पताल प्रबंधन दोनों को परेशानी हो रही है। उन्होंने इसके लिए नगर निगम की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि प्रतिदिन कचरा उठाव नहीं होने से स्थिति खराब हुई है। डॉ सुषमा वर्मा ने बताया कि इस संबंध में नगर निगम से संपर्क किया गया है और जल्द कचरा हटाने का आश्वासन मिला है।

## गांव-गांव पहुंच रहे पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चतरा।** जिले में पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता इन दिनों लगातार क्षेत्रीय दौरे पर हैं। चतरा समेत प्रतापपुर, कुंदा, लावालौंग, इटखोरी समेत विभिन्न प्रखंडों में पहुंचकर वे लोगों से मुलाकात कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित शादी समारोहों में शामिल होकर वर-वधू को आशीर्वाद देने के साथ-साथ आम लोगों की समस्याएं भी सुन रहे हैं। पूर्व मंत्री के दौरे को लेकर ग्रामीण इलाकों में राजनीतिक और सामाजिक हलचल बढ़ गई है। कई गांवों में लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। शादी समारोहों में पहुंचकर उन्होंने परिवार के लोगों से मुलाकात की और नवदंपत्ति को सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी उनसे मिलने पहुंचे। दौरे के क्रम में सत्यानंद भोक्ता लोगों की समस्याओं से भी रूबरू हो रहे हैं। ग्रामीणों ने सड़क, बिजली, पानी, राशन और स्वास्थ्य जैसी समस्याओं को उनके सामने रखा। कई स्थानों पर लोगों ने क्षेत्र में विकास कार्यों की गति बढ़ाने की मांग भी की। पूर्व मंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं को संबंधित विभागों तक पहुंचाकर समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व मंत्री लगातार गांवों में पहुंचकर लोगों के सुख-दुख में शामिल हो रहे हैं, जिससे आम लोगों के बीच उनका जुड़ाव मजबूत बना हुआ है। वहीं राजनीतिक जानकार इसे आगामी चुनावी तैयारियों और जनसंपर्क अभियान से भी जोड़कर देख रहे हैं। लगातार क्षेत्र भ्रमण के कारण पूर्व मंत्री की सक्रियता एक बार फिर चर्चा में है। गांवों में उनके पहुंचने से कार्यकताओं में भी उत्साह देखा जा रहा है।

### संक्षिप्त

#### विधायक ने हादसों के शिकार लोगों के परिजनों से की मुलाकात

**कोडरमा।** विधायक डॉ नीरा यादव ने गुरुवार को सतगावां प्रखंड के विभिन्न इलाकों का दौरा किया। उन्होंने विभिन्न हादसे के शिकार हुए लोगों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें भरोसा दिलाया। विधायक डॉ नीरा यादव ने सतगावां में भाजपा के वरीय नेता मनोज भगत के समलदीह आवास पर पहुंच कर उनकी माताजी के निधन पर शोक व्यक्त किया। वहीं शिवपुर में सड़क हादसे में घायल भाजपा कार्यकर्ता शशि सिंह से मिलने आवास पहुंची और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। प्रखंड के भखरा में हाथी के हमले से घायल पृथ्वी सिंह को देखने पहुंची विधायक ने उनके इलाज और मुआवजा के लिए संबंधित अधिकारियों से बात की। साथ ही रिम्स के निदेशक से वार्ता कर पृथ्वी सिंह के इलाज की समुचित व्यवस्था करने को कहा। विधायक ने खूटा में पवन यादव के परिजनों से भी मुलाकात की जिनकी सर्पदंश से मौत हो गई थी। उन्होंने कटैया पहुंचकर हाथी के हमले से मारे गए रोहित कुमार के परिजनों से मिलकर मुआवजा और अन्य सरकारी लाभ दिलाए जाने का भरोसा दिया। विधायक डॉ नीरा यादव ने नंदूडीह पहुंचकर प्रदीप यादव और उनके परिजनों से मुलाकात की।

#### हस्ताक्षर अभियान को सफल बनाने के लिए समिति ने की बैठक

**पूर्वी सिंहभूम।** रेल यात्री संघर्ष समिति की गुरुवार को गरम नाला में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता नीरज सिंह ने की। बैठक में 17 मई को साकची गोलचक्कर में आयोजित होने वाले हस्ताक्षर अभियान सह प्रदर्शन के बारे में विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के बारे में नीरज सिंह और अजय कुमार ने बताया कि रेल यात्रियों की समस्या को मजबूती से उठाने और उनके समाधान के लिए सोशल मीडिया पर जोर शोर से प्रचार किया जाएगा। रेल प्रशासन अगर हस्ताक्षर अभियान की गंभीरता को नजरअंदाज करेगा तो समिति के लोग रेल महाप्रबंधक के दफ्तर में जाकर समाधान खोजेंगे। बैठक में सुनील सिंह, मनोज सिंह, रत्नेश सिंह, संजीव कुमार, सौरभ कुमार, विवेक पाण्डेय, शत्रुघ्न गिरी, राघवेंद्र प्रताप सिंह और संतोष साह शामिल हुए।

# आदिवासी महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर आईसीपीआरडी की महत्वपूर्ण पहल

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**देवघर।** इंडिपेंडेंट कमीशन फॉर पीपुल्स राइट्स एंड डेवलपमेंट (आईसीपीआरडी) की ओर से झारखंड में आदिवासी एवं वंचित महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी डॉ. नंदिनी अजद की ओर से प्रस्तुत की गई। आईसीपीआरडी, जिसकी स्थापना वर्ष 1996 में हुई थी, एक राष्ट्रीय स्तर का जन-अधिकार एवं विकास समर्थक संगठन है। यह संस्था समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों, विशेषकर महिलाओं, आदिवासी समुदायों, श्रमिकों, किसानों और युवाओं के अधिकारों की रक्षा और उनके समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। संस्था नीति पैरवी, जन-संगठन, क्षमता निर्माण, शोध, प्रशिक्षण तथा विभिन्न संगठनों के बीच सहयोग और नेटवर्क निर्माण जैसे क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाती है। पिछले दो दशकों में आईसीपीआरडी ने देश के 21 राज्यों और 158 जिलों में लगभग 1,000 से अधिक स्वैच्छिक संस्थाओं एवं सामुदायिक संगठनों के साथ मिलकर कार्य किया है। संस्था द्वारा समूह निर्माण, माइक्रो क्रेडिट कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण, सुशासन के मुद्दों पर संवाद तथा महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा के विरोध में कई महत्वपूर्ण अभियान संचालित किए गए हैं। झारखंड के संदर्भ में आईसीपीआरडी की परियोजना विकास से वंचित आदिवासी महिलाओं के संस्थानों का निर्माण का मुख्य उद्देश्य स्थानीय महिलाओं को उनके पारंपरिक ज्ञान और सांस्कृतिक पहचान के आधार पर विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। इसके तहत महिला समूहों का गठन कर उन्हें संगठित एवं सशक्त बनाया जा रहा है, ताकि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर सरकारी योजनाओं तक अपनी पहुंच सुनिश्चित कर सकें। आईसीपीआरडी ने अपने सहयोगी संगठनों आरडीटीएफ (आरडीटीएफ), साथी, दृढ़ संकल्प तथा प्रवला सेवा संस्था के साथ मिलकर दुमका, गोड्डा और जामताड़ा जिलों के 30 चयनित गांवों में कार्य प्रारंभ किया है। इन गांवों का चयन शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, बिजली, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी तथा सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों के आधार पर किया गया है। परियोजना के तहत महिलाओं को संगठित करने, नेतृत्व क्षमता विकसित करने, जागरूकता बैठकें आयोजित करने तथा स्थानीय भाषा और सांस्कृतिक माध्यमों के जरिए उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही उन्हें प्रोत्साहित किया जा रहा है कि वे पंचायत प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के समक्ष अपनी समस्याएं एवं मांगें रखें तथा सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करें।

## ईस्ट बसुरिया में दीवार गिरने से बोरवेल गाड़ी मजदूर की मौत

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**धनबाद।** धनबाद के ईस्ट बसुरिया ओपी क्षेत्र में गुरुवार को एक हादसे में बोरवेल गाड़ी में काम करने वाले मजदूर की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में जल निकासी को लेकर बोरिंग का कार्य चल रहा था। इसी दौरान बोरवेल गाड़ी में कार्यरत मजदूर लक्ष्मण हांसदा पास में शौच के लिए गया था। तभी वहां मौजूद करीब 30 फीट ऊंची दीवार अचानक भरभरा कर गिर गई और मजदूर मलबे में दब गया। घटना की आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग और अन्य मजदूर मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों और मजदूरों ने काफी मशक्कत के बाद मलबे में दबे मजदूर को बाहर निकाला। हालांकि तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही ईस्ट बसुरिया ओपी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद एसएनएमएमसीएच भेज दिया। मृतक की पहचान 38 वर्षीय लक्ष्मण हांसदा के रूप में हुई है।

## रेलवे अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम का विरोध जेसीबी के आगे लेटा पीड़ित, बैरंग लौटे अधिकारी

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**धनबाद।** धनबाद थाना क्षेत्र के विनोद नगर में गुरुवार को रेलवे प्रशासन की अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई उस वक्त विवादों में घिर गई, जब स्थानीय लोगों ने जमकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। रेलवे अधिकारी और धनबाद सीओ जेसीबी मशीन लेकर मकान और दुकानों को तोड़ने पहुंचे थे। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिना किसी पूर्व नोटिस और बिना मुआवजा दिए अचानक कार्रवाई शुरू कर दी गई। लोगों का कहना है कि वर्षों से वे यहां रहकर अपना रोजगार चला रहे थे, लेकिन अचानक हुई कार्रवाई से उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। कार्रवाई के विरोध में लोगों ने रेलवे प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान एक पीड़ित व्यक्ति जेसीबी मशीन के आगे जाकर लेट गया और कार्रवाई रोकने की मांग करने लगा। मौके पर तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। स्थानीय लोगों ने रेलवे प्रशासन से उचित मुआवजा और वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की। लगातार विरोध और बढ़ते हंगामे को देखते हुए अधिकारियों को फिलहाल कार्रवाई रोकनी पड़ी और पूरी टीम बैरंग लौट गई।

## धरना पर केस दर्ज होने से भड़की कांग्रेस, सीओ के खिलाफ थाना पहुंचे नेता

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**धनबाद।** धनबाद में कांग्रेस और प्रशासन के बीच टकराव अब खुलकर सामने आने लगा है। गुरुवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने धनबाद अंचलाधिकारी यानी सीओ के खिलाफ धनबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कई गंभीर आरोप लगाए हैं। कांग्रेस का आरोप है कि जनसमस्याओं को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे कार्यकताओं पर प्रशासन ने गलत तरीके से सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का मामला दर्ज कराया। वहीं कांग्रेस ने सीओ पर भ्रष्टाचार, दुर्व्यवहार और राजनीतिक प्रताड़ना का भी आरोप लगाया है। मामले को लेकर राजनीतिक माहौल गर्म हो गया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि हाल ही में कांग्रेस कार्यकर्ता विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन कर रहे थे। लेकिन प्रशासन ने लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन करते हुए कार्यकताओं पर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का केस दर्ज करा दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि धनबाद के सीओ अपनी कार्यशैली से सरकार की छवि खराब कर रहे हैं और जनता की आवाज उठाने वालों को निशाना बना रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी उक्त अंचलाधिकारी पर कांग्रेस कार्यकताओं के साथ दुर्व्यवहार, आपत्तिजनक भाषा के इस्तेमाल और जातिसूचक शब्द कहने के आरोप लग चुके हैं। उस मामले में भी थाना में शिकायत दर्ज कराई गई थी। कांग्रेस का कहना है कि अधिकारी मनमाने तरीके से काम कर रहे हैं और राजनीतिक कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित करने का प्रयास कर रहे हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने चेतावनी देते हुए कहा कि पार्टी लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास करती है, लेकिन अधिकारियों की तानाशाही और मनमानी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस सड़क से लेकर आंदोलन तक का रास्ता अपनाएगी। फिलहाल इस पूरे मामले के बाद जिले का राजनीतिक माहौल गरमा गया है और अब सबकी नजर प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई है।

## शराब के नशे में पत्नी की पीट-पीटकर हत्या, आरोपित पति गिरफ्तार



**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के मनोहरपुर इतवार बाजार क्षेत्र में महिला का शव मिलने के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए मृतका के पति को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका की पहचान रीना मछुवा के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि शराब के नशे में हुए विवाद के दौरान आरोपित पति ने पत्नी के साथ मारपीट की, जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार 13 मई को पुलिस को सूचना मिली थी कि मनोहरपुर बाजार क्षेत्र में एक महिला का शव जमीन पर पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मामले में वादिनी के बयान के आधार पर मनोहरपुर थाना में मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमित रेनू के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जय लकड़ा, थाना प्रभारी और अन्य पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीम ने विशेष छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने नामजद आरोपित चरण महली को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की उम्र 35 वर्ष बताई गई है। वह मूल रूप से रनियां थाना क्षेत्र के ईटाम गांव, जिला खूंटी का निवासी है और वर्तमान में मनोहरपुर बाजार में रह रहा था। गुरुवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जय लकड़ा ने बताया कि पूछताछ में आरोपित ने स्वीकार किया है कि उसने अपनी दूसरी पत्नी रीना मछुवा के साथ शराब के नशे में मारपीट की थी। इसी दौरान लात-घूंसे से हमला करने के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच आगे बढ़ाई जा रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है और मामले के सभी पहलुओं की गहन जांच जारी है।

## उपायुक्त ने गिद्धौर अंचल कार्यालय, कस्तूरबा विद्यालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण

**चतरा।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त रवि आनंद ने गुरुवार को गिद्धौर प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने कर्मियों एवं पदाधिकारीयों की उपस्थिति की जांच करते हुए उपस्थिति पंजी, कार्यालय परिसर की साफ सफाई एवं महत्वपूर्ण अभिलेखों का अवलोकन किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त को यह ज्ञात हुआ कि वर्षा होने पर प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में जल जमाव की समस्या हो जाती है जिसके कारण कर्मियों एवं आम जनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उपयुक्त ने संबंधित कार्यपालक अभियंता को समस्या के स्थाई समाधान हेतु प्रकरण तैयार कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया मौके पर उन्होंने कहा कि आम जनों से जुड़े मामलों का ससमय निष्पादन किया जाए। गिद्धौर प्रखंड के अंतर्गत पर्यटन स्थल बलबल के सौंदर्यीकरण और विकास के संदर्भ में भी चर्चा की। इसके उपरांत उपायुक्त प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण कर विद्यालय में संचालित व्यवस्थाओं का जायजा लिया इस दरम्यान उन्होंने शिक्षिकाओं एवं छात्राओं की उपस्थिति पंजी का भी अवलोकन किया अनुपस्थित शिक्षिकाओं के मामले में प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस क्रम में उपायुक्त ने विद्यालय परिसर छात्रावास भोजन कक्ष एवं रसोई घर का निरीक्षण कर साफ सफाई की आवश्यकता पर बल दिया। निरीक्षण के क्रम में जिला उपायुक्त ने प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाओं का भी जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने रोस्टर के अनुरूप चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के उपस्थिति की भी जांच की। जिला उपायुक्त ने स्वास्थ्य केंद्र में दवाओं के भंडारण, साफ सफाई, पेयजल एवं मरीज को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाए रखने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों के अभाव की जानकारी मिलने पर उन्होंने सिविल सर्जन चतरा को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य केंद्र में जर्जर भवनों को भवन प्रमंडल से कंडम घोषित कर ध्वस्तिकरण की प्रक्रिया प्रारंभ करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त के साथ अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सह परिवहन पदाधिकारी चतरा महेश्वरी प्रसाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी गिद्धौर राहुल देव समेत संबंधित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## देवघर में तीन वर्षों से एक ही कुर्सी पर जमे वित्तीय कर्मियों का होगा तबादला

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**देवघर।** स्वास्थ्य विभाग में लंबे समय से एक ही कार्यालय में पदस्थापित वित्तीय कार्यों से जुड़े कर्मियों के तबादले की प्रक्रिया तेज हो गई है। स्वास्थ्य निदेशक प्रमुख, रांची ने राज्य के सभी जिलों के स्वास्थ्य अधीक्षकों को पत्र जारी कर निर्देश दिया है कि वित्तीय कार्यों से संबंधित ऐसे कर्मियों की समीक्षा की जाए, जो तीन वर्षों से अधिक समय से एक ही कार्यालय में कार्यरत हैं। जारी निर्देश के अनुसार वरीय लेखा सहायक, लेखा सहायक, लेखा अधीक्षक, लेखपाल और बिल के लिपिक जैसे पदों पर कार्यरत कर्मियों का यदि एक ही कार्यालय में पदस्थापन तीन वर्ष से अधिक हो चुका है, तो उनका अनिवार्य रूप से एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय में स्थानांतरण किया जाएगा। इसके अनुपालन की रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर विभाग को उपलब्ध कराने को कहा गया है। निर्देश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि तीन वर्ष से अधिक समय से पदस्थापित संबंधित कर्मियों को वित्तीय कार्यों से तत्काल प्रभाव से विमुक्त किया जाए। साथ ही सभी संस्थानों को निर्देश दिया गया है कि पत्र प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर संबंधित कर्मियों की सेवा पुस्तिका एवं सेवा इतिहास उपलब्ध कराएं। जिला संवर्ग के कर्मियों की जानकारी संबंधित जिले के सिविल सर्जन को भेजी जाएगी, जबकि राज्य संवर्ग के कर्मियों की सूची और सेवा इतिहास स्वास्थ्य निदेशालय को उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि आगामी स्थापना समिति की बैठक में नियमानुसार उनका स्थानांतरण सुनिश्चित किया जा सके। विभाग ने चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर संबंधित कर्मियों की सूची उपलब्ध नहीं कराई जाती और स्थानांतरण नहीं होने के कारण किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता या अवैध निकासी होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित कर्मी और निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी (डीडीओ) की होगी। इसके अतिरिक्त, संविदा या एकमुश्त मानदेय पर कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटरों को वित्तीय कार्यों से दूर रखने का भी निर्देश जारी किया गया है।

## धनबाद में सर्विस सेंटर गेट पर संदिग्ध बम मिलने से हड़कंप, जांच में जुटी पुलिस

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**धनबाद।** सरायढेला थाना क्षेत्र स्थित प्रेमसंस हौंडा सर्विस सेंटर के मुख्य गेट के समीप गुरुवार को बम जैसी संदिग्ध वस्तु मिलने की सूचना से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही सरायढेला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और संदिग्ध वस्तु को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मामले की जानकारी मिलते ही राज सिन्हा भी घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस अधिकारियों से पूरी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि धनबाद में अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है और आए दिन इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से त्वरित कार्रवाई कर मामले का जल्द उद्भेदन करने की मांग की। वहीं सरायढेला थाना के एसआई अनूप कुमार ने बताया कि बम होने की सूचना पर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। सीसीटीवी फुटेज की जांच में गेट के पास बम जैसी वस्तु दिखाई दे रही है, जिसे जब्त कर लिया गया है।

## संपादकीय

### गरीबों पर न पड़े संकट का बोझ

**पश्चिम** एशिया में जारी संघर्ष का असर अब भारत की अर्थव्यवस्था पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी, रुपये की कमजोरी और व्यापारिक आपूर्ति श्रृंखलाओं में बाधा ने देश के सामने नई आर्थिक चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। विशेष रूप से होर्मुज जलमार्ग में उत्पन्न संकट ने ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित किया है, जिसका सीधा असर भारत जैसे ऊर्जा आयात पर निर्भर देशों पर पड़ना स्वाभाविक है। इसी पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनता से पेट्रोलियम उत्पादों के संयमित उपयोग, अनावश्यक विदेश यात्राओं से बचने, सोने की खरीदारी कम करने और स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देने की अपील की गई है। सरकार का मानना है कि यदि नागरिक जिम्मेदारी के साथ संसाधनों का उपयोग करें, तो विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ने वाले दबाव को कम किया जा सकता है और ऊर्जा संकट का प्रभाव सीमित किया जा सकता है। निस्संदेह, भारत ने पिछले कुछ वर्षों में सौर ऊर्जा और वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। इसके बावजूद देश की बड़ी ऊर्जा जरूरतें अब भी जीवाश्म ईंधनों पर निर्भर हैं। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय संकट का सीधा असर भारतीय बाजार और आम नागरिकों के जीवन पर पड़ना तय है। पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में संभावित बढ़ोतरी केवल परिवहन लागत को ही नहीं बढ़ाएगी, बल्कि रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों को भी प्रभावित करेगी। संकेत साफ हैं कि आने वाले समय में खाद्य पदार्थों, पैकेजिंग सामग्री, साबुन, डिटर्जेंट, पेय पदार्थ और अन्य उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि हो सकती है। उत्पादन लागत बढ़ने के कारण कंपनियां धीरे-धीरे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ डालने की तैयारी में हैं। इसका सबसे अधिक असर निम्न और मध्यम वर्ग पर पड़ेगा, जिसकी आय पहले से ही महंगाई और रोजगार संबंधी चुनौतियों के दबाव में है। प्रधानमंत्री द्वारा कोरोना काल की तरह वर्क फ्रॉम होम अपनाने, खाद्य तेल की खपत कम करने और रासायनिक उर्वरकों के सीमित उपयोग जैसे सुझाव यह दशार्ते हैं कि सरकार संकट की गंभीरता को भलीभांति समझ रही है। यह भी सही है कि राष्ट्रीय संकट के समय केवल सरकार ही नहीं, बल्कि नागरिकों की भी जिम्मेदारी होती है कि वे संसाधनों के संरक्षण और आर्थिक संतुलन बनाए रखने में सहयोग करें। लेकिन इस पूरी प्रक्रिया में सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि क्या इन उपायों का बोझ समाज के कमजोर वर्गों पर असमान रूप से पड़ेगा? भारत जैसे देश में बड़ी आबादी आज भी सीमित आय में जीवनयापन करती है।

# अरावली का संरक्षण भारत के पर्वतों के लिए प्रेरक

न्यायालय ने अपने प्रारंभिक निर्णयों में यह स्पष्ट किया था कि जिन क्षेत्रों को पहले से कानूनी संरक्षण प्राप्त है, उन्हें खनन या अन्य पर्यावरण-क्षतिकारक गतिविधियों के लिए नहीं खोला जा सकता। न्यायालय ने यह भी कहा कि प्रशासनिक अस्पष्टता या सरकारी लापरवाही को पर्यावरणीय सुरक्षा लागू न करने का आधार नहीं बनाया जा सकता। इसी क्रम में पर्यावरणीय न्यायशास्त्र के अंतर्गत एहतियाती सिद्धांत, पारिस्थितिक जोखिम, सार्वजनिक न्यास सिद्धांत और विशेषज्ञ-सहायता प्राप्त न्यायिक निर्णयों की अवधारणाएँ भी विकसित हुईं। अरावली संरक्षण को लेकर विभिन्न समितियों और विशेषज्ञ समूहों के बीच लंबे समय से मतभेद बने रहे हैं। न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत अभिलेखों में असहमति वाले प्रतिवेदन भी शामिल रहे हैं, जो यह दशार्ते हैं कि अरावली की परिभाषा और उसके संरक्षण की सीमा को लेकर लगातार विवाद बना हुआ है। इसी पृष्ठभूमि में सर्वोच्च न्यायालय ने 20 नवंबर 2025 के अपने निर्णय में अरावली पर्वतमाला की परिभाषा तथा दिल्ली, हरियाणा, गुजरात और राजस्थान में उसके समुचित संरक्षण को एक महत्वपूर्ण संवैधानिक और पर्यावरणीय प्रश्न माना।



जलपुरुष राजेंद्र सिंह

न्यायालय ने इस उद्देश्य से गठित समिति की रिपोर्ट को स्वीकार किया, जिसमें अरावली पर्वतमाला की एक परिभाषा निर्धारित की गई थी। बाद में न्यायालय ने यह भी अभिलिखित किया कि यही परिभाषा उस अनुशंसा का मुख्य आधार बनी, जिसके अनुसार नव-निर्धारित अरावली क्षेत्र में नई खनन पट्टियाँ प्रदान न की जाएँ। किंतु इसके बाद 29 दिसंबर 2025 के आदेश में न्यायालय ने गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि परिभाषाओं का सावधानीपूर्वक परीक्षण न किया जाए, तो वे अस्पष्टता और अनपेक्षित परिणाम उत्पन्न कर सकती हैं। न्यायालय ने यह माना कि किसी गलत या अधूरी परिभाषा के कारण ऐसे नियामकीय शून्य उत्पन्न हो सकते हैं, जो अरावली की पारिस्थितिक अखंडता को कमजोर कर दें।

इसी कारण न्यायालय ने यह आवश्यक माना कि समिति की रिपोर्ट लागू करने से पहले निष्पक्ष, स्वतंत्र और विशेषज्ञ राय प्राप्त की जाए तथा सभी आवश्यक हितधारकों को इस प्रक्रिया में सम्मिलित किया जाए। न्यायालय के अनुसार यह कदम केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि उन महत्वपूर्ण अस्पष्टताओं को दूर करने के लिए अनिवार्य है, जो भविष्य में बड़े पर्यावरणीय और संवैधानिक परिणाम उत्पन्न कर सकती हैं। इस संदर्भ में प्रस्तुत सिमुलेशन का उद्देश्य किसी खनन परियोजना, विशेष स्थल या वास्तविक मानचित्र का मूल्यांकन करना नहीं है। यह पर्यावरण प्रभाव आकलन भी नहीं है। इसका



*सी कारण न्यायालय ने यह आवश्यक माना कि समिति की रिपोर्ट लागू करने से पहले निष्पक्ष, स्वतंत्र और विशेषज्ञ राय प्राप्त की जाए तथा सभी आवश्यक हितधारकों को इस प्रक्रिया में सम्मिलित किया जाए। न्यायालय के अनुसार यह कदम केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि उन महत्वपूर्ण अस्पष्टताओं को दूर करने के लिए अनिवार्य है, जो भविष्य में बड़े पर्यावरणीय और संवैधानिक परिणाम उत्पन्न कर सकती हैं। इस संदर्भ में प्रस्तुत सिमुलेशन का उद्देश्य किसी खनन परियोजना, विशेष स्थल या वास्तविक मानचित्र का मूल्यांकन करना नहीं है। यह पर्यावरण प्रभाव आकलन भी नहीं है। इसका उद्देश्य केवल यह स्पष्ट करना है कि विभिन्न कानूनी परिभाषाएँ किस प्रकार भू-भागों को शामिल या बाहर कर सकती हैं, और इस प्रकार वे किस प्रकार भविष्य में उन क्षेत्रों को विघटन, हस्तक्षेप या विनाशकारी प्रक्रियाओं के जोखिम को सामने ला सकती हैं। यह सिमुलेशन किसी भू-भाग को नुक्सान पहुँचाने की संवैधानिक वैधता का निर्णय नहीं करता, बल्कि यह दिखाता है कि कानूनी परिभाषाएँ स्वयं किस प्रकार किसी क्षेत्र को संभावित खतरे के दायरे में ला सकती हैं। यही कारण है कि यह प्रश्न अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या किसी भू-भाग को पारिस्थितिक दृष्टि से त्याज्य माना जा सकता है। यह प्रश्न केवल पर्यावरणीय नीति का नहीं, बल्कि संविधान के अनुच्छेद 21 और 48अ, एहतियाती सिद्धांत, अंतरपीढ़ी समानता और सार्वजनिक न्यास सिद्धांत से जुड़ा हुआ संवैधानिक प्रश्न है। अरावली का प्रश्न केवल पहाड़ों या खनिजों का प्रश्न नहीं है। यह उस मूल दृष्टिकोण का प्रश्न है, जिसके आधार पर समाज यह तय करता है कि प्रकृति को केवल संसाधन मानकर उपयोग किया जाएगा या उसे जीवन, संतुलन और भविष्य की पीढ़ियों के अधिकारों के रूप में भी देखा जाएगा।*

उद्देश्य केवल यह स्पष्ट करना है कि विभिन्न कानूनी परिभाषाएँ किस प्रकार भू-भागों को शामिल या बाहर कर सकती हैं, और इस प्रकार वे किस प्रकार भविष्य में उन क्षेत्रों को विघटन, हस्तक्षेप या विनाशकारी प्रक्रियाओं के जोखिम को सामने ला सकती हैं।

यह सिमुलेशन किसी भू-भाग को नुक्सान पहुँचाने की संवैधानिक वैधता का निर्णय नहीं करता, बल्कि यह दिखाता है कि कानूनी परिभाषाएँ स्वयं किस प्रकार किसी क्षेत्र को संभावित खतरे के दायरे में ला सकती हैं। यही कारण है कि यह प्रश्न अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या किसी भू-भाग को पारिस्थितिक दृष्टि से त्याज्य माना जा सकता है। यह प्रश्न केवल पर्यावरणीय नीति का नहीं, बल्कि संविधान के अनुच्छेद 21 और 48अ, एहतियाती सिद्धांत, अंतरपीढ़ी समानता और सार्वजनिक न्यास सिद्धांत से जुड़ा हुआ संवैधानिक प्रश्न है।

अरावली का प्रश्न केवल पहाड़ों या खनिजों का प्रश्न नहीं है। यह उस मूल दृष्टिकोण का प्रश्न है, जिसके आधार पर समाज यह तय करता है कि प्रकृति को केवल संसाधन मानकर उपयोग किया जाएगा या उसे जीवन, संतुलन और भविष्य की पीढ़ियों के अधिकारों के रूप में भी देखा जाएगा। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने अरावली पर्वतमाला को उत्तर-पश्चिम भारत की पारिस्थितिक एवं सामाजिक-आर्थिक जीवनरेखा माना है। न्यायालय के अनुसार अरावली केवल एक पर्वतमाला नहीं, बल्कि वह प्राकृतिक अवरोध है, जो उत्तर-पश्चिम के शुष्क मरुस्थल और उत्तर भारत के उपजाऊ मैदानों के बीच संतुलन बनाए रखता है। इसे उत्तर-पश्चिम भारत के हरित फेफड़े के रूप में भी देखा गया है, जिसने सदियों से विविध पारिस्थितिक तंत्रों को संरक्षित रखा है और अनेक समुदायों की आजीविका का आधार बना हुआ है। अरावली की प्राचीन भू - वैज्ञानिक संरचना इसे खनिज संपदा से समृद्ध बनाती है, किंतु यही विशेषता लंबे समय से इसे अनियंत्रित शोषण के खतरे के सामने भी खड़ा करती रही है। सर्वोच्च न्यायालय ने अपने विभिन्न निर्णयों में यह उल्लेख किया है कि अनियंत्रित शहरीकरण, निरंतर वनों की कटाई और संसाधनों के अत्यधिक शोषण ने इस स्वभावतः नाजुक पारिस्थितिक तंत्र पर गंभीर दबाव डाला है। यही कारण है कि, वर्ष 1991 से न्यायालय अरावली क्षेत्र में खनन गतिविधियों और पर्यावरणीय संरक्षण से जुड़े मामलों पर लगातार विचार करता रहा है।

- लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं।

# सोना खरीदने से क्यों मना कर रहे हैं मोदी?

**नीरज कुमार दुबे**

प्रधानमंत्री ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हुई है और होरमुज जलडमरूमध्य में बाधा आने से तेल की आपूर्ति को लेकर गंभीर संकट पैदा हो गया है। हम आपको बता दें कि यह समुद्री मार्ग दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल परिवहन मार्गों में गिना जाता है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के शांति प्रस्ताव को ठुकराए जाने के बाद कच्चे तेल की कीमतें एक सौ पांच डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गईं, जिससे पूरी दुनिया में महंगाई और ऊर्जा सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। भारत अपनी जरूरत का लगभग 88 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में तेजी का सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। रुपये में कमजोरी आई है और आयात बिल लगातार बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोरोना काल के दौरान देश ने घर से काम, वर्चुअल बैठकों और वीडियो संवाद जैसी व्यवस्थाओं को अपनाया था। अब समय आ गया है कि इन तरीकों को फिर से व्यापक रूप से अपनाया जाए ताकि ईंधन की खपत कम हो और विदेशी मुद्रा की बचत हो सके।उन्होंने लोगों से मेट्रो रेल का अधिक उपयोग करने, कार पूल जैसी शेयरिंग व्यवस्था अपनाने और बिजली से चलने वाले वाहनों को प्राथमिकता देने की अपील की। साथ ही माल परिवहन को सड़कों की बजाय रेलमार्ग की ओर ले जाने की बात भी कही ताकि डीजल पर निर्भरता घटाई जा सके। हम आपको बता दें कि पश्चिम एशिया संकट के बाद भारत का ईंधन आयात खर्च तेजी से बढ़ा है और यदि होरमुज जलडमरूमध्य में बाधा लंबे समय तक बनी रही तो तेल की ऊंची कीमतें कई महीनों तक बनी रह सकती हैं।प्रधानमंत्री की सबसे अधिक चर्चा में



रही अपील सोने की खरीद को लेकर थी। उन्होंने कहा कि देशहित में नागरिकों को कम से कम एक वर्ष तक सोना खरीदने से बचना चाहिए। हम आपको बता दें कि भारत दुनिया के सबसे बड़े सोना आयातकों में शामिल है और विवाह तथा त्योहारों के मौसम में इसकी मांग बहुत बढ़ जाती है। चूंकि सोना मुख्य रूप से विदेशों से आयात किया जाता है, इसलिए इसकी अधिक खरीद से डॉलर बाहर भेजना पड़ता है और भारत के घरेलू विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव पड़ता है। अर्थशास्त्रियों के अनुसार भारत के लिए कच्चे तेल और सोने में एक समानता है। दोनों का बड़ा हिस्सा विदेशों से खरीदा जाता है और भुगतान अमेरिकी डॉलर में किया जाता है। जब तेल महंगा होता है और साथ ही सोने की मांग भी बढ़ जाती है, तब देश को आयात के लिए अधिक डॉलर खर्च करने पड़ते हैं। इससे चालू खाते का घाटा बढ़ता है और रुपये पर दबाव आता है। यही कारण है कि आर्थिक संकट के समय सरकारें अक्सर सोने के आयात को नियंत्रित करने के उपाय करती रही हैं। अतीत में भी आयात शुल्क बढ़ाने, आयात पर रोक लगाने और वैकल्पिक योजनाओं को बढ़ावा देने जैसे कदम उठाए जा चुके हैं।प्रधानमंत्री ने लोगों से अनावश्यक विदेश यात्राएं, विदेशी पर्यटन और विदेशों में आयोजित होने वाले विवाह समारोह भी एक वर्ष तक टालने का आग्रह किया। उनका कहना था कि मध्यम वर्ग में विदेश घूमने और विदेश में विवाह करने का चलन तेजी से बढ़ा है, लेकिन मौजूदा वैश्विक संकट के समय विदेशी मुद्रा बचाना राष्ट्रीय आवश्यकता बन गया है। इस बीच, अमेरिका ईरान युद्ध का असर वैश्विक सोना बाजार पर भी दिखाई दे रहा है। आम तौर पर युद्ध और भू-राजनीतिक तनाव के समय निवेशक सोने को सुरक्षित निवेश मानते हैं, जिससे इसकी कीमतें बढ़ती हैं। लेकिन इस बार स्थिति जटिल है क्योंकि तेल की कीमतों में उछाल से महंगाई और ब्याज दरों के लंबे समय तक ऊंचे बने रहने की आशंका बढ़ गई है। ऊंची ब्याज दरों के कारण निवेशक सोने की बजाय ब्याज देने वाले निवेश विकल्पों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। इसी कारण युद्ध की अनिश्चितता के बावजूद अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव बना हुआ है। हम आपको यह भी बता दें कि प्रधानमंत्री ने केवल ईंधन और सोने तक ही अपनी अपील सीमित नहीं रखी। उन्होंने खाद्य तेल की खपत घटाने, रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को कम करने और प्राकृतिक खेती तथा स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने की भी बात कही। उनका कहना था कि किसी भी तरह विदेशी मुद्रा की बचत करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और देश को आत्मनिर्भर बनाने में हर नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है। हालांकि विपक्ष ने प्रधानमंत्री की इस अपील पर सवाल भी उठाए हैं। कांग्रेस ने कहा है कि सरकार ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रही है और अब आम लोगों पर बोझ डाल रही है। दूसरी ओर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री की अपील को दूरदर्शी कदम बताते हुए कहा कि इससे भारत ऊर्जा के क्षेत्र में अधिक सुरक्षित और आत्मनिर्भर बन सकेगा। उधर, विशेषज्ञों का मानना है कि प्रधानमंत्री का संदेश केवल सोना या ईंधन बचाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश को संभावित वैश्विक आर्थिक संकट के लिए तैयार करने का संकेत भी है। यदि तेल की कीमतें लंबे समय तक ऊंची बनी रहीं और सोने का आयात भी बढ़ता रहा, तो महंगाई, आयात बिल और रुपये पर दबाव और अधिक बढ़ सकता है। ऐसे में सरकार नागरिकों से संयम, बचत और स्वदेशी सोच अपनाने की अपील कर रही है ताकि वैश्विक संकट के बीच भारत की आर्थिक स्थिरता बनी रहे।

**- लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं।**

## आज का पंचांग

### दैनिक पंचांग

**15 मई 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय |
|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष 05.23 बजे से |
| चंद्र | मेष में | मिथुन 07.21 बजे से |
| मंगल | मेष में | कर्क 09.34 बजे से |
| बुध | वृष में | सिंह 11.51 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कन्या 14.03 बजे से |
| शुक्र | मिथुन में | तुला 16.13 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक 18.28 ब.से |
| राहु | कुंभ में | धनु 20.44 बजे से |
| केतु | सिंह में | मकर 22.49 बजे से |
| राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक | | कुंभ 00.36 बजे से |
| | | मीन 02.08 बजे से |
| | | मेष 03.39 बजे से |

**शुक्रवार** 2026 वर्ष का 135 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948 **मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** त्रयोदशी 08.32 बजे तदनन्तर चतुर्दशी 05.12 बजे प्रात: को समाप्त। **नक्षत्र** अश्विनी 20.15 बजे को समाप्त। **योग** आयुष्मान 14.21 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 08.32 बजे, विष्टि 18.55 बजे तदनन्तर शकुनि 05.12 बजे प्रात: को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 18° 49' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872710 **जूलियन दिन** 2461175.5 **कलियुग संवत्** 5128 **कल्पारंभ संवत्** 1972949128 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** जिल्काद **तारीख** 27 **विशेष** मासिक शिवरात्रि, विश्व परिवार दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8861



**बाएँ से दाएँ**

1. भगवान, ईश्वर,रब-7
6. रुपये का सोलहवां भाग-2
7. मध्यप्रदेश का एक भाग-3
8. मूल्य,कीमत,दर-2
10. जी,इच्छा,चित-2
11. नलका,टोंटी-2
13. बारीक,सूक्ष्म-3
14. रेखा,लाइन-3
15. रग,नाड़ी-2
17. अधिकार -2
18. वध,कत्ल,मर्डर-2
20. दौड़ने वाला,धावक (अंग्रेजी-3)
21. एक आंख वाला-2
22. निंदा करना,प्रतिष्ठा खंडित करना-4,3

**ऊपर से नीचे**

2. निर्माण,बनाना-3
3. एक संगीतकार-4
4. गाड़ी चलानेवाला-4
5. नखरा-2
6. आरामदेय-5
9. इच्छा पूरी करना-2,3
10. चिंतन-3
12. उत्साह,जिज्ञासा-3
16. हद,सीमा,बार्डर-4
17. हमेशा,सदैव-4
19. बलिदान,परित्याग, विरक्ति-2
21. नास्तिक (उर्दू-2)

**शब्द पहेली-8860 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ही | | का | | म | | ह | क |
| ला | | सा | या | | य | श | | हा |
| म | त | ली | | सां | | क | ल | र |
| | ल | | च | प | ल | | ह | |
| घ | ब | रा | ना | | च | प | ल | ता |
| | गा | | ब | हा | र | | हा | |
| भ | र | म | | नि | | प | ना | ह |
| ला | | द | ल | | क | द | | वे |
| ई | ख | | म्हा | | ली | | डा | ली |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सुडोकू

**सूडोकु नवताल- 7795** ★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7794 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

# विक्रमशिला सेतु पर 10 से 15 दिनों में शुरू होगी हल्के वाहनों की आवाजाही : मंत्री

एजेंसी

**भागलपुर।** भागलपुर की लाइफलाइन माने जाने वाले विक्रमशिला सेतु पर उत्पन्न संकट को दूर करने के लिए बिहार सरकार पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रही है। गुरुवार को पथ निर्माण मंत्री इंजीनियर कुमार शैलेंद्र ने विभागीय अधिकारियों के साथ सेतु के क्षतिग्रस्त हिस्से का पैदल निरीक्षण कर हालात का जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान मंत्री ने बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन यानी बीआरओ द्वारा सैन्य स्तर पर बनाए जा रहे बेली ब्रिज के निर्माण कार्य और उसमें इस्तेमाल की जा रही सामग्री की गुणवत्ता की भी जांच की।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में सरकार इस पूरे मामले पर लगातार नजर बनाए हुए है और तेजी से काम कराया जा रहा है। मंत्री ने भरोसा दिलाया कि अगले 10 से 15 दिनों के भीतर 3.25 मीटर चौड़े अस्थायी बेली ब्रिज पर हल्के वाहनों का परिचालन शुरू कर दिया जाएगा, जिससे आम लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि पहले चरण में बेली ब्रिज के जरिए यातायात बहाल किया जाएगा। वहीं दूसरे चरण में ट्रस तकनीक के माध्यम से पुल का स्थायी समाधान किया जाएगा। विक्रमशिला सेतु बाधित होने के कारण लोगों को नाव के सहारे जोखिम भरा सफर करना पड़ रहा है और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भी असर देखने को मिल रहा है। ऐसे में सरकार का यह कदम भागलपुर वासियों के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है।

# पुनर्वास की मांग को लेकर आदिवासियों का प्रदर्शन

एजेंसी

**भागलपुर।** जिले के पीरपैंती में निमार्णाधीन थर्मल पावर प्लांट क्षेत्र में पुनर्वास की मांग को लेकर गुरुवार को आदिवासी समाज के लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। सैकड़ों की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने पावर प्लांट के मुख्य गेट को जाम कर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने प्रशासन और प्लांट प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का आरोप था कि अदानी पावर प्लांट प्रबंधन द्वारा विस्थापित परिवारों के लिए जो घर बनाए जा रहे हैं वे उनकी जरूरतों और मांगों के अनुरूप नहीं हैं। आदिवासी समाज के



लोगों ने कहा कि वे पहले ही अपनी जमीन और गांव छोड़ चुके हैं। लेकिन अब पुनर्वास के नाम पर छोटे और असुविधाजनक घर दिए जा रहे हैं। कई बार शिकायत और मांग रखने के बावजूद उनकी बातों को नजरअंदाज किया गया। जिसके बाद आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा। प्रदर्शन की सूचना मिलने के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिमन्यु कुमार और अंचलाधिकारी चंद्रशेखर मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने लोगों को समझाने का प्रयास किया और उन्हें निमार्णाधीन पुनर्वास स्थल का निरीक्षण कराया। प्रशासन की ओर से आश्वासन दिया गया कि फिलहाल लोग वहां रहें। आगे उनकी मांगों के अनुसार अन्य व्यवस्था पर विचार किया जाएगा। वहीं स्थानीय विधायक मुरारी पासवान ने भी आंदोलनरत आदिवासी परिवारों का समर्थन किया।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रदेश कांग्रेस की अनुशासन समिति ने दो नेताओं को किया निष्कासित

**पटना।** प्रदेश कांग्रेस की अनुशासन समिति ने पार्टी विरोधी गतिविधियों, अमर्यादित आचरण और अनुशासनहीनता के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए और दो नेताओं पर बड़ी कार्रवाई की है। प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव ने गयाजी जिला के ओंकार शक्ति और युवा इंटक नेता चंदन सिंह को तत्काल प्रभाव से कांग्रेस पार्टी की सदस्यता से आगामी 6 (छः) वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है। अनुशासन समिति ने अपने आदेश में कहा है कि दोनों नेताओं द्वारा पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहने और अनुशासनहीनता करने के कारण यह कार्रवाई की गई है। अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव ने कहा कि अनुशासनहीनता एवं पार्टी विरोधी आचरण के कारण ओंकार शक्ति एवं चंदन सिंह को तत्काल प्रभाव से निष्कासित किया गया है। अनुशासन समिति ने स्पष्ट किया है कि पार्टी में अनुशासन बनाए रखना सभी नेताओं की जिम्मेदारी है। किसी भी स्तर पर अनुशासनहीनता को अब पार्टी बर्दास्त नहीं करेगी।

### एसएसबी और थाना पुलिस का बॉर्डर पर संयुक्त गश्ती एवं संवाद



**अररिया।** जिले के बसमतिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत भारत नेपाल खुली सीमा क्षेत्र में एसएसबी और थाना पुलिस की संयुक्त गश्ती गुरुवार को हुई। संयुक्त गश्ती में एसएसबी 56 वीं बटालियन के जी समवाय बाह्य सीमा चौकी बेला की टीम के साथ बसमतिया थाना पुलिस ने बेला गांव से सटे बॉर्डर इलाके में गश्त की।संयुक्त गश्त कार्यक्रम का नेतृत्व एसएसबी के निरीक्षक सामान्य रंजीत मोहंतो एवं रानीगंज सर्किल के इंस्पेक्टर सतीश कुमार सिंह तथा बसमतिया थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने की। इस दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों में सघन निगरानी एवं गश्त के साथ संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों की जांच।अवैध कार्यों एवं तस्करी पर नियंत्रण हेतु सतर्कता के साथ स्थानीय लोगों से संवाद कर सुरक्षा संबंधी जानकारी साझा की गई।

# मुख्यमंत्री ने दरभंगा एयरपोर्ट की सुरक्षा सीआईएसएफ को दिये जाने की समीक्षा की

एजेंसी

**दरभंगा।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी गुरुवार को दरभंगा पहुंचे, जहां उन्होंने दरभंगा हवाई अड्डे की सुरक्षा की जिम्मेदारी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) जवानों को सौंपे जाने की समीक्षा की। सम्राट चौधरी ने साथ में नए एयरपोर्ट टर्मिनल और एम्स निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की।

दरभंगा पहुंचने पर सीआईएसएफ के जवानों ने मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर अपने सम्बोधन में कहा कि बिहार में जितनी एयर कनेक्टिविटी है, उससे दस गुना अधिक विस्तार करने का लक्ष्य रखा गया है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में बिहार में 59 लाख से अधिक लोग हवाई यात्रा करते हैं, लेकिन अगले पांच वर्षों में चार से पांच करोड़ लोगों को हवाई यात्रा की सुविधा देने की तैयारी की जा रही है।




मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने दरभंगा को नए एयरपोर्ट टर्मिनल और एम्स निर्माण सहित कई बड़ी सौगातें दी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मिथिला और दरभंगा के विकास के लिए सड़क नेटवर्क और एयरपोर्ट निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध कराने जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य किए।

एम्स दरभंगा परियोजना की समीक्षा भी इस दौरे का अहम हिस्सा रही। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग और निर्माण एजेंसियों से निर्माण कार्य की प्रगति रिपोर्ट मांगी। उन्होंने कहा कि यह परियोजना सिर्फ दरभंगा ही नहीं बल्कि पूरे मिथिलांचल और उत्तर बिहार के लिए महत्वपूर्ण है। सरकार चाहती है कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं अपने क्षेत्र में ही मिलें ताकि इलाज के लिए बड़े शहरों पर निर्भरता कम हो।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को गुणवत्ता और समय सीमा दोनों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं में तकनीकी अड़चनों को जल्द दूर किया जाए। समीक्षा बैठक में सड़क, कनेक्टिविटी और आसपास के बुनियादी ढांचे को लेकर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि कई परियोजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है।

दरभंगा में गुरुवार को बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का दौरा कई मायनों में अहम माना गया। मुख्यमंत्री सुबह दरभंगा एयरपोर्ट पहुंचे, जहां भाजपा और जदयू नेताओं ने पारंपरिक मिथिला शैली में उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था, नए टर्मिनल भवन और एम्स निर्माण कार्य की समीक्षा इस दौरे का मुख्य उद्देश्य रहा। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर, विधायक डॉ. मुरारी मोहन और जदयू नेता संजय झा मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास परियोजनाओं की प्रगति पर विस्तार से जानकारी ली।

एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री के पहुंचते ही पारंपरिक पाग, चादर और मखाने की माला से उनका अभिनंदन किया गया। एयरपोर्ट परिसर में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। स्वागत कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री सीधे एयरपोर्ट के सुरक्षा क्षेत्र में पहुंचे और वहां की मौजूदा व्यवस्था का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने उन्हें यात्रियों की बढ़ती संख्या और सुरक्षा से जुड़े इंतजामों की जानकारी दी।

## बाढ़-कटाव की चिंता से दिलाई जाएगी स्थाई मुक्ति : ई शैलेंद्र



**भागलपुर।** बिहार राज्य में पथ निर्माण विभाग द्वारा अब तक ट्रेडिशनल तरीके में सड़क बनाती आ रही है। मैं खुद भी सिविल इंजीनियर हूं। अब सड़क निर्माण की गुणवत्ता में बेहतर दक्षता के साथ कार्य होगा। उक्त बातें गुरूवार को राज्य के पथ निर्माण मंत्री सह बिहपुर विस विधायक ई शैलेंद्र ने एनडीए कार्यालय में कही। मंत्री ई शैलेंद्र ने कहा कि बिहपुर विस में बीरबन्ना से सोनवर्षा दुमुंही चौक तक और लत्तीपुर से जहान्वी चौक तक सड़क चौड़ीकरण होगा। वहीं योजना तैयार किया जा रहा है कि गंगा फ्लड फाईटिंग कारपारेशन के द्वारा 450 करोड़ की लागत से नरकटिया-नन्हकार गंगा जमींदारी तटबंध को बाढ़-कटाव की चिंता से स्थाई मुक्ति दिलाया जाएगा। मंत्री ने कहा कि योजना के अनुसार यहां मरीन ड्राईव और जहान्वी चौक/राघोपुर के पास रीवर फ्रंट बनाएगें। इन योजनाओं को लेकर प्राथमिक पहल शुरू कर दी गई है। वहीं मंत्री ई शैलेंद्र ने कहा कि बिहपुर-लत्तीपुर-महादेवपुर घाट तक रेलवे की जमीन को बिहार सरकार को हस्तांतरित कर सीधे बिहपुर में फोरलेन एनएच 106 और एनएच 31 से जोड़ देगें।

## अवैध हथियार के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**सारण।** गरखा पुलिस द्वारा अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गरखा थाना पुलिस को एक सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध देशी कट्टे और कारतूस के साथ धर दबोचा। पुलिस को सूचना मिली थी कि कमालपुर जाने वाली पक्की सड़क पर एक संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल से घूम रहा है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तुरंत कमालपुर रोड पर सघन वाहन चेकिंग अभियान शुरू किया। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल सवार पुलिस को देख भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया।तलाशी लेने पर अभियुक्त के पास से एक देशी कट्टा और तीन जिंदा कारतूस 315 बोर का बरामद किए गए। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान बभनैया निवासी उमेश शर्मा का पुत्र रवि किशन शर्मा के रूप में हुई है। पुलिस ने हथियार के साथ प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया है। इस मामले में गरखा थाना कांड संख्या-567/26 दर्ज कर आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत प्रशासन को साझा करें।

## सुल्तानगंज पहुंचे पप्पू यादव, नप सभापति के परिजन से की मुलाकात

**भागलपुर।** जिले के नगर परिषद सुल्तानगंज के हत्याकांड में सभापति राज कुमार गुड्डू के निधन होने के 6 दिन बाद पुर्णिया के सांसद पप्पू यादव अपने कार्यकताओं के साथ गुरुवार को उनके आवास पर पहुंचे। सबसे पहले उनके आवास के पास निजी कार्यालय पहुंचकर मृतक नगर सभापति राज कुमार गुड्डू के तेलचीत्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। फिर सांसद पप्पू यादव ने उनके परिजन से मुलाकात की। इस दौरान सांसद पप्पू यादव ने पुरी घटना को लेकर मृतक राज कुमार गुड्डू के माता, पत्नी और सहयोगियों से जानकारी ली। सांसद पप्पू यादव ने पुरी घटना को दुखद बताते हुए कहा कि सुल्तानगंज पहले से ही अपराधियों का राज रहा है। सरकार अपराधियों का साथ दे रही है और वायरल फोटो में लोजपा नेता, भाजपा नेता, जदयू नेता के साथ अपराधियों का फोटो सामने देखा जा रहा है। सांसद ने कहा कि ऐसे अपराध करने वालों के खिलाफ मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को स्पीडी ट्रायल चलाते हुए फांसी की सजा देनी चाहिए।

## किराना दुकान की आड़ में स्मैक का कारोबार, तस्कर गिरफ्तार

**भागलपुर।** जिले के मधुसुदनपुर थाना क्षेत्र के मनसर गांव में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए स्मैक तस्कर कैलाश यादव को गिरफ्तार किया है। आरोपी किराना दुकान की आड़ में नशीले पदार्थों का कारोबार चला रहा था। उक्त आशय की जानकारी गुरुवार को सिटी एसपी शैलेंद्र सिंह ने दी। सिटी एसपी ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के पास से 19 .41 ग्राम स्मैक, एक डिजिटल वेट मशीन और नगद 10 हजार 400 रुपये बरामद किए हैं। इस कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सिटी एसपी ने बताया कि मधुसुदनपुर थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मनसर गांव में किराना दुकान की आड़ में स्मैक की बिक्री की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की और मौके से कैलाश यादव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार बरामद डिजिटल वेट मशीन का इस्तेमाल स्मैक की तौल के लिए किया जाता था।

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत 59 लोगों को लौटाए गए खोए मोबाइल

एजेंसी

**भागलपुर।** भागलपुर पुलिस की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत खोए और चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके असली मालिकों को लौटाने का अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में गुरुवार को भागलपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 59 मोबाइल फोन उनके धारकों को सौंपे गए। मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कई लोगों ने कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका खोया मोबाइल दोबारा मिल पाएगा लेकिन पुलिस की पहल से उनका भरोसा मजबूत हुआ है। वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि साइबर सेल और तकनीकी टीम की मदद से विभिन्न स्थानों से मोबाइल फोन ट्रेस कर बरामद किए गए। उन्होंने कहा कि बरामद किए गए सभी मोबाइल फोन की कुल कीमत करीब 12 लाख रुपये आंकी गई है। इसके बाद आवश्यक सत्यापन प्रक्रिया पूरी कर मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को लौटाया गया।

# महिला ने रेलवे स्टेशन पर किया आत्महत्या का प्रयास, आरपीएफ की तत्परता से बची जान

एजेंसी

**किशनगंज।** किशनगंज रेलवे स्टेशन परिसर में गुरुवार को एक महिला द्वारा आत्महत्या का प्रयास किए जाने से कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। हालांकि मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों एवं रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवानों की तत्परता से महिला की जान बचा ली गई। घटना रेलवे कॉलोनी स्थित फुट ओवरब्रिज के पास की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला काफी देर से परेशान हालत में



स्टेशन परिसर में घूम रही थी। इसी दौरान उसने अपने दुपट्टे को फुट ओवरब्रिज के लोहे के हिस्से से बांधा और फिर उसे गले में डालकर पुल से छलांग लगाने का प्रयास किया। घटना देखते ही आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ जवानों ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए महिला को सुरक्षित बाहर निकाला और संभाला। बताया जाता है कि महिला ज्योति कुमारी पति सोमनाथ, सदर थाना क्षेत्र के धर्मगंज की रहने वाली है। घटना के समय उसके साथ उसकी करीब पांच वर्षीय बच्ची भी मौजूद थी।

# जिला टॉपर बना संत पॉल पब्लिक स्कूल, तेघरा के रमण ने हासिल किए 96 प्रतिशत अंक

एजेंसी

**तेघड़ा/बेगूसराय।** जिले में शिक्षा के क्षेत्र में एक बार फिर ᷉सेंट पॉल पब्लिक स्कूल, तेघरा᷉ ने अपनी उत्कृष्टता का परचम लहराया है। सीबीएसई बारहवीं बोर्ड परीक्षा 2026 के परिणामों में विद्यालय ने लगातार कई वर्षों की तरह इस वर्ष भी जिले में सर्वोच्च प्रदर्शन करते हुए अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की।विद्यालय के छात्र रमण कुमार ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। इस वर्ष विद्यालय के कुल 115 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। वहीं 17 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। साइंस एवं




कॉमर्स दोनों संकायों में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रमुख सफल विद्यार्थियों में साहिल कुमार चौधरी (94.5%), अभिजीत अमन (94%), आलोक नाथ (93%), हर्ष कश्यप (93%), शिवम (90%) तथा देव ऋषि (90%) शामिल रहे। विद्यालय के निदेशक सुनील कुमार सिंह ने इस उपलब्धि का श्रेय प्राचार्या के कुशल नेतृत्व, शिक्षकों की निष्ठा, विद्यार्थियों की मेहनत एवं अभिभावकों के सतत सहयोग को दिया। वहीं संत पॉल एजुकेशनल सोसाइटी के सचिव रामबली सिंह ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।विद्यालय की प्रेसिडेंट श्रीमती लक्ष्मी कुमारी ने विद्यार्थियों के अनुशासन, आत्मविश्वास एवं समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि देश का भविष्य ऐसे होनहार विद्यार्थियों के हाथों में सुरक्षित है। प्राचार्या श्रीमती तनु सौरभ ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम सामूहिक मेहनत और समर्पण का प्रतिफल है।इस अवसर पर राम कुमार मिश्र, सुरेंद्र कुमार सिंह, एम. रामचंद्रन, अविनाश कुमार मिश्रा, दीपक कुमार, मो. खालिद , संजीव कुमार सिंह, राकेश कुमार, कंचन कुमारी, प्रेम माधुरी, शिवशंकर मिश्रा, संजीत कुमार, रामपुनित राय सहित विद्यालय परिवार एवं अनेक अभिभावक उपस्थित रहे। स्थानीय बुद्धिजीवियों ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मेहनत, अनुशासन और समर्पण से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता।

# नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर सरकार पूरी तरह संवेदनशील : अशोक चौधरी

एजेंसी

**पटना।** मंत्री डॉ. अशोक चौधरी ने कहा कि नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर सरकार पूरी तरह संवेदनशील है। इस प्रकरण में संलिप्त लोगों की पहचान कर लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही ह । मंत्री अशोक चौधर गुरुवार को जनता दल यूनाइटेड (जदयू) प्रदेश कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार निरंतर कार्यकताओं के साथ संपर्क में रहते हैं। सीतामढ़ी दौरे के दौरान भी उन्होंने स्थानीय कार्यकताओं से सीधे संवाद किया, जिससे कार्यकताओं में नया उत्साह स्वाभाविक रूप



से देखने को मिल रहा है।


पत्रकारों के प्रश्नों के उत्तर में उन्होंने स्पष्ट किया कि देश में पेट्रोलियम पदार्थों की कोई कमी नहीं है, इसलिए जनता को किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि पेट्रोलियम उत्पादों एवं सोने के आयात पर विदेशी मुद्रा का व्यय होता है। इसी संदर्भ में प्रधानमंत्री द्वारा इनके उपयोग में संयम बरतने की सलाह दी गई है, जो पूर्णतः देशहित में है।

मौके पर मंत्री डॉ. श्वेता गुप्ता ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में पिछले दो दशकों में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खडे. व्यक्ति तक पहुंचाना राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दिशा में सरकार निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। जनसुनाई कार्यक्रम में दो मंत्रियों ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित मामलों के विधिसम्मत एवं त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। इस अवसर पर विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, प्रो. नवीन आर्य चन्द्रवंशी, अनिल कुमार एवं लोकप्रकाश सिंह भी उपस्थित रहे।

# अस्पताल की कथित लापरवाही उजागर, एक ही महिला की दो अलग-अलग ब्लड ग्रुप रिपोर्ट

एजेंसी

**किशनगंज।** ठाकुरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिला की ब्लड ग्रुप जांच को लेकर गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। परिजन ने अस्पताल कर्मियों पर गलत ब्लड ग्रुप रिपोर्ट देने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार ठाकुरगंज प्रखंड के जीरनगाछ



पंचायत अंतर्गत कटहलबाड़ी निवासी सुहाना नूरी की 5 मई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठाकुरगंज में चिकित्सकीय जांच कराई गई थी। इस दौरान अस्पताल में किए गए ब्लड ग्रुप टेस्ट में महिला का ब्लड ग्रुप ए पॉजिटिव बताया गया। परिजन के अनुसार बाद में महिला की तबीयत बिगड़ने पर उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल किशनगंज रेफर किया गया। बताया जाता है कि सदर अस्पताल में 12 मई को दोबारा ब्लड ग्रुप जांच कराई गई।

## संक्षिप्त समाचार

### किरीट सोमैया का किशोरी पेडणेकर पर 100 करोड़ घोटाले का आरोप, मुंबई की राजनीति गरमाई

**मुंबई, एजेंसी।** भाजपा नेता किरीट सोमैया ने शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) गुट की नेता और पूर्व मुंबई महापौर किशोरी पेडनेकर पर 100 करोड़ रुपये के घोटाले का गंभीर आरोप लगाया है। सोमैया ने दावा किया कि कोविड काल के दौरान मुंबई मनपा की तरफ से किए गए कुछ ठेकों और परियोजनाओं में बड़े पैमाने पर आर्थिक अनियमितताएं हुई। सोमैया के अनुसार, महालक्ष्मी रेसकोर्स कोविड सेंटर सहित कई परियोजनाओं में नियमों को दरकिनार कर ठेके दिए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित कंपनियों को करोड़ों रुपये का लाभ पहुंचाया गया, जबकि कई सुविधाएं पूरी तरह शुरू भी नहीं हो सकीं। भाजपा नेता ने यह भी दावा किया कि इस मामले में फर्जी दस्तावेजों और प्रभाव का इस्तेमाल किया गया। इस मामले को लेकर मुंबई की राजनीति गरमा गई है। शिवसेना (यूबीटी) ने इन आरोपों को राजनीतिक बदले की भावना से प्रेरित बताया है। पार्टी नेताओं का कहना है कि आगामी चुनावों को देखते हुए विपक्षी नेताओं को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। गौरतलब है कि इससे पहले भी किशोरी पेडणेकर का नाम कोविड बॉडी बैग खरीद और एसआरए फ्लैट से जुड़े विवादों में सामने आ चुका है। हालांकि, उन्होंने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज किया है।

### 4 दिन काम और 3 दिन की छुट्टी; पेट्रोल-डीजल की बचत के लिए भाजपा सरकार बना रही ऐसा प्लान

**जयपुर, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में युद्ध की वजह से पेट्रोलियम उत्पादों की आवक में कमी की वजह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से पेट्रोल-डीजल वाली गाड़ियों का कम से कम इस्तेमाल करने की अपील की है। वर्क फ्रॉर्म होम समेत अन्य उपायों के विकल्पों के बीच राजस्थान सरकार 'कार्यदिवस' घटाने पर भी विचार कर रही है। इसके तहत गैर-आपातकालीन विभागों में हफ्ते में '4 दिन काम और 3 दिन की छुट्टी' का फॉर्मूला अपनाया जा सकता है। सूत्रों के हवाले से बताया है कि सरकार व्यवस्थित प्लान के तहत धीरे-धीरे चुनिंदा विभागों में मौजूदा 5 दिन कार्यदिवस की बजाय 4 दिन के कार्यदिवस का आदेश जारी कर सकती है। सरकार का लक्ष्य सरकार का खर्च घटाना, ईंधन बचाना, कार्बन उत्सर्जन में कटौती और प्रशासनिक दक्षता बढ़ाना है। अंतिम निर्णय से पहले सरकार दूसरे राज्यों में लिए जा रहे फैसलों पर भी नजर बनाए हुए है। अधिकारियों का मानना है कि सप्ताह में 4 दिन काम वाले फॉर्मूले से प्रतिदिन की आवाजाही में 20 फीसदी की कटौती हो सकती है। इससे सरकारी और निजी वाहनों में ईंधन की खपत काफी कम होगी। यह भी कहा जा रहा है कि 4 दिन काम और 3 दिन की छुट्टी की वजह से दफ्तरों में बिजली की खपत भी कम होगी। लाइट, एसी, पंखे और अन्य उपकरण सप्ताह में एक दिन अतिरिक्त बंद रहने से सरकार को बिजली बिल में बचत होगी। यह प्रस्ताव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से 10 मई को जारी सात सूत्री अपील के बाद विचाराधीन है। प्रधानमंत्री ने पेट्रोल-डीजल की गाड़ियों के कम इस्तेमाल, वर्क फ्रॉर्म होम, कम विदेश यात्रा, एक साल तक सोने की खरीद ना करने जैसे कदम उठाने की अपील की है। सूत्रों के मुताबिक राजस्थान में जिला प्रशासनों को निर्देश दिया गया है कि वे प्रधानमंत्री की अपील के तहत उपायों को लागू करें। प्रधानमंत्री मोदी ने पेट्रोलियम से चलने वाली गाड़ियों के कम इस्तेमाल की सिर्फ जनता से अपील नहीं की, बल्कि उन्होंने खुद अपने काफिले को भी बेहद छोटा कर लिया है। बुधवार को पीएम के काफिले में महज दो गाड़ियां ही दिखीं।

### गोरखपुर में बनेगा यूपी का चौथा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, सीएम योगी 16 को करेंगे शिलान्यास

**गोरखपुर, एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 16 मई को गोरखपुर अंचल को विश्व स्तरीय स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर की सौगात देंगे। वह शनिवार को प्रदेश के चौथे इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का भूमि पूजन व शिलान्यास करेंगे। गोरखपुर में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट्स में शामिल है। यूपी में कानपुर और लखनऊ में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम है जबकि वाराणसी में बन रहा है। गोरखपुर - वाराणसी राजमार्ग पर स्थित ताल नदोर में यह इंटरनेशनल स्टेडियम 392.94 करोड़ रुपये की लागत से आकार लेगा। कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग ने स्टेडियम का निर्माण 23 दिसंबर 2027 तक पूर्ण किया जाना लक्षित किया है। जिलाधिकारी दीपक मीणा का कहना है कि ताल नदोर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बन जाने से गोरखपुर- वाराणसी राजमार्ग पर बहुआयामी विकास का एक नया मॉडल दिखेगा। इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम 46 एकड़ में आकार लेगा। कुल 30 हजार दर्शक क्षमता वा यह स्टेडियम 'ग्राउंड प्लस टू फ्लोर' के हिसाब से बनेगा। ग्राउंड पर सात प्लेइंग और 4 प्रैक्टिस पिच होंगी।

# सीएम विजय को समर्थन देने वाले बागी एआईएडीएमके विधायकों पर लटकी तलवार



**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु विधानसभा में थलपति विजय की सरकार को फ्लोर टेस्ट को एआईएडीएमके के 25 बागी विधायकों का साथ मिला है। विजय को फ्लोर टेस्ट पार कर गए, लेकिन इन बागी विधायकों के ऊपर अब तलवार लटक गई है। फ्लोर टेस्ट खत्म होने के बाद सीवी शनमुगम, एसपी वेलुमणि के नेतृत्व में एआईडीएमके विधायकों ने खुले आम पार्टी नेतृत्व के ऊपर हमला करना शुरू कर दिया। शाम होते-होते पार्टी महासचिव एडप्पादी के. पलानीस्वामी ने इन विधायकों को पार्टी के तमाम पदों से हटा दिया। हालांकि, अभी तक इन विधायकों के ऊपर इसके अलावा कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

बागी विधायकों का आरोप है कि पलानीस्वामी ने डीएमके के साथ मिलकर सरकार बनाने की कोशिश की थी। इसलिए वह अपने वैचारिक साथी विजय की सरकार को बाहर से समर्थन दे रहे हैं। इन आरोपों को पलानीस्वामी ने सिरे से खारिज कर दिया है। अब विधायक भले ही कुछ भी कहें, लेकिन उनके ऊपर अयोग्य साबित होने की तलवार लटक गई है। संविधान के अनुसार देखा जाए, तो अब इन विधायकों के बाद केवल पांच रास्ते हैं। तो चलिए जानते हैं...

**32 का आंकड़ा जुटाने की कोशिश :** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में एआईएडीएमके को कुल 47 सीटों पर जीत मिली थी। ऐसे में 25 विधायकों के बागी हो जाने के बाद पलानीस्वामी के पक्ष में करीब 22 विधायकों का समर्थन है। अगर बागी विधायक पलानी स्वामी से 7 विधायकों को अपनी तरफ करने में सफल हो जाते हैं। तो वह पूरी पार्टी के ऊपर ही दावा ठोक सकते हैं या फिर बिना अयोग्य घोषित हुए किसी दूसरी पार्टी में विलय हो सकते हैं। हालांकि इसकी संभावना कम है, लेकिन राजनीति में कुछ भी संभव है।

**अयोग्यता की तलवार :** बागी विधायकों की वर्तमान स्थिति के हिसाब से उनका अयोग्य घोषित होना तय माना जा रहा है। दल-बदल विरोधी कानून से बचने के लिए इनको 7 और विधायकों की जरूरत है, अगर वह ऐसा कर पाने में असमर्थ होते हैं। तो पलानीस्वामी स्पीकर से शिकायत कर इन विधायकों को अयोग्य घोषित करवा सकते हैं। हालांकि, इस मामले में स्पीकर के पास अंतिम अधिकार होगा। अयोग्य घोषित होने की स्थिति में इन सभी सीटों पर उपचुनाव होगा।

**मध्य प्रदेश की तरफ इस्तीफा देकर चुनाव लड़ने की स्थिति :** मध्य प्रदेश में ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ भाजपा में शामिल हुए विधायकों ने भी अयोग्य घोषित होने से पहले इस्तीफा देने की पेशकश की थी। इसके बाद उन सीटों पर चुनाव हुए थे। एआईडीएमके से बागी हुए विधायक भी कुछ इसी तरह की रणनीति का पालन कर सकते हैं। विधायक इस्तीफा देकर टीवीके में शामिल हो सकते हैं, जिसके बाद उन्हें सरकार के समर्थन से चुनाव लड़ने का अवसर मिलेगा।

**पार्टी से लड़कर सरकार को बाहर से समर्थन :** आप सांसद स्वाति मालीवाल काफी समय तक अपनी पार्टी के खिलाफ बोलती हुई राज्यसभा की सदस्या बनी रही थीं। अगर पलानीस्वामी स्पीकर से शिकायत नहीं करते हैं और बागी विधायकों के साथ उनका किसी भी तरह का सामंजस्य बना रहता है, तो यह विधायक बाहर से पार्टी को समर्थन देकर एआईएडीएमके में बने रह सकते हैं और इसी तरह के काम कर करते रह सकते हैं। हालांकि, जिस तरीके की बयानबाजी हो रही है। इसकी संभावना कम है।

**लंबी कानूनी लड़ाई :** एआईएडीएमके से बागी हो चुके इन विधायकों को अगर अयोग्य ठहराया जाता है, तो अंतिम विकल्प कोर्ट में जाने का होगा। अगर यह लड़ाई कानूनी होती है, तो इसका बड़ा नुकसान इन विधायकों को ही होगा। क्योंकि पार्टी को संविधान की दसवीं अनुसूची का दल-बदल विरोधी कानून एक सुरक्षा ढांचा प्रदान करती है। ऐसे में फैसला विधायकों के खिलाफ जाने की प्रबल संभावना है। पार्टी से बागी होकर टीवीके के पास पहुंचे बागी विधायकों के लिए रास्ते तो कई है, लेकिन क्या वह सही है। इसका फैसला आने वाले दिनों में साफ हो जाएगा। फिलहाल तमिलनाडु की राजनीति में एक फिल्म अभिनेता के आने के बाद से ड्रामा लगातार बना हुआ है। विजय की सरकार स्थिर है, लेकिन यह कब तक स्थिर रहती है यह देखना होगा। क्योंकि गठबंधन सहयोगी लगातार विजय के फैसलों पर सवाल उठा रहे हैं। इसी वजह से शपथ लेने के दूसरे ही दिन विजय को अपना फैसला बदलने के लिए मजबूर होना पड़ा था।

## बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सेना और लड़ाकों के बीच मुठभेड़, मेजर समेत पांच सैनिकों की मौत



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** बलूचिस्तान में पाकिस्तान सेना ने एक बड़े संयुक्त अभियान में सात लड़ाकों को मार गिराने का दावा किया है। हालांकि इस कार्रवाई में पाकिस्तानी सेना के एक मेजर समेत पांच सैनिकों की भी मौत हो गई। यह जानकारी पाकिस्तान सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने बुधवार देर रात जारी बयान में दी।

**आईएसपीआर ने क्या जानकारी दी :** आईएसपीआर के अनुसार, बलूचिस्तान के बरखान जिले के मार्कहम के नोशाम इलाके में पाकिस्तान सेना और बलूचिस्तान फ्रंटियर कॉर्प्स ने संयुक्त क्लीन-अप ऑपरेशन चलाया। खुफिया जानकारी के आधार पर शुरू किए गए इस अभियान के दौरान सुरक्षा बलों और लड़ाकों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई।

**सेना ने कहा- सात लड़ाके मारे गए :** सेना के बयान में कहा गया कि अभियान के दौरान सात लड़ाके मारे गए। हालांकि इस दौरान एक फील्ड ऑफिसर यानी मेजर समेत पांच सैनिकों की भी जान चली गई। मारे गए सैनिकों की पहचान फिलहाल सार्वजनिक नहीं की गई है। कार्रवाई के बाद सुरक्षा बलों ने इलाके में तलाशी अभियान भी चलाया।

इस दौरान लड़ाकों के कब्जे से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री बरामद किए जाने का दावा किया गया है। सेना ने कहा कि इलाके में बाकी लड़ाकों की तलाश के लिए अभियान अभी जारी है। पाकिस्तानी सैनिकों का बलूचिस्तान में बड़ा अभियान बलूचिस्तान में इस साल सुरक्षा बलों ने कई बड़े अभियान चलाए हैं। मार्च में हरनाई और बसीमा जिलों में हुए ऑपरेशन में 15 लड़ाकों के मारे जाने का दावा किया गया था, जबकि फरवरी में झोब जिले में 10 लड़ाके मारे गए थे। दरअसल, बलूचिस्तान लंबे समय से हिंसा और उग्रवाद से प्रभावित रहा है। यहां सक्रिय सशस्त्र समूह अक्सर सुरक्षा बलों और सरकारी ढांचे को निशाना बनाते रहे हैं। पाकिस्तान सरकार कई हमलों के लिए बलूच लिबरेशन आर्मी और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराती रही है।

## जर्मनी में डॉक्टर ने 12 साल तक 100 से ज्यादा बच्चों का किया यौन शोषण और रेप

**बर्लिन, एजेंसी।** हाल ही में जर्मनी से एक बेहद शर्मनाक और हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां बर्लिन के पास ब्रैंडनबर्ग में एक पीडियाट्रिशियन पर 100 से ज्यादा बच्चों के साथ दरिंदगी के आरोप लगे हैं। जानकारी के मुताबिक शख्स ने 12 सालों तक कई बच्चों का बलात्कार और यौन शोषण किया। उस पर ऐसे कम से कम 130 मामले दर्ज किए गए हैं।

बुधवार को शहर की एक अदालत में सुनवाई के दौरान डॉक्टर की इस हैवानियत का खुलासा हुआ। 46 वर्षीय इस डॉक्टर पर आरोप है कि उसने अपनी ड्यूटी के दौरान ही इन घिनौनी वारदातों को अंजाम दिया। जानकारी के मुताबिक आरोपी ने ब्रैंडनबर्ग के क्लीनिक में काम करते हुए मासूम बच्चों को अपना निशाना बनाया। यह सिलसिला दिसंबर 2013 में ही शुरू हो गया था और पिछले साल 5 नवंबर तक वह बच्चों को अपना शिकार बनाता रहा।

जर्मन अखबार 'बिल्ड' की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस डॉक्टर के कुकर्मों का पर्दाफाश तब हुआ जब नवंबर 2025 में अस्पताल में एक इलाजरत एक बच्ची की मां को डॉक्टर पर शक हुआ। महिला ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने नवंबर 2025 में उसे गिरफ्तार कर लिया था। जांच के दौरान उसके पास से कई चौंकाने वाली चीजें मिलीं। उसके घर से कई डेटा स्टोरेज डिवाइस भी बरामद हुए, जिससे महिला के आरोप पुख्ता हो गए। आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में है और मामले की सुनवाई चल रही है।

इससे पहले फ्रांस से भी एक ऐसा ही मामला सामने आया था। यहां सर्जन जोएल ले स्काउर्नेक एक सर्जन ने भी कई सालों तक अपने मरीजों को ही अपनी हवस का शिकार बनाया। मई 2025 में उसे 20 साल की सजा सुनाई गई थी। उस डॉक्टर पर 1989 से 2014 के बीच 298 मरीजों का यौन शोषण करने के आरोप हैं। इनमें से ज्यादातर मरीजों की उम्र 15 साल से कम थी।

## फ्रांस के शहर बोर्डो में खड़े क्रूज शिप 'एंबिशन' पर नोरोवायरस संक्रमण की पुष्टि, यात्रियों को उतरने की अनुमति

**पेरिस, एजेंसी।** फ्रांस के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र बोर्डो में खड़े क्रूज शिप एंबिशन पर यात्री नोरोवायरस (वायरल गैस्ट्रोएंटेराइटिस) की चपेट में आ गए हैं। इस बात की पुष्टि गिरोंद प्रीफेक्चर ने बुधवार को स्थानीय समयानुसार जारी बयान में की। इसके मुताबिक फिलहाल वायरस के किसी भी गंभीर मामले की सूचना नहीं है। जिन लोगों में संक्रमण के लक्षण नहीं हैं, उन्हें जहाज से उतरने की अनुमति दी गई है। ब्रिटिश कंपनी एंबेसडर क्रूज लाइन द्वारा संचालित 'एंबिशन' मंगलवार शाम बोर्डो पहुंचा था। जहाज पर लगभग 90 वर्षीय एक यात्री की मौत के बाद करीब 1,700 यात्रियों और क्रू सदस्यों को जहाज से उतरने से रोक दिया गया था। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, 90 वर्षीय एक यात्री की मौत का संबंध गैस्ट्रोएंटेराइटिस जैसे संक्रमण से हो सकता है। जहाज पर



करीब 80 लोग पेट संबंधी बीमारीकी चपेट में हैं। बाद में बोर्डो यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल में किए गए महामारी विज्ञान और जैविक परीक्षणों में इस संक्रमण के फैलने की पुष्टि हुई। बयान में कहा गया है कि संक्रमित लोगों को जहाज पर अलग-थलग रखा जाएगा। क्वारंटीन और स्वच्छता संबंधी उपाय जारी रहेंगे। आगे यात्रा जारी रखनी है या नहीं, इस पर अंतिम फैसला मेडिकल रिपोर्ट मिलने के बाद क्रूज ऑपरेटर करेगा। अत्यधिक संक्रामक नोरोवायरस तीव्र गैस्ट्रोएंटेराइटिस का एक सामान्य कारण है और क्रूज शिप जैसे बंद स्थानों में तेजी से फैलने के लिए जाना जाता है। इस बीच हंतावायरस को लेकर भी चिंता बनी हुई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेयसस ने मंगलवार को कहा था कि संक्रमणग्रस्त क्रूज शिप एमवी होंडियस से यात्रियों को निकाले जाने के बाद आने वाले हफ्तों में हंतावायरस के और मामले सामने आ सकते हैं। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि वैश्विक स्तर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम फिलहाल कम है।

टेड्रोस ने मैड्रिड स्थित मोन्क्लोआ पैलेस में स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा, 'वायरस की अवधि को देखते हुए आने वाले हफ्तों में और मामले सामने आना संभव है।' अब तक हंतावायरस से जुड़े 11 मामले सामने आए हैं, जिनमें तीन लोगों की मौत हो चुकी है। इन 11 मामलों में से नौ की पुष्टि एंडीज वायरस संक्रमण के रूप में हुई है, जबकि बाकी दो संभावित मामले माने जा रहे हैं।

## रॉबर्ट वाड्रा ने खटखटाया हाईकोर्ट का दरवाजा; निचली अदालत के समन को दी चुनौती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रॉबर्ट वाड्रा ने हरियाणा के शिकोहपुर जमीन सौदे से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने सत्र अदालत के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें उन्हें 16 मई को पेश होने के लिए समन जारी किया गया था। यह मामला 2008 का है, जब वाड्रा की कंपनी ने 7.5 करोड़ रुपये में जमीन खरीदी और 2012 में उसे डीएलएफ को 58 करोड़ रुपये में बेच दिया। ईडी ने इस मामले में रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है, जिसे लेकर उनसे पूछताछ भी हो चुकी है। अब जस्टिस मनोज जैन की पीठ इस याचिका पर सुनवाई करेगी। रॉबर्ट वाड्रा ने दिल्ली हाई कोर्ट में अर्जी लगाई है। उन्होंने ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी है जिसमें उन्हें समन भेजा गया था। यह मामला हरियाणा के शिकोहपुर में हुए एक जमीन सौदे से जुड़ा है। इसमें मनी



लॉन्ड्रिंग के आरोप हैं। इस याचिका पर गुरुवार को जस्टिस मनोज जैन सुनवाई करेंगे। ट्रायल कोर्ट ने 15 अप्रैल को ईडी की चार्जशीट पर गौर करते हुए रॉबर्ट वाड्रा और अन्य लोगों को 16 मई को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया था। ईडी ने पिछले साल जुलाई में यह चार्जशीट दायर की थी। यह पहली बार था जब किसी जांच एजेंसी ने 57 वर्षीय वाड्रा के खिलाफ किसी आपराधिक मामले में चार्जशीट दायर की थी। ईडी ने अप्रैल 2025 में उनसे लगातार 3 दिनों तक पूछताछ की थी। संज्ञान आदेश में विशेष न्यायाधीश सुशांत चांगोत्रा ने कहा था कि चार्जशीट और दस्तावेजों की शुरुआती जांच से वाड्रा और 8 अन्य आरोपियों के खिलाफ आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त सबूत मिले हैं। 7.5 करोड़ रुपये में खरीदी थी जमीन रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ चल रही जांच गुरुग्राम जिले के मानेसर-शिकोहपुर (अब सेक्टर 83) में हुए जमीन सौदे से जुड़ी है। यह जमीन सौदा फरवरी 2008 में 'स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड' नाम की एक कंपनी ने किया था। इस जमीन सौदे के तहत कंपनी ने शिकोहपुर में 'ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज' से 3.5 एकड़ जमीन 7.5 करोड़ रुपये में खरीदी थी। आईएएस अधिकारी अशोक खेमका रद्द कर दिया था म्यूटेशन तब हरियाणा में भूपिंदर सिंह हुड्डा की अगुवाई वाली कांग्रेस की सरकार थी। 4 साल बाद सितंबर 2012 में कंपनी ने वह जमीन रियल एस्टेट की बड़ी कंपनी ष्ठरुस्न को 58 करोड़ रुपये में बेच दी थी। अक्टूबर 2012 में आईएएस अधिकारी अशोक खेमका ने इस सौदे को राज्य के चकबंदी अधिनियम और कुछ संबंधित प्रक्रियाओं का उल्लंघन बताते हुए इसका 'म्यूटेशन' (स्वामित्व हस्तांतरण) रद्द कर दिया था।

## राजस्थान में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल; 187 आरएएस अधिकारियों के तबादले

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान सरकार ने हाल ही में एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 187 राजस्थान प्रशासनिक सेवा अधिकारियों के तबादले किए हैं। कार्मिक विभाग के आदेशानुसार, कई महत्वपूर्ण विभागों और जिला स्तरीय पदों में बदलाव किया गया है। प्रमुख नियुक्तियों में पंकज ओझा को सामाजिक न्याय विभाग का निदेशक बनाया गया है। इसके अलावा विनीता सिंह, ज्योति चौहान और विनोद कुमार पुरोहित जैसे अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

**जिला स्तर पर भी बड़ा फेरबदल :** कार्मिक विभाग की ओर से जारी एक आदेश के अनुसार, कई विभागों में नेतृत्व में बदलाव किया गया है। जिला स्तर पर भी कई नियुक्तियों में फेरबदल किया गया है। प्रमुख बदलावों में पंकज ओझा का तबादला है। उनको पशुपालन विभाग के निदेशक पद से हटाकर सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग में निदेशक बनाया गया है। उनकी जगह गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय की रजिस्ट्रार कश्मी कौर रण को नियुक्त किया गया है।

**ज्योति चौहान अब चिकित्सा विभाग की संयुक्त सचिव :** जयपुर एक की एडीएम विनीता सिंह को राजस्थान राज्य बीज निगम का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है जबकि ज्योति चौहान को राजस्थान रोडवेज में कार्यकारी निदेशक के पद से हटाकर चिकित्सा विभाग में संयुक्त सचिव के पद पर भेजा गया है। स्थानीय निकाय विभाग (डीएलबी) में उप निदेशक विनोद कुमार पुरोहित को चौहान की जगह



राजस्थान रोडवेज में कार्यकारी निदेशक (यातायात) के पद पर तैनात किया गया है।

**10 को एसडीएम पदों पर तैनाती :** झुंझुनू जिला परिषद के सीईओ कैलाश चंद यादव को कॉलेज शिक्षा विभाग में अतिरिक्त आयुक्त नियुक्त किया गया है। अमानुल्लाह खान का तबादला जोधपुर डिस्कॉम के सचिव पद से आयुर्वेद विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार पद पर किया गया है। वहीं अखिलेश कुमार पीपल को जोधपुर डिस्कॉम का सचिव बनाया गया है। यही नहीं तहसीलदार कैडर से हाल ही में आरएएस में पदोन्नत हुए 11 अधिकारियों में से 10 को एसडीएम पदों पर तैनाती दी गई है। इस बीच राजस्थान पुलिस ने हाल ही में संगठित अपराध और गैंगस्टरों के खिलाफ एक बड़ा अभियान चलाया है। नौ मई से 11 मई तक चले इस 3 दिवसीय विशेष अभियान के दौरान पुलिस ने एक हजार छह सौ से अधिक अपराधियों को गिरफ्तार किया। अतिरिक्त महानिदेशक दिनेश एमएन के अनुसार यह कार्रवाई प्रदेश के सभी जिलों में एक साथ की गई ताकि अवैध हथियार सप्लाई करने वालों और वांछित अपराधियों को पकड़ा जा सके। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य राज्य में अपराध पर लगाम लगाना और कुख्यात गैंगों के नेटवर्क को पूरी तरह तोड़ना था।

## सीबीआई प्रमुख प्रवीण सूद का कार्यकाल एक साल बढ़ा, राहुल गांधी के विरोध के बीच सरकार का बड़ा फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र की मोदी सरकार ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के निदेशक प्रवीण सूद का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया। यह उनका दूसरा कार्यकाल विस्तार है। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने चयन समिति की सिफारिश पर सूद का कार्यकाल 24 मई 2026 के बाद एक वर्ष के लिए बढ़ाने का फैसला किया है। प्रवीण सूद ने 25 मई 2023 को दो वर्ष के नियमित कार्यकाल के लिए सीबीआई निदेशक का पद संभाला था। पिछले वर्ष उनका कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ाया गया था। अधिकारियों के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली चयन समिति की मंगलवार को हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। समिति में भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी शामिल थे। बैठक के बाद राहुल गांधी ने सीबीआई निदेशक की चयन प्रक्रिया को लेकर असहमति दर्ज कराई। उन्होंने इसे 'पक्षपातपूर्ण प्रक्रिया' बताते हुए कहा था कि वह इसका हिस्सा नहीं बनना चाहते हैं। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा था कि नेता प्रतिपक्ष कोई 'रबर स्टाम्प' नहीं होता है। उन्होंने दावा किया कि सरकार के कदम से लगता है कि चयन प्रक्रिया का मजाक बनाया जा रहा है और किसी पहले से तय व्यक्ति का चयन होता है। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता वाली समिति की बैठक दिल्ली में मंगलवार को प्रधानमंत्री के सात, लोक कल्याण मार्ग स्थित आवास पर हुई और राहुल गांधी ने भी इस बैठक में हिस्स लिया। भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत भी इस समिति के सदस्य हैं। बैठक के बाद राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखे असहमति वाले पत्र को साझा करते हुए सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि मैंने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर सीबीआई निदेशक चयन प्रक्रिया पर अपनी



असहमति दर्ज कराई है। मैं पक्षपातपूर्ण प्रक्रिया में भाग लेकर अपने संवैधानिक कर्तव्य से विमुख नहीं हो सकता। उन्होंने असहमति के नोट में कहा कि सीबीआई के अगले निदेशक की सिफारिश करने के लिए गठित समिति के अध्यक्ष के रूप में आपको इसकी कार्यवाही पर अपनी असहमति दर्ज करने के लिए लिख रहा हूं। उन्होंने दावा किया कि आपकी सरकार ने राजनीतिक विरोधियों, पत्रकारों और आलोचकों को निशाना बनाने के लिए भारत की प्रमुख जांच एजेंसी सीबीआई का बार-बार दुरुपयोग किया है। इस तरह के संस्थागत कब्जे को रोकने के लिए ही नेता प्रतिपक्ष को चयन समिति में शामिल किया जाता है। अफसोस की बात है कि आपने इस प्रक्रिया में मुझे किसी भी सार्थक भूमिका से वंचित करना जारी रखा है। उन्होंने कहा कि बार-बार लिखित अनुरोध के बावजूद उन्हें योग्य उम्मीदवारों की स्व-मूल्यांकन रिपोर्ट या '360-डिग्री रिपोर्ट' (मूल्यांकन रिपोर्ट) प्रदान नहीं की गई। इसके बजाय, मुझसे समिति की बैठक के दौरान पहली बार उम्मीदवारों के मूल्यांकन रिकॉर्ड की जांच करने की उम्मीद की गई थी। '360-डिग्री रिपोर्ट' से मुझे सिरे से वंचित कर दिया गया। कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रत्येक उम्मीदवार के कामकाज के इतिहास और प्रदर्शन का आकलन करने के लिए इन रिपोर्ट की विस्तृत समीक्षा महत्वपूर्ण है। उनका यह भी कहना था कि बिना किसी कानूनी आधार के जानबूझकर जानकारी देने से इनकार करना, चयन प्रक्रिया का मजाक बनाता है और यह सुनिश्चित करता है कि केवल आपके पूर्व-निर्धारित उम्मीदवार का ही चयन किया जाए। राहुल गांधी ने कहा कि मैं आपको याद दिलाता हूं कि मैंने पांच मई, 2025 को पिछली बैठक में अपनी असहमति दर्ज की थी। मैंने आपको 21 अक्टूबर 2025 को भी पत्र लिखकर निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया अपनाने के उपाय सुझाए थे, जिसका मुझे कोई जवाब नहीं मिला है।

इस दौरान उन्होंने दावा किया कि चयन समिति को महत्वपूर्ण जानकारी देने से इनकार करके सरकार ने इसे महज औपचारिकता तक सीमित कर दिया है। उन्होंने पत्र में कहा कि विपक्ष का नेता कोई रबर स्टाम्प नहीं है। मैं इस पक्षपातपूर्ण प्रक्रिया में भाग लेकर अपने संवैधानिक कर्तव्य से विमुख नहीं हो सकता। इसलिए मैं कड़े शब्दों में असहमति जताता हूं।

लाजियो को 2-0 से हराकर इंटर मिलान ने

# 10वीं बार जीता कोप्पा इटालिया का खिताब

**रोम ।** इंटर मिलान ने लाजियो पर 2-0 से जीत के साथ अपना दसवां कोप्पा इटालिया फुटबॉल खिताब जीता। इस जीत के साथ ही इंटर मिलान ने इस सीजन का ऐतिहासिक 'डोमेस्टिक डबल' पूरा किया। इंटर मिलान ने इसी साल मई में तीन मुकाबले बाकी रहते हुए 21वां सीरी ए के खिताब को अपने नाम किया था। टीम के लिए पहला गोल मार्कस थुरम ने किया। फेडेरिको डिमार्को के कॉर्नर पर मार्कस थुरम का शानदार हेडर लाजियो के खिलाड़ी एडम मारुसिक से टकराकर गोल पोस्ट में चला गया। इसके बाद मैच के 35वें मिनट में इंटर मिलान ने अपनी बढ़त को दोगुना कर दिया। पेनल्टी बॉक्स से दिए गए डेनजेल डमफ्रीज के शानदार पास को लुटारो मार्टिनेज ने खाली पड़े गोल पोस्ट में पहुंचाया।




# डेपोर्टिवो अलावेस ने एफसी बार्सिलोना को 1-0 से हराया

**मैड्रिड ।** ला लीगा का खिताब अपने नाम करने वाली एफसी बार्सिलोना को डेपोर्टिवो अलावेस के खिलाफ टूर्नामेंट में 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। रला लीगा का खिताब जीतने का जश्न मनाने का असर इस मुकाबले में बार्सिलोना के प्रदर्शन में साफतौर पर नजर आया। टीम मैच में संघर्ष करती हुई नजर आई। मैच का एकमात्र गोल पहले हाफ के आखिरी प्ले में इब्राहिम डायबेट ने किया। अलावेस के स्ट्राइकर ने एरिया के अंदर लेऑफ का फायदा उठाते हुए गोलकीपर स्जेसनी को छकाते हुए गेंद को गोल पोस्ट में पहुंचा दिया। इस जीत के साथ ही अलावेस अब सबसे निचले स्थान पर मौजूद तीन टीमों की लिस्ट से ऊपर उठ गई है। रिलेगेशन जोन से बाहर निकलने के लिए प्वाइंट्स जुटाने की कोशिश में लगी मेजबान टीम धीरे-धीरे मैच में अपनी पकड़ बनाई। गोलकीपर स्जेसनी को लगातार बचाव करने पड़े, लेकिन पहले हाफ की आखिरी किक को वो गोल पोस्ट के अंदर जाने से नहीं रोक सके।



# तिलक वर्मा की तूफानी पारी से मुंबई की शानदार जीत, पंजाब को 6 विकेट से हराया







एजेंसी

**धर्मशाला।** मुंबई इंडियंस ने गुरुवार को खेले गए रोमांचक आईपीएल मुकाबले में पंजाब किंग्स को 6 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में मुंबई ने आखिरी ओवर में 15 रन बनाकर लक्ष्य हासिल किया। टीम की जीत के सबसे बड़े नायक तिलक वर्मा रहे, जिन्होंने नाबाद 75 रन की विस्फोटक पारी खेली। दूसरी ओर पंजाब किंग्स की यह लगातार पांचवीं हार रही। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब किंग्स ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 200 रन बनाए। टीम की शुरूआत अच्छी रही और प्रभसिमरन सिंह ने शानदार अर्धशतक जड़ा। उन्होंने 57 रन की अहम पारी खेली। प्रियांश के साथ पहले विकेट के लिए 50 रन और फिर कोनोली के साथ दूसरे विकेट के लिए 57 रन की साझेदारी ने पंजाब को मजबूत आधार दिया।


मध्यक्रम में विकेट गिरने के बावजूद अजमतुल्लाह उमरजई ने 17 गेंदों में 38 रन की तेज पारी खेलकर रन गति बनाए रखी। अंत में जेवियर बार्टलेट ने सिर्फ 7 गेंदों में नाबाद 18 रन बनाकर टीम को 200 रन के पार पहुंचाया। मुंबई की ओर से शार्दुल ठाकुर सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 विकेट झटके, जबकि दीपक चाहर ने 2 बल्लेबाजों को आउट किया।

201 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस के लिए रायन रिकल्टन ने 48 रन की तेज शुरूआत दी। इसके बाद तिलक वर्मा ने पारी को संभालते हुए आक्रामक बल्लेबाजी की। उन्होंने सिर्फ 33 गेंदों में 75 रन बनाए और आखिरी तक नाबाद रहे। अंतिम ओवरों में विल जैक्स ने भी शानदार बल्लेबाजी करते हुए 10 गेंदों में नाबाद 25 रन बनाए। तिलक और जैक्स के बीच पांचवें विकेट के लिए 56 रन की अटूट साझेदारी ने मुंबई को जीत दिला दी। पंजाब की ओर से अजमतुल्लाह उमरजई ने 2 विकेट लिए, जबकि युजवेंद्र चहल और मार्को यानसन को 1-1 सफलता मिली। इस जीत के साथ मुंबई ने प्लेऑफ की दौड़ में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

इटैलियन ओपन

# कोको गॉफ ने मिरा एंड्रीवा को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई

**रोम ।** अमेरिका की कोको गॉफ ने रूस की मिरा एंड्रीवा को हराकर इटैलियन ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। दुनिया की नंबर 3 खिलाड़ी कोको गॉफ को नंबर 8 सीड एंड्रीवा के खिलाफ तीसरे सेट में लगभग 5-1, दो-ब्रेक की बढ़त के साथ, 4-6, 0-2, 6-4 से जीत हासिल करने के लिए पांच मैच पॉइंट्स की जरूरत पड़ी। एंड्रीवा ने पहले सेट में 3-1 की बढ़त बनाई और कई बार इसे अच्छे से संभाला। डब्ल्यूटीए की रिपोर्ट के मुताबिक, पहले सेट में, एंड्रीवा ने 10 विनर और सिर्फ सात अनफोर्स्ड एरर के साथ खत्म किया, और गॉफ के लिए इसका उल्टा हुआ।



गॉफ ने 3-0 की बढ़त बनाई, एक ब्रेक लिया, और दूसरे सेट में कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। एंड्रीवा ने दूसरे सेट में 11 अनफोर्स्ड एरर किए, जिससे गॉफ ने डिसाइडर सेट के लिए मजबूर कर दिया। शुरू में ऐसा लगा कि गॉफ 5-1 की बढ़त के साथ डबल ब्रेक लेकर जीत जाएंगी। गॉफ ने दूसरे सेट से ही मोमेंटम बनाए रखा था और एंड्रीवा की गलतियों का फायदा उठाया। कोको गॉफ का सेमीफाइनल मुकाबला सोराना सिर्स्टिया से होगा। इस सीजन में गॉफ का रोमानियाई सिर्स्टिया से तीसरा मुकाबला लगातार दूसरे टूर्नामेंट में होगा। अमेरिकी खिलाड़ी अपने 15वें 1000-लेवल डब्ल्यूटीए टूर सेमीफाइनल में पहुंची हैं।

# 36 साल के मनीष पांडे ने पकड़ा हैरतअंगेज कैच

- **विराट कोहली ने खास अंदाज में की सराहना**

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के 57वें मैच में आरसीबी और केकेआर के बीच रोमांचक भिड़ंत देखने को मिली। इस मैच में 36 वर्षीय मनीष पांडे ने पॉइंट पर टिम डेविड का ऐसा हैरतअंगेज कैच पकड़ा जिसे देख हर कोई हैरान था। गेंदबाज को खुद भरोसा नहीं था कि ऐसा कैच हो गया। बल्लेबाज, डगआउट में बैठे खिलाड़ी और नॉन स्ट्राइकिंग एंड पर खड़े विराट कोहली भी इस कैच से हैरान थे। विराट ने खास अंदाज में इसकी सराहना भी की। यह वाकिया था आरसीबी की पारी के 18वें ओवर का जब गेंदबाजी कार्तिक शर्मा कर रहे थे और टिम





डेविड बल्लेबाज थे। डेविड ने कट करने का प्रयास किया और पॉइंट पर खड़े मनीष पांडे ने अपनी बाईं ओर किसी पक्षी की तरह उड़ते हुए छलांग लगाई और एक हाथ से हैरतअंगेज कैच पकड़ लिया। इसके बाद रिप्ले में दिखाया गया कि विराट कोहली ने खास अंदाज में उन्हें सराहा। विराट कोहली और मनीष पांडे कुछ चुनिंदा खिलाड़ियों में से हैं जो 2008 से लगातार आईपीएल का हिस्सा हैं। यही कारण है कि दोनों की दोस्ती और आपस में सम्मान का नजारा इस मैच में देखने को मिला। मनीष के शानदार कैच के बाद विराट कोहली ने उन्हें सराहा और हाथ मिलाते हुए औपचारिक तौर पर गले भी लगाया। सोशल मीडिया पर आग की तरह मनीष के कैच का वीडियो फैल गया और लोगों ने जमकर तारीफ की।

**आरसीबी बनी नंबर एक टीम-** इस मैच में आरसीबी ने केकेआर को 6 विकेट से हराकर अंकतालिका में नंबर 1 पोजिशन पर कब्जा किया और प्लेऑफ की दावेदारी को मजबूत कर लिया।

# 'हम किसी खास स्टाइल की क्रिकेट नहीं खेलते'

- **एसआरएच को हराने के बाद बोले जीटी कप्तान शुभमन गिल**

**अहमदाबाद ।** आईपीएल 2026 में मंगलवार को नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को 82 रन से हराने के बाद गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल काफी खुश नजर आए। जीटी की लगातार पांचवी जीत थी और इस जीत के साथ टीम अंकतालिका में पहले स्थान पर चली गई है। जीटी कप्तान ने जीत का श्रेय अपने गेंदबाजों को दिया। मैच के बाद शुभमन गिल ने कहा, 'हमें पता था कि इस विकेट पर 170 का स्कोर मुश्किल होने वाला था।



हमने बहुत अच्छी गेंदबाजी की। हमने मैच से पहले गेंदबाजी को लेकर योजना बनाई थी और उसे पूरी तरह कार्यान्वित करने में सफल रहे। हम पावरप्ले में अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं।' साई सुदर्शन और वाशिंगटन सुंदर की तारीफ करते हुए गिल ने कहा, 'मुझे लगता है कि दोनों ने शानदार बल्लेबाजी की। उनके बिना 170 तक पहुंचना मुश्किल था।' अंकतालिका में पहले स्थान पर पहुंचने पर गिल ने कहा, 'यह सब लगातार अच्छा खेलने की वजह से संभव हो सका। हम उस तरह की टीम नहीं हैं जो किसी खास स्टाइल या ब्रांड का क्रिकेट खेलती हो। हम ऐसी टीम बनना चाहते हैं जो विकेट को देखे, कंडीशन का अंदाजा लगाए और उसके मुताबिक खेले।' जेसन होल्डर पर गिल ने कहा, 'वह बहुत अनुभवी खिलाड़ी है, और जिस तरह की लेंथ पर वह हिट कर रहे है, वह हमारे लिए शानदार है। होल्डर ने लगभग हर मैच में चार ओवर गेंदबाजी की है।

रियल बेटिस ने एल्चे पर जीत के साथ

# चैंपियंस लीग में जगह बनाई

**मैड्रिड ।** रियल बेटिस ने अगले सीजन के लिए यूईएफए चैंपियंस लीग में अपनी जगह बना ली है। बेटिस ने एल्चे पर 2-1 से जीत के साथ ही ला लीगा में पांचवां स्थान हासिल करते हुए अगले सीजन के लिए यूईएफए चैंपियंस लीग में जगह बनाई है। बेटिस के लिए पाब्लो फोर्नल्स ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने नौवें मिनट में कुचो हर्नांडेज को पहला गोल करने का मौका दिया और फिर 68वें मिनट में पेनल्टी एरिया के बाहर से एक शानदार कर्लिंग शॉट से विजयी गोल किया। एल्चे ने 41वें मिनट में हेक्टर फोर्ट के जरिए बराबरी कर ली, लेकिन उनकी वापसी की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा जब लियो पेट्रोट को एंटनी पर देर से चुनौती देने के लिए सीधे रेड कार्ड दिखाकर बाहर भेज दिया गया। इस नतीजे से बेटिस का 21 साल में पहली बार चैंपियंस लीग में खेलना पक्का हो गया।



वहीं, सेल्टा विगो की उम्मीदें लेवांटे से 3-2 से हार के साथ खत्म हो गईं। लेवांटे सेल्टा विगो पर जीत के बाद बॉटम थ्री से बाहर आ गया। सेल्टा के लिए फेरान जुटग्ला ने चौथे और 48वें मिनट में गोल किए, लेकिन केर्विन अरियागा और एड्रियन डे ला फुएंते ने दो बार बराबरी की, इससे पहले रोजर ब्रुग ने गोल किया जो लेवांटे के रेलीगेशन की लड़ाई में अहम साबित हो सकता था। एडेमोला लुकमैन और अलेक्जेंडर सोरलोथ ने गोल करके एटलेटिको मैड्रिड को ओसासुना के खिलाफ 2-1 से जीत दिलाई। ओसासुना को 37वें मिनट में विंगर राउल मोरो को चोट के कारण खोना पड़ा, जबकि एटलेटिको मैड्रिड 79वें मिनट में 10 खिलाड़ियों तक सिमट गया जब मार्कोस लोरेंटे को दूसरा येलो कार्ड दिखाया गया।

एशियाई खेलों से पहले बड़ा विवाद

# नंबर-1 शूटर जोरावर संधू भारतीय टीम से बाहर

**नई दिल्ली।** एशिया में नंबर एक और विश्व रैंकिंग में छठे नंबर के ट्रैप निशानेबाज जोरावर सिंह संधू को इस वर्ष के आखिर में होने वाले एशियाई खेलों के लिए भारत की संभावित शॉटगन टीम में शामिल नहीं किया गया है। यह तब है जब वह देश के शीर्ष ट्रैप निशानेबाजों में से एक हैं और उन्होंने पिछले वर्ष विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था।

राष्ट्रीय चैंपियनशिप और घरेलू चयन ट्रायल के दौरान जोरावर का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। विश्व चैंपियनशिप और विश्व कप फाइनल्स की तैयारी में व्यस्त होने के बावजूद उनके लिए इन प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना अनिवार्य था। राष्ट्रीय ट्रायल्स में निराशाजनक प्रदर्शन के कारण उन्हें एशियाई खेलों के लिए संभावित टीम में जगह नहीं मिली है। वह एक महीने पहले तक विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर थे।

जोरावर ने भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) से अपने फैसले पर फिर से विचार करने का आग्रह किया है। उन्होंने तर्क दिया है कि



पिछले छह महीनों में भारतीय ट्रैप निशानेबाजों में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ स्कोर हासिल किया है। एनआरएआई ने हालांकि स्पष्ट किया है कि वह डेढ़ साल पहले लागू की गई चयन नीति का सख्ती से पालन करेगा।NRAI महासचिव पवन कुमार सिंह ने कहा कि पुरुषों की संभावित ट्रैप टीम में बदलाव होने की संभावना नहीं है। इस टीम में कीनान चेनाई, अहवर रिजवी और शपथ भारद्वाज शामिल हैं। ये सभी 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों में हिस्सा लेंगे।

47 वर्षीय जोरावर पिछले साल अक्टूबर में एथेंस में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर ट्रैप शूटिंग में पदक जीतने वाले तीसरे भारतीय निशानेबाज बने थे।

उन्होंने विश्व कप फाइनल्स में भी पदक दौर तक जगह बनाई, लेकिन आखिर में सातवें स्थान पर रहे। जोरावर के हवाले से समाचार एजेंसी पीटीआई ने लिखा, एनआरएआई को टीम के चयन पर फिर से विचार करना चाहिए, लेकिन उनका फैसला जो भी होगा उसे मुझे स्वीकार करना होगा। मैं अभी एशिया का नंबर एक और विश्व में छठे नंबर का निशानेबाज हूं। इसे ध्यान में रखते हुए महासंघ को अपने फैसले पर फिर से विचार करना चाहिए। मैंने इस महीने कजाकिस्तान में हुए विश्व कप में भारतीय खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया था। पवन सिंह ने हालांकि ऐसी किसी संभावना से इनकार कर दिया।

# सरकार ने चीनी के एक्सपोर्ट पर लगाई रोक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने चीनी के निर्यात रोक दिया है। सरकार ने एक नोटिफिकेशन में कहा कि फिलहाल 30 सितंबर या अगले आदेश तक देश से चीनी के निर्यात को रोका गया है। भारत दुनिया में चीनी का दूसरा बड़ा उत्पादक है और देश में चीनी की कीमत बढ़ने से रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। इस साल अल नीनो के कारण मॉनसून के प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। इससे अगले सत्र में चीनी का उत्पादन प्रभावित हो सकता है। इससे कीमतों में उछाल आ सकती है। इसके मद्देनजर सरकार ने चीनी का एक्सपोर्ट रोकने का फैसला किया है।

रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक सरकार के इस कदम से सफेद और रॉ शुगर की वैश्विक कीमतों को सपोर्ट मिल सकता है। साथ ही ब्राजील और थाईलैंड जैसे देशों से एशिया और अफ्रीका के खरीदारों को निर्यात बढ़ेगा। ब्राजील के बाद भारत दुनिया में चीनी का दूसरा बड़ा निर्यातक है। सरकार ने



चीनी मिलों को 1.59 मिलियन टन चीनी एक्सपोर्ट करने की अनुमति दी थी। माना जा रहा था कि उत्पादन घरेलू मांग से ज्यादा रहेगा। लेकिन लगातार दूसरे साल उत्पादन के खपत से कम रहने का अनुमान है।

**चीनी का एक्सपोर्ट:** सरकार ने चीनी के एक्सपोर्ट पर सितंबर तक रोक लगा दी है देश में चीनी का उत्पादन इस साल कम रहने का अनुमान है

अल नीनो प्रभाव के कारण मॉनसून के प्रभावित होने की आशंका ब्राजील के बाद भारत चीनी का दूसरा बड़ा उत्पादक और निर्यातक सरकार ने 1.59 मिलियन टन चीनी के एक्सपोर्ट का अनुमति दी थी

**ट्रेडर्स की मुश्किल:** मुंबई में एक ग्लोबल ट्रेड हाउस के डीलर ने कहा कि सरकार ने फरवरी में पर्याप्त एक्सपोर्ट कोटा दिया था। इससे ट्रेडर्स ने एक्सपोर्ट डील साइन की थी। अब ट्रेडर्स के लिए एक्सपोर्ट ऑर्डर पूरा करना बड़ी चुनौती होगी। भारत के चीनी का एक्सपोर्ट रोकने के फैसले के बाद न्यूयॉर्क में रॉ शुगर फ्यूचर्स में 2 फीसदी से अधिक तेजी आई है जबकि लंदन वाइट शुगर फ्यूचर्स तीन फीसदी उछला है।

## क्या है नोटिफिकेशन

डीलरों का कहना है कि ट्रेडर्स ने करीब 800,000 टन एक्सपोर्ट के लिए कॉन्ट्रैक्ट साइन कर दिए हैं और इसमें से 600,000 टन से अधिक चीनी एक्सपोर्ट की जा चुकी है। सरकार का कहना है कि रॉ और सफेद शुगर का एक्सपोर्ट रोका गया है। कुछ शर्तों के साथ एक्सपोर्ट की अनुमति होगी। अगर नोटिफिकेशन से पब्लिकेशन से पहले लोडिंग हो चुकी है तो इसके एक्सपोर्ट की अनुमति होगी। नोटिफिकेशन के मुताबिक अगर शिपिंग बिल फाइल कर दिया गया है और जहाज भारतीय बंदरगाह पर लंगर डाल चुका है तब भी चीनी के एक्सपोर्ट की इजाजत दी जाएगी। अगर शुगर को कस्टम या कस्टोडियन को सौंपा जा चुका है तब भी शिपमेंट को क्लीयर कर दिया जाएगा।

## शुगर कंपनियों के शेयरों में 4% तक की गिरावट, सरकार के फैसले का असर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गुरुवार को चीनी बेचने वाली कंपनियों के शेयरों की कीमतों की स्थिति खराब हो गई है। बलरामपुर चीनी मिल्स और धामपुर शुगर मिल्स के शेयरों में आज 4 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखने को मिली है। बता दें, भारत ने चीनी के निर्यात पर 30 सितंबर तक प्रतिबंध लगा दिया है। एक सरकारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गयी है। सरकार के प्रतिबंध लगाने के बाद आज बलरामपुर चीनी का शेयर 4.5 प्रतिशत की गिरावट के बाद 525 रुपये के इंट्रा-डे लो लेवल पर आ गया। वहीं, धामपुर के शेयर 4 प्रतिशत तक की गिरावट के बाद 147.55 रुपये के इंट्रा-डे लो लेवल पर आ गया। भारत शुगर एंड इंडस्ट्रीज के शेयर 3 प्रतिशत की गिरावट के बाद 354 रुपये और श्री रेणुका और EID पेरी के शेयरों में 2-2 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली। डीजीएफटी ने कहा, 'कच्ची चीनी, सफेद चीनी और परिष्कृत चीनी) की निर्यात नीति को 'प्रतिबंधित' श्रेणी से बदलकर 'निषिद्ध' श्रेणी में तत्काल प्रभाव से 30 सितंबर 2026 तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, कर दिया गया है।' भारत ने ऐसे समय में यह फैसला लिया है जब दुनिया में सबसे अधिक चीनी का उत्पादन करने वाला देश ब्राजील ने अपनी चीनी मिल्स को 1.59 मिलियन मैट्रिक टन एक्सपोर्ट करने के लिए कह दिया है। देश के अंदर चीनी की खपत से ज्यादा उत्पादन होने के बाद यह फैसला किया गया है।

## टाटा मोटर्स का शेयर डे हाई से 7% लुढ़का, नेट प्रॉफिट बढ़ने के बाद भी बिकवाली

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टाटा मोटर्स के शेयरों में आज गुरुवार की सुबह पहले तेजी देखने को मिली। उसके बाद कंपनी के शेयर भारी बिकवाली के शिकार हो गए। बता दें, टाटा मोटर्स के शेयरों का भाव बीएसई में आज के दिन के उच्चतम स्तर से 7 प्रतिशत लुढ़क गए। अब सवाल खड़ा हो रहा है कि मौजूदा स्थिति में निवेशक क्या करें बीएसई में टाटा मोटर्स के शेयर आज 395.10 रुपये के स्तर पर खुले थे। इसके बाद कंपनी के शेयर 396.30 रुपये के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गए। हालांकि, इसके बाद कंपनी के शेयरों में नरमी देखने को मिली। जिसकी वजह से टाटा मोटर्स के शेयरों का भाव बीएसई में टूटकर 367.55 रुपये के स्तर पर आ गया। कंपनी ने शेयर बाजारों को मार्च तिमाही के नतीजों से 13 मई को अवगत करवाया था। टाटा मोटर्स की तरफ से दी जानकारी में कहा गया है कि सालाना आधार नेट प्रॉफिट 69.56 प्रतिशत बढ़ा है। टाटा मोटर्स को पिछली तिमाही के आखिरी वित्त वर्ष के दौरान 2406 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। एक साल पहले इसी तिमाही में टाटा ग्रुप की कंपनी को 1419 करोड़ रुपये का प्रॉफिट हुआ था। टाटा मोटर्स ने दी जानकारी में कहा है कि मार्च तिमाही के दौरान कुल 24452 करोड़ रुपये का रेवन्यू हुआ है। जोकि सालाना आधार पर 22 प्रतिशत बढ़ा है। कंपनी का मार्च क्वार्टर में 35 प्रतिशत की बढ़ोतरी के बाद 3400 करोड़ रुपये रहा। बता दें, टाटा मोटर्स का मार्जिन 13.90 प्रतिशत बढ़ गया है। टाटा मोटर्स ने तिमाही नतीजों के साथ-साथ डिविडेंड का भी ऐलान किया है। कंपनी ने 2 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर 4 रुपये का डिविडेंड देने का फैसला किया है। मोतीलाल ओसवाल ने टाटा मोटर्स के शेयरों के लिए न्यूट्रल रेटिंग जारी की है। कंपनी ने 414 रुपये का टारगेट प्राइस सेट किया है। ब्रोकरेज हाउस ने कहा है कि टैक्स भुगतान के बाद का प्रॉफिट 22 करोड़ रुपये रहा है। जोकि उम्मीद से कम है। नोमुरा ने टाटा मोटर्स के शेयरों के लिए काल दी है। इस ब्रोकरेज हाउस ने 480 रुपये का टारगेट प्राइस टाटा मोटर्स के लिए सेट किया है।

## एक दिन की बंपर उछाल के बाद सोना-चांदी के भाव में गिरावट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोने और चांदी की कीमतों में आज यानी गुरुवार 14 मई को गिरावट दर्ज की जा रही है। एक दिन पहले ही गोल्ड-सिल्वर के भाव में जोरदार तेजी दर्ज की गई थी। इसके बाद आज निवेशकों की मुनाफावसूली से कमोडिटी मार्केट में दबाव देखने को मिल रहा है। सरकार द्वारा सोना और चांदी पर आयात शुल्क 6% से बढ़ाकर करीब 15% किए जाने के बाद बुधवार को दोनों धातुओं में तेज उछाल आया था। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर चांदी की कीमत 1.2% गिरकर 2,96,213 प्रति किलो पर आ गई है, जबकि सोना 0.7% टूटकर 1,61,027 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। बुधवार को सोना 162250 और चांदी 300500 पर बंद हुई थी। इस लिहाज से आज सोना 1223 रुपये सस्ता हुआ है। जबकि, चांदी के भाव में 4287 रुपये की गिरावट है। ग्लोबल मार्केट में भी कीमती धातुओं में कमजोरी रही। निवेशकों की नजर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच चल रही अहम बैठकों पर बनी हुई है। साथ ही ईरान युद्ध से जुड़े घटनाक्रम भी बाजार की दिशा तय कर रहे हैं। स्पॉट सिल्वर 0.9% गिरकर 87.18 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जबकि स्पॉट गोल्ड लगभग स्थिर रहकर 4,688.43 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करता दिखा। वहीं अमेरिकी गोल्ड फ्यूचर्स 0.2% कमजोर होकर 4,695 डॉलर पर आ गया। मार्केट एक्सपर्ट्स के अनुसार बुधवार की तेज तेजी के बाद निवेशक आज मुनाफावसूली कर रहे हैं। इससे कीमतों में गिरावट दर्ज की जा रही है। भारत सरकार ने हाल ही में सोना और चांदी के आयात पर शुल्क बढ़ाकर 15% कर दिया है। इसका मकसद बुलियन आयात कम करना, रुपये पर दबाव घटाना और विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूत करना है। हालांकि, ग्लोबल लेवल पर सुरक्षित निवेश की मांग अभी भी मजबूत बनी हुई है। अमेरिका में बढ़ती महंगाई, ब्याज दरों को लेकर अनिश्चितता और ईरान संघर्ष के चलते निवेशक अभी भी सोना-चांदी में खरदारी कर रहे हैं।

## नई थम रही रुपये की गिरावट, डॉलर के मुकाबले फिर पहुंचा ऑल टाइम लो पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रुपये में गिरावट का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। रुपया आज शुरुआती कारोबार में 20 पैसे टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर 95.86 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और पश्चिम एशिया संकट




को लेकर चिंताओं से रुपये पर भारी दबाव है। रुपया इस साल एशिया की सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वाली मुद्रा बन गया है और इसमें अब तक छह प्रतिशत से अधिक की गिरावट आ चुकी है। महंगा कच्चा तेल, मजबूत अमेरिकी डॉलर और पश्चिम एशिया संकट को लेकर बढ़ती चिंताएं इसकी मुख्य वजह हैं।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.74 प्रति डॉलर पर खुला। फिर टूटकर 95.86 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 20 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर 95.80 पर पहुंचने के बाद 95.66 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। रुपये की गिरावट को थामने के लिए आरबीआई अब तक अरबों डॉलर झोंक चुका है। जानकारों का कहना है कि अगर केंद्रीय बैंक ऐसा नहीं करता तो रुपये की हालत और बदतर होती।

### रुपये वर्सेज डॉलर

लगातार तीसरे दिन डॉलर के मुकाबले रेकॉर्ड लो पर पहुंचा रुपया भारत का करीब 90% कच्चा तेल और 50% गैस बाहर से आती है ईरान युद्ध के बाद कच्चे तेल की कीमत में 50 फीसदी तेजी आई है साथ ही विदेशी निवेशकों की भारतीय बाजार में बिकवाली जारी है

### क्यों आ रही है गिरावट

इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 98.48 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.44 प्रतिशत की बढ़त के साथ 106.10 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बुधवार को शुद्ध बिकवाल रहे थे और उन्होंने 4,703.15 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। डॉलर के मुकाबले रुपये में इस हफ्ते 1.4% गिरावट आई है। पिछले तीन दिन इसने हर सेशन में ऑल टाइम लो छुआ है। भारत का करीब 90 फीसदी कच्चा तेल और 50 फीसदी गैस बाहर से आती है।

# चलते-चलते रास्ते में दो समझौते और दूर हो जाएगी एलपीजी की किल्लत!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 मई को चार यूरोपीय देशों की 5 दिन की यात्रा पर रवाना होंगे। इस दौरान वह कुछ घंटे के लिए खाड़ी देश यूएई में भी रुकेंगे। इस दौरान दोनों देशों के बीच दो अहम समझौतों पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। ये एलपीजी और स्ट्रैटजिक पेट्रोलियम रिजर्व से जुड़े हैं। सरकारी सूत्रों का कहना है कि मोदी के यूएई में तीन घंटे के स्टॉपओवर के दौरान एनर्जी सिक्योरिटी सबसे अहम मुद्दा होगा। ईरान युद्ध के कारण दुनिया में एनर्जी की सप्लाई टाइट हो गई है। भारत पर भी इसका असर दिखने लगा है। प्रधानमंत्री ने हाल में लोगों से पेट्रोल और डीजल बचाने की अपील की थी। यूएई भारत का अहम एनर्जी सप्लायर है। यह भारत के लिए कच्चे तेल का चौथा बड़ा सोर्स होने के साथ-साथ एलपीजी और एलएनजी का दूसरा बड़ा सप्लायर है। ईरान युद्ध के कारण होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों की आवाजाही बंद है।



इस कारण अप्रैल में खाड़ी देशों के उत्पादन में गिरावट आई है। अप्रैल में केवल यूएई के उत्पादन में तेजी आई। इसकी वजह यह है कि वह होर्मुज स्ट्रेट को बाइपास करके गल्फ ऑफ ओमान में स्थित फुजैरा पोर्ट से तेल एक्सपोर्ट कर रहा है। मोदी 15 मई को चार यूरोपीय देशों की की यात्रा पर रवाना होंगे इस दौरान वह करीब तीन घंटे के लिए खाड़ी देश यूएई में रुकेंगे इस दौरान एनर्जी सिक्योरिटी से जुड़े दो समझौतों पर हस्ताक्षर होंगे ईरान युद्ध के कारण दुनिया में एनर्जी की सप्लाई टाइट हो गई है यूएई रोजाना करीब 3.6 मिलियन बैरल तेल उत्पादन कर रहा है

20 फीसदी कच्चा तेल इसी रास्ते गुजरता है। कच्चा तेल महंगा होने से भारत की इकॉनमी पर भी असर दिखने लगा है क्योंकि हमारा करीब 90 फीसदी तेल बाहर से आता है। ऐसे में यूएई के साथ समझौते भारत के लिए काफी अहम माने जा रहे हैं।

## उत्पादन बढ़ाने की तैयारी

यूएई रोजाना 3.2 से 3.6 मिलियन बैरल तेल का उत्पादन कर रहा है। हाल में वह ओपेक और ओपेक प्लस से बाहर आ चुका है और अगले साल तक रोजाना 5 मिलियन बैरल तेल निकालने की तैयारी कर रहा है। यही वजह है कि भारत की एनर्जी सिक्योरिटी के लिए यूएई काफी अहम है। विदेश मंत्रालय का कहना है कि मोदी यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान के साथ आपसी रिश्तों, ऊर्जा सहयोग और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। भारत की यूएई के साथ व्यापक रणनीतिक साझेदारी है। 45 लाख से अधिक भारतीय इस खाड़ी देश में रहते हैं।

ईरान युद्ध का असर

पश्चिम एशिया में चल रही लड़ाई को ढाई महीने हो चुके हैं और फिलहाल इसके थमने की उम्मीद नहीं है। इसके कारण होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों की आवाजाही प्रभावित होने से कच्चे तेल की सप्लाई टाइट हुई है।

## पेट्रोल-डीजल की केरल में राशनिंग एक व्यक्ति को 5,000 से ज्यादा का पेट्रोल नहीं मिलेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केरल में डीजल और पेट्रोल की राशनिंग होने लगी है मातृभूमिडॉटकॉम की एक रिपोर्ट के अनुसार इस दक्षिणी राज्य में पेट्रोल पम्पों पर कथित तौर पर बल्क फ्यूल की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया है। इसमें बताया गया है कि इस समय किसी ग्राहक को अधिकतम 200 लीटर डीज़ल ही दिया जा रहा है। यदि वे पेट्रोल खरीदते हैं तो उन्हें करीब 5,000 रुपये तक का यह ईंधन मिलेगा।

इस रिपोर्ट के मुताबिक पेट्रोल-डीजल की सप्लाई सुनिश्चित करने और ज्यादा डिमांड के बीच पेट्रोल पम्पों पर अचानक स्टॉक की कमी को रोकने के लिए ऐसा किया गया है। ईरान-इजरायल युद्ध के बीच देश में हो रही कच्चे तेल की कमी के बीच पेट्रोल-डीजल बेचने वाली कंपनियां इस समय लॉन्गर सप्लाई विंडो के बजाय अल्पकालीन मांग को देख कर आपूर्ति कर रही हैं। इसलिए पम्प को अगले कुछ दिन के स्टॉक ही मिल पा रहे हैं। रिपोर्ट में




दावा किया गया है कि इस समय ईंधन की आपूर्ति के लिए अग्रिम भुगतान की तो आवश्यकता होती ही है, इसके साथ ही क्रेडिट पर आधारित सप्लाई सिस्टम को खत्म कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि इस व्यवस्था से फ्यूल स्टेशन के लिए काम करना थोड़ा कठिन हो गया है। उल्लेखनीय है कि केरल में करीब 2,500 पेट्रोल पम्प हैं। इनमें से कई नियमित टैंकर डिलीवरी पर निर्भर हैं। इन्हें एक बार में 12,000 लीटर से 24,000 लीटर तक ईंधन मिलता है।

केंद्र सरकार के पेट्रोलियम मिनिस्ट्री का कहना है कि देश भर में कहीं भी पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है। हालांकि, अधिकारी बताते हैं कि लॉजिस्टिक वजहों से ईंधन की सप्लाई में अस्थायी व्यवधान हो सकता है। दूसरी तरफ केरल स्टेट पेट्रोलियम ट्रेडर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने बताया है कि ये प्रतिबंध लगातार उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए है।

# रूसी तेल खरीद पर पाबंदियों में मिली छूट होने वाली है खत्म

## अमेरिका के सस्पेंस से भारत की बढ़ी टेंशन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की नजर 16 मई पर टिकी हुई है। इस हफ्ते के आखिर तक अमेरिका की पाबंदियों में मिली छूट को अगर आगे नहीं बढ़ाया जाता है तो भारतीय तेल रिफाइनरों के लिए मुश्किल पैदा होगी। उन्हें रूसी कच्चे तेल का आयात कम करने पर मजबूर होना पड़ सकता है। वहीं, स्थानीय प्रोसेसर ईरान युद्ध के नतीजों से जूझ रहे हैं। ब्लूमबर्ग ने भारतीय रिफाइनरों के रुख से परिचित लोगों के हवाले से बताया, अमेरिका ने अब तक यह साफ नहीं किया है कि क्या वह उस छूट को आगे बढ़ाएगा, जिससे भारत सहित अन्य देश 16 मई के बाद भी तेल खरीदना जारी रख सकें। रिपोर्ट के अनुसार, अगर ऐसा नहीं होता है तो स्थानीय प्रोसेसरों को कहीं और से ज्यादा कीमत वाले और वैकल्पिक 'स्पॉट बैरल' (बाजार में तुरंत उपलब्ध तेल) खरीदने पर मजबूर होना पड़ सकता है। मई महीने में अब तक रूसी तेल का आयात रिकॉर्ड स्तर यानी 23 लाख बैरल प्रतिदिन रहा है। ऐसा




इसलिए हुआ क्योंकि अमेरिका से मिली छूट के तहत पहले से ही जहाजों में लदे रूसी तेल के आयात की अनुमति थी। लेकिन, मॉस्को से कच्चा तेल लेकर अगर कोई नया जहाज भारत की ओर आता हुआ नहीं दिखता है तो स्थिति बदलेगी। उस स्थिति में पूरे महीने का कुल आयात घटकर 19 लाख बैरल प्रतिदिन तक गिर सकता है। ईरान युद्ध के कारण तेल बाजार में भारी उथल-पुथल मची हुई है। इस युद्ध ने फारस की खाड़ी से भारत सहित अन्य प्रमुख खरीदारों तक होने वाली तेल की बड़ी सप्लाई को बाधित कर दिया है। भारत कच्चे तेल का तीसरा सबसे बड़ा इंपोर्टर है। तेल की बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने के प्रयासों के तहत अमेरिका ने सबसे पहले 5 मार्च को भारत के लिए एक विशेष छूट जारी की थी। इसके तहत भारतीय रिफाइनरों को जहाजों में लदे रूसी तेल को खरीदने की अनुमति दी गई थी। एक बार विस्तार मिलने के बाद अब यह छूट 16 मई को समाप्त होने वाली है। इस समय-सीमा के समाप्त होने से ठीक पहले भारत की दो सबसे बड़ी सरकारी तेल रिफाइनिंग कंपनियों इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन ने इस हफ्ते पश्चिम अफ्रीका और अमेरिका से कच्चे तेल की खरीद की है।

# अमूल के बाद मदर डेयरी ने भी बढ़ाए दूध के दाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर समेत देशभर में दूध महंगा हो गया है। अमूल के बाद मदर डेयर ने भी दूध के दाम बढ़ा दिए हैं। दोनों ने कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर का इजाफा किया है। नई दरें 14 मई यानी गुरुवार से लागू हो जाएंगी। बुधवार को गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन के बाद मदर डेयरी ने कीमतों में बढ़ोतरी का ऐलान किया। अमूल और मदर डेयरी ने अलग-अलग तरह के दूध की कीमतों में यह बढ़ोतरी की है। कंपनी के अनुसार, कीमतों में यह बढ़ोतरी अमूल के सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाले कुछ दूध उत्पादों पर लागू होगी। इनमें शामिल हैं: गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन ने बताया कि उसने पूरे भारत में बिकने वाले दूध के मुख्य वेरिएंट/पैक में कीमतें 2 रुपये प्रति लीटर बढ़ा दी हैं। 14 मई से इन्हें लागू किया जाएगा।' उसने बताया कि यह बढ़ोतरी लगभग 2.5-3.5 फीसदी प्रति लीटर है। यह औसत खाद्य महंगाई दर से कम है। 'कीमतों में यह बढ़ोतरी दूध के ऑपरेशन और उत्पादन की कुल लागत में बढ़ोतरी के कारण




की जा रही है। इस साल पशुओं के चारे, दूध की पैकेजिंग फिल्म और ईंधन की लागत में काफी बढ़ोतरी हुई है।' अमूल-मदर डेयरी ने बढ़ाए दूध के दाम, जानिए कितने का मिलेगा एक लीटर

मदर डेयरी ने दी यह जानकारी

मदर डेयरी ने बताया कि वह अपने दूध के अलग-अलग वेरिएंट की कीमतों में 14 मई, 2026 से 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी करेगी। यह बढ़ोतरी इसलिए जरूरी हो गई है क्योंकि किसानों से दूध खरीदने की कीमतों में पिछले एक साल में लगातार लगभग 6% की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, उपभोक्ताओं पर इसका असर कम करने के लगातार प्रयास किए गए हैं। कंपनी ने बताया कि यह बढ़ोतरी बढ़ी हुई लागत का केवल एक आंशिक हिस्सा है। इसका उद्देश्य किसानों के कल्याण और उपभोक्ताओं के हितों के बीच एक उचित संतुलन बनाए रखना है। मदर डेयरी अपने दूध की बिक्री से होने वाली कमाई का लगभग 75 - 80% हिस्सा किसानों और दूध खरीदने पर खर्च करती है। दोनों दिग्गज कंपनियों की ओर से कीमतों में इस बढ़ोतरी का असर सभी बाजारों में उपभोक्ताओं पर पड़ेगा।

## पेपर लीक



संतोष महली,
ईटा, लोहरदगा।

**कागज** कर पन्ना में
सपना के निलामी,
होवेक देखे लाइग हों!
पसीना कर कमाइ के
दलाल लेवे,मनमानी
उड़ाएक देखे लाइग हों!!

कांदैं - कलपैं पढ़वइया
बेवस्था में बइठ हैं लुटेरा,
कोनो फरक नइ पड़ेला
ठइक लेहैं पईसा बोरे - बोरा।

अंधरा बहिरा कानून
हांथे लाठी चमकाय,
कमजोर के बल दिखाय!
अमीर साथे बिसकुट चाय
पीयैं,सुडुप - सुडुप बजाय!!

आम आदमी कर खुन
पानी देखे लाइग हों,
पेपर लीक कर चलते कतइ
खतम जवानी देखे लाइग हों।

कागज कर पन्ना में
सपना के निलामी,
होवेक देखे लाइग हों!
पसीना कर कमाइ के
दलाल लेवे,मनमानी
उड़ाएक देखे लाइग हों!!

# डालसा कर नामकुम परखंड कर लाली पंचायत भवन में जागरुकता कार्जकरम

सोनू सपवार

**रांची।** डालसा रांची जिला कर नामकुम परखंड कर लाली पंचायत भवन में झालसा कर जोजना निरोगी भवः उपरे विधिक जागरुकता कार्जकरम कर आयोजन 14 मई के करलक। ई अवसर में डिप्टी एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा, मुखिया, ग्राम प्रधन, वार्ड सदस्य, पीएलवी लता कुमारी, युधिष्ठिर महतो, प्रीति कुमारी, सीमा कुमारी संगे आउर अदमीमन पहुंचल रहयं। ई अवसर में डिप्टी एलएडीसी कहलयं कि झारखंड उच्च न्यायालय आउर डालसा कर तहत समाज कर वंचित बर्ग के स्वास्थ्य आउर कानूनी लाभ पहुंचायेक ले ई प्रोजेक्ट के चलाल जायेला। ई जोजना कर उद्देस बिसेस रूप से एससी, एसटी बरिष्ठ नागरिक, महिला आउर छउवामन तक बुनियादी स्वास्थ्य सुबिधा पहुंचायेक हय। ई प्रोजेक्ट कर अंतर्गत जिला कर बिभिन्न परखंड में विधिक सेवा ससक्तीकरन सिबिर आयोजित करल जायेला।

श्री सिन्हा ई भी कहलयं कि इ सिबिरमन में स्वास्थ्य बिभाग कर सहजोग से मुफ्त स्वास्थ्य जांच, परामर्स, दवा बितरन आउर सरकारी स्वास्थ्य जोजना कर लाभ सीधे मौका में देवल जायेला। ऊ नालसा टॉल फ्री नम्बर 15100 उपरे भी परकास डाललयं। इकर अलावा डालसा टीम द्वारा बाल बिहा, बाल श्रम, ह्यूमन ट्रेफिकिंग, डायन प्रथा, घरेलू हिंसा, नसा मुक्ति, स्पॉन्सरसिप, जमीन मामला, सरकारी जोजना, सड़क दुर्घटना, लोक अदालत आदि कर बारे में जानकारी सउब के देल गेलक। डालसा कर पीएलवी 12 सितंबर के होवेक वाला राष्ट्रीय लोक अदालत कर भी जानकारी देलयं। अंत में डालसा कर कार्जरत पीएलवी कर द्वारा पम्पलेट आउर लिफलेट बांटल गेलक। कांके परखंड सभागार में डालसा कर सहजोग से एनएसयूआरएल, कांके कर दन से क्लाइंट काउंसेलिंग कर कार्जकरम आयोजित करल गेलक। ई अवसर में डिप्टी एलएडीसी कविता खाती, पीएलवी शारदा देवी, देवंती देवी, सरिता देवी, भानु देवी, संगीता देवी, मालती देवी, बबीता कुमारी, राजेंद्र महतो, फुलेश्वरी देवी संगे चालक राजा वर्मा पहुंचल रहयं।

### नालसा टॉल फ्री नम्बर 15100 उपरे भी परकास डालल गेलक











# सरला बिरला पब्लिक इस्कूल कर समर कैंप एक्स्ट्रावैगेंजा 2026 कर समापन

**बिद्यार्थीमन आकरसक योग प्रस्तुति देइ के सउब के करलयं मंत्रमुग्ध**

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक इस्कूल में चलेक वाला चाइर दिनक आवासीय समर कैंप एक्स्ट्रावैगेंजा 2026 कर समापन 14 मई के भेलक। ई कैंप बिद्यार्थीमनके सीखेक, आत्म-अभिबेक्ति, अनुसासन आउर नवा प्रतिभा के चिन्हेक कर अनूठा अवसर परदान करलक। समापन समारोह में बिद्यार्थीमन द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्जकरम, कलात्मक प्रस्तुति आउर अनुभव गोटा आयोजन के याइदगार बनाय देलक। कार्जकरम कर सुभारंभ गोतियामन कर सोवागत आउर प्रेरनादायी प्रार्थना से भेलक। समारोह में संस्कृति, स्वास्थ्य आउर नवाचार कर सुंदर संगम देखेक ले मिललक। बिद्यार्थीमन योगा ओडिसी कर अंतर्गत आकरसक योग प्रस्तुति देइ के सउब के मंत्रमुग्ध कइर देलक।

हुवें पंचतत्व नाव कर समकालीन नृत्य प्रस्तुति कर माध्यम से प्रकृति कर पांच तत्वर कर सामंजस्य के परभावसाली ढंग से देखाल गेलक। मंत्रा टू मशीन सीर्सक प्रस्तुति में परंपरा से आधुनिक तकनीक तक कर जातरा के ऊर्जा आउर सृजनात्मकता कर संगे मंच में प्रस्तुत करल गेलक।

कार्जकरम में आवासीय सिबिर कर दौरान बिद्यार्थीमन द्वारा तैयार करल गेल मंडला आर्ट आउर पॉटरी कलाकृति कर परदरसनी भी बिसेस आकरसन कर केंद्र रहे। बिद्यार्थीमन कर कलात्मक सोच आउर सृजनात्मकता आवल सउब केऊ के परभावित करलक। समारोह कर सउबसे भावुक छन कैंपर्स रिफ्लेक्शंस रहे, जेकर में बिद्यार्थीमन सिबिर से जुड़ल आपन अनुभव, सीख आउर यादगार पल के साझा करलयं। बिद्यार्थीमन बतालयं कि ई समर कैंप उनकर में आत्मबिस्वास, टीम भावना, सृजनात्मकता आउर आत्मनिर्भरता कर बिकास करलक। कार्जकरम कर समापन आरोहण नाव कर औपचारिक समापन प्रस्तुति आउर सानदार ड्रोन सो कर संगे भेलक, जे गोटा समारोह के भब्यता आउर रोमांच से भइर देलक। प्राचार्या श्रीमती मनीषा शर्मा कहलयं कि एक्स्ट्रावैगेंजा 2026 कर उद्देस बिद्यार्थीमन कर समग्र बिकास के कछा-कछ कर सीमा से आगे बढ़ायेक हय। ऊ कहलयं कि ई पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 कर भावना कर अनुरूप बिद्यार्थीमन कर सर्वांगीन बिकास के प्रोत्साहित करेला।







# उपायुक्त करलयं भंडरा परखंड में बिभिन्न जोजना कर निरीछन

## सरकार कर जोजना कर बेहतर कार्यान्वयन कर निरदेस




प्रातः नागपुरी संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त संदीप कुमार मीना बिफे के भंडरा परखंड में प्राथमिक बिद्यालय, आंगनवाड़ी केंद्र, जनबितरन परनाली दुकान, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, तालाब जीर्णोद्धार, नंदिनी डैम में मत्स्यपालन आदि कर निरीछन करलयं। आवसक निरदेस संबंधित बिभाग के देलयं। भंडरा परखंड कर टेंगरा टोली में उपायुक्त राजकीयकृत प्राथमिक बिद्यालय कर निरीछन करलयं। इकर में ऊ मेनू कर अनुसार मध्याह्न भोजन, रसोईघर कर साफ-सफाई, नामांकित छउवामन कर संख्या, छउवामन कर उपस्थिति, सिछकमन कर उपस्थिति, पठन-पाठन कर गुनबत्ता कर आदेस देलयं। अंचल अधिकारी के बिद्यालय कर भूमि कर सीमांकन कर निरदेस देलयं। उपायुक्त सछम आंगनवाड़ी केंद्र में पंजीकृत छउवामन आउर उपस्थिति कर अवलोकन करलयं। छउवामन ले केंद्र में उपलब्ध सारीरिक उंचाई आउर वजन मापक यंत्र, छउवामन के मिलेक वाला भोजन आउर मेनू कर अनुसार मिलेक वाला भोजन, आंगनवाड़ी केंद्र में धात्रि माता, लाभुकमन कर घर कर नियमित भिजिट, पंजीकृत गर्भवती महिलामन कर संख्या, बगरा कुपोसित छउवामन कर पहचान आदि कर जानकारी प्राप्त करलयं।

3 से 6 बछर कर छउवामन के नियमित रूप से मूलभूत सिछा देवल जायेक कर निरदेस सेविका के देलयं। नियमित रूप से छउवामन कर वजन आउर लंबाई कर मापी करूवायेक, आंगनवाड़ी केंद्र में खिलौना उपलब्ध करुवायेक कर आदेस देल गेलक। उपायुक्त सेंगरटोली कर गंगा महिला मंडल जनबितरन परनाली दुकान कर निरीछन करलयं। ऊ पीला कार्ड, गुलाबी कार्ड, हरा कार्ड आउर सफेद कार्ड कर लाभुकमन कर जानकारी प्राप्त करलयं। स्टॉक पंजी कर जांच करलयं। उपायुक्त जनबितरन परनाली दुकान द्वारा खाद्यान्न कर करल गेल उठाव आउर बितरन कर जानकारी प्राप्त करलयं। महिला मंडल के आदेस देलयं कि केऊ भी इस्थिति में लाभुकमन ले निर्धारित खाद्यान्न कर मातरा में कटौती नी करल जाए। उपायुक्त धोती/लुंगी आउर साड़ी वितरण योजना में बितरन कर इस्थिति कर भी जांच करलयं।

उपायुक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भण्डरा कर निरीछन करलयं। आयुष्मान भारत योजना से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले फण्ड जनरेट कर आदेस देलयं। आयुष्मान भारत में मिलेक वाला रासि कर उपजोग ले बेहतर कार्ययोजना बनाऊ । जे मरीज सीएचसी में भर्ती होवत हयं आउर ऊमन राशन कार्ड से आच्छादित हयं तो उनकर आयुष्मान कार्ड जरनेट करल जाए ताकि मरीज आयुष्मान कार्ड से इलाज कर लाभ लेइ सकयं।

उपायुक्त भंडरा परखंड में इस्थित नंदिनी डैम कर निरीछन करलयं। मत्स्यपालन योजना कर निरीछन करलयं। जिला मत्स्य पदाधिकारी के डैम में केज कर संख्या बढ़ायेक ले आवसक कार्रवाई कर आदेस देलयं। उपायुक्त द्वारा मत्स्यजीवी सहयोग समिति द्वारा मत्स्यपालन कर काम, उत्पादन, उत्पादन से होवेक वाला आय कर जानकारी प्राप्त करलयं। संगे जिला खेल पदाधिकारी के डैम में पर्यटन कर संभावना के बढ़ावा देवल जायेक ले आवसक कार्रवाई कर आदेस देल गेलक। उपायुक्त जिला कर वरीय पदाधिकारीमन कर संगे नौका विहार कर आनंद भी लेलयं। निरीकछन में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, परियोजना निदेशक आइटीडीए सुषमा नीलम सोरेंग, जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनीष कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी मोहितोष पांडेय, जिला मत्स्य पदाधिकारी प्रिसेती भार्गवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, अंचल अधिकारी दुर्गा कुमार संगे आउरमन भी पहुंचल रहयं।





मुद्रक व प्रकाशक नीलम सिंह द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : रतनलाल अग्रवाल, **एग्जीक्यूटिव एडिटर** : शिव कुमार सिंह, **स्टेट ब्यूरो हेड** : कुमार राजेश। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ई-मेल आईडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com